चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081
गुरुवार, 11 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-75, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये
www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 16
मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 15

बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

रीता बहुगुणा, केशरी देवी व वीरेंद्र मस्त को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले

मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।

सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को ईद-उल-फितर की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 11 अप्रैल (गुरुवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अप्रैल (शनिवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

एक नजर

सीएसजेएमयू के कुलपति का कार्यकाल बढ़ा

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक का कार्यकाल बढ़ गया है। विवि की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलपति का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 11 अप्रैल को खत्म हो रहा है। बुधवार को इसके लिए पत्र जारी किया गया है।

बम विस्फोट में दो जवान और जेसीबी चालक घायल

बीजापुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर प्रेशर बम में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के दो जवान और एक जेसीबी चालक घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में इतावर गांव में प्रेशर बम फटने से एसटीएफ के दो जवान शिवलाल मंडावी और मिथलेश मरकाम घायल हो गए हैं। दल इतावर गांव के करीब था तब जवानों का पैर प्रेशर बम के संपर्क में आ गया। जिससे वह घायल हो गए।

सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी रामदेव की माफी, कहा-गलती पकड़ी... तब आए

कड़ी टिप्पणी- हल्के में न ले लाइसेंसिंग प्राधिकरण, बखिया उधेड़ देंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कारण बताओ नोटिस के बाद भी कोर्ट में पेशी से बचने का किया प्रयास
- मामले की अगली सुनवाई के लिए16 अप्रैल की तारीख तय

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया, कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण के प्रति अप्रसन्नता जताते हुए कहा, हम यह जानकर चकित हैं कि फाइलों को आगे बढ़ाने के अलावा राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कुछ नहीं किया और वह चार-पांच साल से इस मुद्दे को लेकर गहरी नींद में था। न्यायालय ने प्राधिकरण की ओर से उपस्थित राज्य के अधिकारी से इस निष्क्रियता का कारण पूछा। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की माफी को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा, हम इस मामले में इतना उदार नहीं बनना चाहते। उसने कहा, हमें लगता है कि गलती पकड़े जाने पर और खुद को अप्रिय स्थिति में पाने पर यह माफीनामा दिया गया। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, हम इसे स्वीकार करने या माफ करने से इनकार करते हैं। हम इसे आदेश का जानबूझकर किया गया उल्लंघन और वचनबद्धता का उल्लंघन मानते हैं...।'' रामदेव और बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों के असर के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में ''बिना शर्त माफी'' मांगी थी। उच्चतम न्यायालय में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी।

अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली। एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी

- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

पेपर लीक मामले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स से निकलवाया था प्रश्नपत्र

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया, जिसके बाद एसटीएफ ने मामले का खुलासा किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है।

मेरठ एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि अत्री की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पेपर लीक कराने का पूरा खेल रवि ने ही खेला है। बिंदुवार पूछताछ करने पर मामले में शामिल सभी आरोपियों के नाम सामने आए।

ईद पर प्रदेश में 37018 ईदगाहों मस्जिदों में अदा होगी नमाज

लखनऊ। नवरात्रि और ईद-उल-फितर का त्योहार एक साथ पड़ने के कारण यूपी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर सक्रिय हो गई। प्रदेश में कुल 37,018 ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी। ईद-उल-फितर के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त जिलों में 2,912 संवेदनशील स्थान और हॉट- स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत पुलिस व्यवस्था की गई है। पुलिस मुख्यालय स्तर से 241 कम्पनी पीएसी, तीन कम्पनी एसडीआरएफ, आठ कम्पनी एसएसएफ तथा 229 कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में व्यवस्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यालय स्तर से दो अपर पुलिस अधीक्षक व छह पुलिस उपाधीक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। एडीजी, कानून व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार ईद पर्व को लेकर जनपदों में पीस कमेटी, धर्म गुरुओं, धर्मस्थलों के प्रबन्धकों, संभ्रांत नागरिकों द्वारा संवाद करने के लिए 2,403 गोष्ठियां आहूत की जा चुकी हैं।

राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

मंत्री पद से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी में अनुसूचित जाति के लोगों की हो रही है उपेक्षा

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए।

समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।

भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

ईडी जल्द ले सकती है नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को कब्जे में

नई दिल्ली, एजेंसी : पीएमएलए निर्णायक प्राधिकरण ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन मामले में कांग्रेस से जुड़े नेशनल हेराल्ड अखबार और उससे संबद्ध कंपनियों की लगभग 752 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की के आदेश को बुधवार को बरकरार रखा। इस फैसले से ईडी के संपत्ति को अपने कब्जे में लेने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई चल संपत्ति और 'इक्विटी' शेयर अपराध से अर्जित कमाई है और धन शोधन के अपराध से संबंधित हैं। ईडी अब दिल्ली में आईटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई, लखनऊ और कुछ अन्य स्थानों पर भूखंड और भवन जैसी संपत्तियों को अपने कब्जे में ले सकती है। अदालत द्वारा अभियोजन पक्ष (ईडी) के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद इन संपत्तियों की अंतिम कुर्की की जा सकती है। ईडी ने पिछले साल नवंबर में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडियन के खिलाफ पीएमएलए के तहत अनंतिम कुर्की आदेश जारी करके इन संपत्तियों को कुर्क किया था।

आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

जिसके नाम से लगता था कर्फ्यू, ऐसा रगड़ा कि पैंट गीली हो गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मेरठ

- मेरठ की रैली में बोले- निर्दोषों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार के दौरान एक दुर्दांत माफिया ऐसा था, जो चलता था तो मुख्यमंत्री हों या मुख्य न्यायाधीश, इन सबके काफिले रुक जाते थे और केवल उसका काफिला निकलता था। मगर जब हमने रगड़कर उसे कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया तो उसकी पैंट गीली हो गई थी। तब हमने उसे कहा था कि कानून को रौंदने वाले कानून कितना बड़ा है, ये अहसास हो रहा है कि नहीं। निर्दोष लोगों को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिल पाएगी।

बुधवार को मेरठ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि पश्चिमी उप्र. में जिन लोगों की गर्मी शांत कर दी गई है, उन्हें दोबारा गर्म नहीं होने देना है। योगी की जनसभा को लेकर भाजपा से यहां साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छा नेतृत्व देश को जहां बुलंदियों पर ले जाता है वहीं गलत हाथों में सत्ता देने से दरिद्रता आती है।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी संजीव बालियान के पक्ष में जनता से वोट की अपील करते हुए योगी ने कहा कि पश्चिमी उप्र. में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां जो लोग गुमराह करने आ रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने संगीत सोम और संजीव बालियान को जेल में डाल के यहां की जनता को कर्फ्यू में झोंकने का काम किया था। दंगा पॉलिसी चलाने वालों ने यहां के युवाओं पर झूठे मुकदमे दर्ज करके उनके जीवन को निगलने की कोशिश की थी, हमें उन्हें माफ नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, मगर कभी विदेशी हुकूमत के सामने सिर नहीं झुकाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई माई का लाल आपका बाल भी बांका नहीं कर सकता, क्योंकि सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था कर दी गई है। आज बड़े बड़े माफिया और आतंकवादियों की कैसी दुर्गति हो रही है, सबको पता है। पहले जिनके नाम से ही कर्फ्यू लग जाया करता था, आज उनकी स्थिति हर कोई जानता है।

कोई बकबक करता है तो मिर्च का झोंका लगा देते हैं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठुआ (जम्मू) में एक जनसभा में कहा कि हमने स्वतंत्र भारत में हमेशा एक ही धर्म माना, वह है राष्ट्रधर्म। राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। मेरी व्यक्तिगत आस्था कुछ भी होगी, यदि वह राष्ट्र के मार्ग में बाधक है तो उसे दरकिनार कर दिया जाएगा। मेरे लिए देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता व अखंडता सर्वोपरि है। योगी ने कहा कि पहले लोग खुद को हिंदू बोलने में भी संकोच करते थे। अयोध्या का नाम लेने में लोग डरते थे। अब मैं जनआस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। हम उप्र. में कोई संकोच नहीं करते हैं। वहां कोई दंगा करता है तो उल्टा लटकाकर टांग देते हैं। बहुत ज्यादा कोई बकबक करता है तो नीचे से मिर्च का झोंका लगा दिया जाता है, सारी भो-भो ठीक हो जाती है।

नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए बन रही योजना

अमृत विचार, लखनऊ : नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए नगर विकास विभाग में महत्वपूर्ण कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। इनमें गंदे नालों को एसटीपी द्वारा शोधित किए जाने से लेकर शारदा नहर और कुकरैल नदी को हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए उपाय किए जाएंगे। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव, अमृत अभिजात की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एक बैठक में इस पर गंभीरता से चर्चा की गई और कार्ययोजना को लागू किए जाने पर सभी संबंधित विभागों की राय ली गई। बैठक में मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल, जिलाधिकारी, लखनऊ, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, प्रबंध निदेशक, उप्र. जल निगम (नगरीय), नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ समेत विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गंदे नालों के पानी को किया जाएगा स्वच्छ

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि बैठक में नदियों के प्रदूषण को कम करने और हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। इसमें पहले, नदियों के प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जाएंगे। इनमें गंदे नालों को एसटीपी द्वारा शोधित कर छोड़ा जाएगा।

कुकरैल तटबंध और नाइट सफारी पर भी जोर

बैठक में कुकरैल नदी के तटबंध को हरियाली युक्त पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए भी चर्चा की गई। इस बारे में मंडलायुक्त से चर्चा की गई कि कुकरैल नदी के उद्गम स्थल से तीन किलोमीटर तक के सभी जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जाए ताकि नदी का प्रदूषण कम हो सके। इस संयुक्त पहल के अलावा, बैठक में कुकरैल नाईट सफारी और कुकरैल तटबंध को जनहित में बढ़ावा देने के लिए भी चर्चा की गई।

बेहतर तकनीक से विदेश तक सुरक्षित पहुंचेगा आम

सीआईएसएच विधि से ज्यादा दिनों तक सुरक्षित रहेगा आम, निर्यात के लिए कराया जाएगा एमओयू

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश से आम का निर्यात करने में मैंगो पैक हाउस लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) का सहयोग लेगा। यहां के विज्ञानी आम को ज्यादा दिन सुरक्षित रखने की तकनीक पैक हाउस के साथ बागवानों और निर्यातकों को बताएंगे। इनकी विधि से निर्यात के लिए कच्चा आम करीब 20 दिन तक नहीं पकेगा। जो खास पैकिंग और परिवहन से विदेश सुरक्षित पहुंचेगा। 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम के दौरान विज्ञानी विधि साझा करेंगे। इसमें लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, उन्नाव, हरदोई समेत कई आम पट्टी जिलों के बागवानों के साथ मुंबई, गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों से निर्यातक भी आएंगे। दोनों के बीच निर्यात के लिए एमओयू कराया जाएगा।

▸▸ गुणवत्ता सुधार के साथ पैकिंग व परिवहन का सिखाया जाएगा तरीका

प्रदेश से आम का निर्यात
(आंकड़े मीट्रिक टन में)

2018	456
2019	841
2020	388
2021	434
2022	769

एक हजार टन निर्यात का लक्ष्य : मैंगो पैक हाउस कई देश में एक हजार टन आम भेजेगा। शुरुआत दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी से होगी। यहां हर वर्ष आम भेजने के दौरान रास्ते में पक जाता है या फिर प्रसंस्करण व पैकिंग के दौरान इस तरह की समस्या आने पर वापस कर दिया जाता है। इन्हीं कारणों से दो साल से पैक हाउस मांग के अनुसार निर्यात नहीं कर पा रहा है। इस बार यह समस्या न आए इसलिए पैक हाउस हर तरह के प्रयास कर रहा है।

> इस बार सीआईएसएच की मदद से आम का निर्यात करेंगे। इनकी विधि से ज्यादा दिन तक आम सुरक्षित रहेगा और आसानी से देशों में पहुंचेगा। साथ ही दशहरी के लक्ष्य की पूर्ति के लिए उन्नाव से आम खरीदकर निर्यात करेंगे।
>
> –अकरम बेग, जीएम, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ

मलिहाबादी संग उन्नाव के दशहरी का स्वाद चखेंगे विदेशी : विदेश के लोग मलिहाबादी के साथ उन्नाव का दशहरी आम भी चखेंगे। निर्यात पूरा करने के लिए मैंगो पैक हाउस इस बार उन्नाव के हसनगंज और सफीपुर आम पट्टी से दशहरी उद्यान विभाग के सहयोग से देशों में भेजेगा। दोनों जगह से 400 टन दशहरी निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है। 40 से 45 बागवानों को ऑर्डर भी लिए हैं। क्षेत्र में आम की गुणवत्ता सुधारने पर काम चल रहा है। कटी-रोग से बचाने के लिए बागवान आम की बैगिंग करेंगे।

खनन निदेशालय में कैसे लगी आग, एसटीएफ करेगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने एसटीएफ को दिए जांच के निर्देश

अमृत विचार : खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने की वजह का पता अब एसटीएफ लगाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसटीएफ को इस प्रकरण की जांच सौंपी गई है। एसटीएफ ने तत्काल एसपी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी है।

दरअसल, आशंका जताई जा रही है कि सुनियोजित साजिश के तहत आग लगाई गई, जिसकी वजह से कई महत्वपूर्ण फाइलें नष्ट हो गई। वहीं, दूसरी ओर खनन निदेशक माला श्रीवास्तव ने इस मामले की जांच के लिए आंतरिक समिति का गठन भी किया है। उन्होंने संयुक्त निदेशक नवीन दास के नेतृत्व में जांच समिति गठित की है। खनन निदेशालय में मंगलवार को आग लगने से इमारत का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। दमकल की चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से भूतल का एक कमरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसमें रखी फाइलें भी नष्ट हो गई थीं। हालांकि खनन निदेशक ने बताया था कि अलमारियों में रखी फाइलों को नुकसान नहीं पहुंचा है। हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। वहीं, अग्निशमन विभाग भी आग लगने की जांच कर रहा है।

ड्रग माफिया तैमूर की गिरफ्तारी व समर्पण पर एसटीएफ की नजर

दिल्ली पुलिस के कुछ अफसरों की मिलीभगत से तैमूर कर रहा खेल

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : बरेली के ड्रग माफिया तैमूर उर्फ भोला की अक्सर होने वाली गिरफ्तारी और अदालतों में स्वयं से समर्पण करने जैसी गतिविधि पर एसटीएफ ने नजरें गड़ा दी हैं। एसटीएफ तैमूर की गिरफ्तारी और समर्पण दोनों को सुनियोजित मान रही है। तैमूर उर्फ भोला स्मैक का काला कारोबार तो बरेली और आसपास के जिलों में करता है, लेकिन अक्सर उसकी गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस करती है। दिल्ली पुलिस ने तैमूर पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर रखा था।

सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के कुछ अफसरों के वरदहस्त पर तैमूर यह खेल कर रहा है। वह कई पुलिसकर्मियों के कमाई का जरिया बन चुका है। दिल्ली पुलिस के कुछ अफसर तैमूर की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार भी तैयार कर लेते हैं, जिससे सवाल नहीं उठता। हालांकि यूपी पुलिस ने भी तैमूर पर 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। लेकिन, यूपी पुलिस जैसे ही सख्ती करती है, तैमूर सुनियोजित तरीके से दिल्ली की अदालतों में समर्पण कर देता है। सूत्रों का कहना है कि कई बार यूपी पुलिस की कार्रवाई से पहले ही दिल्ली पुलिस द्वारा तैमूर को गिरफ्तार कर लिया जाता या फिर दिल्ली की अदालत में तैमूर स्वयं समर्पण कर देता है। तैमूर की गिरफ्तारी और अदालतों में समर्पण का पूरा कच्चा चिट्ठा एसटीएफ कार्यालय में खंगाला जा रहा है। तैमूर ने बरेली सहित कई जिलों में स्मैक के कारोबार को फैला रखा है। उसपर लगातार सख्ती भी की जा रही है। लेकिन कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर एसटीएफ को संदेह है। ऐसे में एसटीएफ उस पर हो रही कार्रवाईयों का बिंदुवार अवलोकन कर रही है। आखिर तैमूर की कौन मदद कर रहा है, एसटीएफ इस दिशा पर भी काम कर रही है।

▸▸ तैमूर उर्फ भोला के खिलाफ अब तक हुई कार्रवाइयों से जुड़ी कुंडली खंगालने में जुटी है एसटीएफ

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी ईद पर बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि रमजान के पवित्र महीने के अंत में मनाए जाने वाला ईद का त्योहार समाज में प्रेम, करुणा, भाईचारा और उदारता का संदेश देता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सामाजिक सौहार्द और मानवता की सेवा के प्रति लोगों को प्रेरित करने वाला हो। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईद-उल-फित्र का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव व सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी को ईद की बधाई देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की।

भाजपा व बसपा छोड़ सपा में शामिल

विभिन्न दलों के नेताओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए अम्बेडकरनगर की जलालपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक सुभाष राय भाजपा छोड़कर और जलालपुर से ही विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी रहे राजेश सिंह अपने समर्थकों के साथ बुधवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। साथ में रामपुर के निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रपाल भी भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने शामिल होने वाले सभी नेताओं का स्वागत किया।

ट्रांसजेंडरों ने रैली निकालकर किया मतदान के लिए प्रेरित

लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह व जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर समिति की सदस्य गुड्डन द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप के तहत रैली निकाली गई और मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए ट्रांसजेंडरों ने रैली निकालकर लोगों को प्रेरित किया और मतदान के अधिकार बताए। खुद भी मतदान करने का संकल्प लिया।

बुधवार को राजधानी के डालीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह व जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर समिति की सदस्य गुड्डन द्वारा संयुक्त रूप से स्वीप के तहत रैली निकाली गई।

निराश्रित गोवंशों के 100 फीसदी ईयर टैग का दावा, आज से सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर देहात और मुजफ्फरनगर को छोड़कर बाकी जिलों ने 31 मार्च तक निराश्रित गोवंशों के 100 फीसद ईयर टैग करने का दावा किया है। इसका आज से प्रमुख सचिव के निर्देश पर अपर निदेशक सत्यापन करेंगे। निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. आरएन सिंह ने लखनऊ मंडल में अपर निदेशक डॉ. अवनीश भट्ट, अयोध्या डॉ. योगेंद्र कुमार पवार, आजमगढ़ डॉ. जीके सिंह, बस्ती डॉ. केदारनाथ कुशवाहा, गोरखपुर डॉ. मेमपाल सिंह, वाराणसी डॉ. शिव कुमार, मिर्जापुर डॉ. बीपी पाठक, प्रयागराज डॉ. राजेश कुमार, कानपुर डॉ. ललित कुमार वर्मा, झांसी डॉ. आनंद कुमार, चित्रकूट वीके सिंह, आगरा डॉ. राजीव सक्सेना, मेरठ डॉ. विवेक भारद्वाज, बरेली डॉ. संगीता तिवारी, मुरादाबाद डॉ. मदन पाल, सहारनपुर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, देवीपाटन डॉ. अरविंद कुमार सिंह व अलीगढ़ मंडल में डॉ. केपी सिंह नामित किया है। जो जिलों में औचक दो स्थाई व अस्थाई गोशाला के गोवंशों के ईयर टैग का सत्यापन कर 17 अप्रैल तक रिपोर्ट देंगे।

मतदाताओं को प्रलोभन में न लाने पाएं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कड़ाई से आचार संहिता का पालन कराने के दिए निर्देश

अमृत विचार : प्रदेश में मतदाताओं को प्रत्याशी किसी प्रलोभन में न लाने पायें। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाय। पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान के लिए पुख्ता तैयारी की जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में बीते दिन प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की कार्रवाई में 140.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नकदी जब्त की गई। एक मार्च से अब तक कुल 13455.90 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की गई है। इसमें 2244.44 लाख रुपये नकद, 3211.01 लाख रुपये कीमत की शराब, 5059.39 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1134.98 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ की अतरौलिया विधानसभा क्षेत्र में 33.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 134900 ग्राम ड्रग व बांदा की नरैनी विधानसभा क्षेत्र में 15.65 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 61625 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

आपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3947 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 21,48,229 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिनमें से 14,35,162 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

जेल से कब्रिस्तान पहुंचकर अब्बास अंसारी ने पढ़ी फातिहा

अमृत विचार, लखनऊ : बाहुबली मुख्तार अंसारी की मौत के बाद दसवें दिन बुधवार को उसके बेटे सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी ने गाजीपुर में कब्रिस्तान पहुंचकर फातिहा पढ़ी। सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बाद अब्बास शाम चार बजे कब्रिस्तान पहुंचा था। इस दौरान प्रशासन सतर्क रहा।

शाम 6 बजकर 17 मिनट पर आफ्तारी करने व नमाज पढ़ने के बाद वह शाम 7 बचकर 5 मिनट पर कालीबाग कब्रिस्तान गया। यहां पर लगभग 7 बजकर 20 मिनट पर फातिहा पढ़ी। इसके बाद गाजीपुर के लिए रवाना हुआ। फातिहा के समय सांसद अफजाल असारी, विधायक सुहैब अंसारी, मुख्तार अंसारी के छोटे पुत्र उमर अंसारी समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे। इसके बाद अब्बास अंसारी ने मौके पर मौजूद परिवारीजनों से भी मुलाकात की। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद फातिहा पढ़ने का कार्यक्रम था, जिसके तहत सुबह नगर की सभी मस्जिदों, मदरसों और आवास फाटक में कुरानख्वानी हुई, जिसमें कुरान पढ़ी गई। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। ड्रोन से निगरानी की जा रही थी।

मतदान के लिए 28,116 कर्मियों की लगी ड्यूटी

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी हॉल में रेंडमाइजेशन के तहत कर्मियों की ड्यूटी लगाते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 20 मई को होने वाले मतदान के लिए कार्मिकों की ड्यूटी का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कार्मिकों की ड्यूटी के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन किया। रेंडमाइजेशन में 28,116 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी संख्या बताकर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया को प्रारंभ किया। इस प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय (पुरुष), मतदान अधिकारी द्वितीय (महिला), मतदान अधिकारी तृतीय और माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी अचानक निर्धारित की गई। जिसमें 4769 पीठासीन अधिकारी, 4769 मतदान अधिकारी प्रथम, 16523 मतदान अधिकारी द्वितीय-तृतीय और 598 माइक्रो ऑब्जर्वर हैं। 173 विधानभा लखनऊ पूर्व के लिए 657 अतिरिक्त मतदान अधिकारी प्रथम, 800 अतिरिक्त मतदान अधिकारी तृतीय कुल 1457 अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी का रेंडमाइजेशन किया गया। इसके बाद 29 अप्रैल से कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

टोली बनाकर करें सरकार की योजनाओं का प्रचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों से वोट प्रतिशत बढ़ाने का किया आह्वान

अमृत विचार : भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि महिला मोर्चा पदाधिकारी बूथ और मंडल स्तर पर टोली बनाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करें। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में वोट प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया।

द्विवेदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया। महिलाओं को भविष्य में ऐसे अवसर मिलते रहें, इसलिए महिला मतदाताओं को भी भाजपा में पक्ष में वोट डालने को प्रेरित करें। वहीं युवा मोर्चा पदाधिकारी युवा चौपाल, 'एक बूथ पर टेन यूथ' लगाए और हर वार्ड में युवा सम्मेलन आयोजित करें। भाजपा नेता नीरज सिंह ने युवाओं का सामर्थ्य और सेवा भाव देश एवं समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, लोकसभा प्रभारी रमा सिंह, चेतना पांडेय, रीना चौरसिया, अर्चना साहू और युवा मोर्चा बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अनुभव द्विवेदी, लोकसभा प्रभारी शिवेंद्र शाही, युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक गुप्ता, अमित त्रिपाठी आदि मौजूद रही।

वहीं दूसरी ओर महिला अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि नारी शक्ति सम्मेलन मध्य विधानसभा, पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा में किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री स्वाति सिंह, अर्चना साहू, अंशु मिश्रा, रानी सिंह, अपर्णा यादव, शिवा पांडे, मधु चौरसिया आदि मौजूद रहीं।

विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने के लिए करें मतदान

राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार के लिए राजधानी में विधायक पंकज सिंह ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहा, किसी के भी बहकावे में न आकर खुलकर भाजपा के पक्ष में करें मतदान

अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में हमारी पहचान को सुरक्षित और मंदिरों को संरक्षित कर समाज को जोड़ने का जो काम हो रहा है, वो आज से पहले हमारे देश में कभी नहीं हुआ। इसी का असर है कि विपक्षी भी मंदिर जा रहे हैं। विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने के लिए मताधिकार का प्रयोग करें।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने प्रबुद्ध वर्गों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में इन्वेस्टर्स आ रहे हैं और युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलने जा रहे हैं। इससे पहले की सरकारों में कभी ऐसे प्रयास नहीं हुए। उन्होंने कहा कि किसी के भी बहकावे में न आकर खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

विधायक पंकज सिंह बाबू बनारसी दास वार्ड पहुंचे। जहां चुटकी भंडार स्कूल के पास पार्षद आशीष कुमार हितैषी के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सुरेंद्र श्रीवास्तव, पार्षद सतीश साहू समेत भाजपा के बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख, नागरिकों से संवाद किया। व्यापारी नेता प्रभु जालान समेत अन्य व्यापारियों से भी बात की। इस दौरान संदीप अग्रवाल, विशाल मेहरोत्रा, शशिधर दूबे, अनिल अग्रवाल, श्याम कृष्णानी, अनिल बजाज, अमित गुप्ता आदि थे।

जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से संवाद करते भाजपा विधायक पंकज सिंह।

लोधी समाज ने राजनाथ को जीत दिलाने की भरी हुंकार

अमृत विचार, लखनऊ : आजादी के बाद 10 सालों में इतना बड़ा परिवर्तन देश ने देखा। भारतीय लोधी महासभा की ओर से विधायक पंकज सिंह का रघुवर पैलेस में स्वागत किया गया। पार्षद दीपक लोधी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोग भाजपा में शामिल हुए। लोधी समाज के पदाधिकारियों ने चुनाव में राजनाथ सिंह को बंपर जीत दिलाने की हुंकार भरी। लोधी समाज ने सांसद राजनाथ सिंह की जीत का नारा देते हुए कहा कि अबकी बार जीत होगी पांच लाख के लाख पार।

मायावती आज नागपुर में करेंगी चुनावी रैली

अमृत विचार, लखनऊ : राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान को गति प्रदान कर दी है, उक्त क्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती भी कल शुक्रवार से प्रचार अभियान की शुरुआत महाराष्ट्र के नागपुर में रैली से करेंगी, इसके बाद 15 व 22 अप्रैल को पश्चिम उप्र के पीलीभीत व नोएडा जिले में रैली को संबोधित करेंगी।

ईद के दिन चुनाव प्रचार में निकलने वाली मायावती ने एक तीर से दो तीर चलाए हैं, चुनाव प्रचार के साथ ही मुस्लिम समाज मतदाताओं को यह अहसास कराने का प्रयास करेंगी कि बसपा मुस्लिम समाज की सच्ची हितैषी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, मायावती का चुनाव प्रचार कार्यक्रम उप्र. और उत्तराखंड के अलावा उनकी महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान में भी रैलियों का भी है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
स्थानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

शहर में आज

- माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में जबलपुर के वरिष्ठ चित्रकार रघुवीर अम्बर की 23 कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी - 11:00 बजे।
- नटराज संगीत कला केंद्र द्वारा राज्य ललित कला अकादमी में पांच दिवसीय कला उत्सव कलावंतु का आयोजन - 11:00 बजे।
- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभाग में तबला विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला - 12:00 बजे।
- वास्तु खंड, गोमतीनगर में गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से 'नवधा भक्ति उत्सव' का आयोजन - 2:00 बजे
- तुलसी मंच, रामलीला मैदान में चैती महोत्सव की तीसरी संध्या पर गीत, नृत्य व नाटक का मंचन - 6.00 बजे।

8000 भवनों को जारी है सीलिंग-ध्वस्तीकरण की नोटिस

फाइल दबाए बैठे हैं एलडीए के अधिकारी और अभियंता, दबाव में खोल दी जाती है सील बिल्डिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में मानक विपरीत अवैध तरीके से बने करीब 8,000 भवनों को लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से पांच वर्षों में सीलिंग व ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी हो चुकी है।

एलडीए के सभी सात प्रवर्तन जोन में आवासीय भूखंडों पर कॉम्प्लेक्स, होटल, रेस्टोरेंट, अपार्टमेंट और शोरूम आदि खड़े हो गए हैं। इन पर कार्रवाई की फाइल एलडीए के प्रवर्तन जोन के अभियंता और अधिकारी दबाए बैठे हैं। इनमें से कई निर्माण ऊंची पहुंच वाले अधिकारियों, नेताओं और बिल्डरों के बताए जा रहे हैं। दबाव में एलडीए इन पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा। यदि प्राधिकरण की ओर से कार्रवाई शुरू भी की जाती है तो अधिकारियों के पास ऊपर से फोन आ जाते हैं। जिसके बाद बिल्डिंग की सील खोल दी जाती है। वहीं इस मामले पर जब संबंधित अधिकारियों से जानकारी की गई तो उन्होंने कुछ भी बताने से मना कर दिया।

सिफारिश पर अंसल एपीआई में खोली गई थी सील

अंसल एपीआई के सेक्टर बी में भूखंड संख्या सीबी/डी-2 पर लगभग 68,000 वर्गफिट भूमि पर 'वन प्लेस ग्रुप' द्वारा निर्माणाधीन 'द फतेह रीजेन्टा' में मानक विपरीत व्यावसायिक निर्माण हो रहा है। इसे प्राधिकरण पहले सील भी कर चुका है। सिफारिश के बाद इसकी सील खोली गई थी। मंगलवार को प्रवर्तन जोन के अभियंताओं ने इसे दोबारा सील कर दिया।

कार्रवाई का तरीका बदला, माफिया रहे निशाने पर

लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने पिछले तीन वर्षों में अवैध रूप से किए गए निर्माणों पर कार्रवाई का तरीका बदल दिया है। एक ओर से इन निर्माणों पर कार्रवाई से आम जनता भी प्रभावित हो रही थी। एलडीए के अभियंताओं ने ऐसा रास्ता निकाल लिया जिससे सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से लेकर अवैध रूप से किए गए निर्माण पर सख्त कार्रवाई के मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर एलडीए के अधिकारियों और अभियंताओं ने माफिया के अवैध रूप से किए गए निर्माण सील करने के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

अभियंता नोटिस काटकर करते हैं बचाव

एलडीए के प्रवर्तन जोन में तैनात अभियंताओं की नजर से क्षेत्र में मानक विपरीत हो रहे निर्माण बच नहीं पाते। अपने बचाव में अभियंता भवन स्वामी को तुरंत नोटिस जारी कर देते हैं। जिससे कार्रवाई भी हो जाती है और कार्रवाई की आंच भी नहीं आती है। इसके बाद अवैध रूप से निर्माण कराने के लिए डीलिंग शुरू हो जाती है। बिल्डर या भवन स्वामी से बातचीत हो जाने के बाद अभियंता उस गली की ओर देखने तक नहीं जाते। कुछ समय में ही मानक विपरीत बन रही बिल्डिंग का काम पूरा हो जाता है। काम पूरा हो जाने के बाद सीलिंग और ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी हो जाती है।

आशियाना में केके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को आशियाना के भदरूख में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाए गए केके शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो देवांश त्रिवेदी ने बताया कि छितेश्वर व हितेश्वर तिवारी द्वारा आशियाना के सेक्टर एल में खसरा संख्या-159क, खजाना मार्केट चौराहे पर प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक को कवर्ड करते हुए केके कॉम्पलेक्स नाम से व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है।

प्रकरण में प्राधिकरण के विहित न्यायालय से ध्वस्तीकरण का आदेश पास है। इसके विरुद्ध विपक्षी ने शासन में पुनरीक्षण वाद दाखिल कर रखा है। प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण करने पर बिल्डर द्वारा परिसर में चोरी-छिपे निर्माण व फिनिशिंग का कार्य होते हुए पाया गया। जिस पर बिल्डिंग को सील किए जाने का आदेश पास किया गया था।

आशियाना में मानचित्र के विपरीत बन रहे कॉम्प्लेक्स को सील करती एलडीए की प्रवर्तन टीम। अमृत विचार

▸▸ मानचित्र के विपरीत किया गया था निर्माण, चोरी छिपे की जा रही थी फिनिशिंग

सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से शॉपिंग कॉम्पलेक्स को सील करते हुए पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

धूप-छांव के बीच चढ़ा मौसम का पारा

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ और आसपास इलाकों में मौसम लगातार बदलाव ला रहा है। बुधवार को भी दोपहर बाद धूप-छांव का देर तक खेल चला। मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दो दिनों में आंधी और चमक के साथ बारिश हो सकती है। फसलों को लेकर भी सचेत रहने की चेतावनी दी गई है। बुधवार को दोपहर तक धूप में तपिश थी। सायंकाल पूर्व कुछ देर तक बादल छाए रहे। लेकिन तापमान में कोई खास अंतर नहीं पड़ा। दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट देखने को मिली। लखनऊ में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दो दिनों के भीतर आंधी और चमक के साथ बारिश की संभावना हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, बदली छाए जाने के बावजूद तापमान में खास बदलाव देखने को नहीं मिला। दो दिनों के भीतर तेज हवाएं अथवा आंधी आ सकती है। ऐसे चमक और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। मौसम वैज्ञानिक ने आवाजाही के साथ खेतों की फसलों को लेकर खास सतर्कता बरतने की बात कही है।

अकबर नगर : 700 विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पहले चरण में अकबर नगर के 700 विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने की तैयारी पूरी हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण इन्हें हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटन करने जा रहा है।

बुधवार से प्राधिकरण ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही इन्हें आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। इनमें से कुछ विस्थापितों को मुफ्त, वहीं अधिकांश लोगों को 10 वर्षों की आसान किश्तों पर प्रधानमंत्री आवास दिए जाएंगे। एलडीए ने अकबर नगर के 856 विस्थापितों को ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी की थी। इनमें से 700 विस्थापितों के आवेदन पत्र सर्वे में सही पाये गए हैं। कुकरैल बंधे व नदी की भूमि पर अवैध तरीके से बने लगभग 1200 मकानों, कॉम्प्लेक्स, शोरूम और दुकानों को एलडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया था। न्यायालय के निर्देश पर इन्हें एलडीए प्रधानमंत्री आवास देगा। इसके लिए एलडीए ने 31 मार्च तक अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में शिविर लगाकर पंजीकरण कराया था। जिसमें कुल 1700 लोगों ने आवेदन किया था। ज्यादा आवेदन आने के बाद जिन लोगों ने आवेदन करते समय नोटिस की कॉपी नहीं लगाई थी, एलडीए ने उनका सर्वे कराने का निर्णय लिया था। एक सप्ताह से अकबर नगर में सर्वे चल रहा है।

▸▸ एलडीए ने शुरू की प्रक्रिया

▸▸ जल्द जारी करेगा आवंटन पत्र

आमजन को चुभने लगी है सोने की चमक

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वैश्विक पटल पर उथल-पुथल और विभिन्न देशों के भंडारण से बढ़ती सोने की चमक अब आमजनों को चुभने लगी है। शादी-ब्याह में शगुन और उपहार के लिए खरीदे जाने वाले जेवरात की खरीदारी अब आमजन के बजट और जेब पर भारी पड़ती नजर आ रही है। नतीजा बाजार के कुछेक शोरूम को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश में रोजमर्रा का ग्राहक नदारद है वह भी तब, जब सहालग शुरू होने के चंद दिन ही बचे हैं।

लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव

माह मार्च	सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम जीएसटी समेत)
31 मार्च	70,500
01 अप्रैल	71,500
06 अप्रैल	72, 800
08 अप्रैल	73,500
10 अप्रैल	74,100

नोट- यह आंकडे इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें जीएसटी जुड़ी है।

वर्षों की कौन कहे दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपने सर्वोच्च ऊंचाईयों पर है। सर्राफा पटल पर इन दोनों धातुओं की बढ़ती चमक से आमजन और दुकानदार दोनों हैरान हैं। सोना जहां 74 हजार का आंकड़ा पार करते हुए 74,100 रुपया प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया है। तो चांदी भी 84 हजार से पार निकलती हुई 84,200 रुपये प्रति किलो से आगे निकल आई है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

▸▸ सोना 74 हजार के पार तो चांदी 84 हजार के पार पहुंची

▸▸ बढ़ते रेट से रोजमर्रा के ग्राहक बाजार में होने लगे कम

"सोने की चमक से अब न केवल बाजार की, ग्राहकों की आंखें को चुभ रही है। यही वजह है कि पुराने और बडे शोरूम में कुछेक ग्राहक दिख रहे हैं। पूरे बाजार में खरीदारों की उपस्थिति नहीं है। वैश्विक अनिश्चितता से आमजन खरीदारी के बारे में सोच नहीं पा रहा है। सहालग शुरू होने वाली है ऐसे में खरीदार अपने बजट को देख रहा है।

-सिद्धार्थ जैन, व्यापारी, चौक सर्राफा

"सर्राफा बाजार चर्मोत्कर्ष पर है। यह सही है कि अब बाजार में आम ग्राहक कम है। सोने और चांदी की कीमतों को देख वह खरीदारी के लिए निर्णय नहीं ले पा रहा है। ऐसे में खरीदार सहालग शुरू होने के दौर में भी बाजार में दिख नहीं रहा है। जो भीड़ होनी चाहिए सर्राफा मार्केट में नहीं है। स्वर्ण भंडार बढ़ाने को लेकर चल रहे प्रयास बाजार को शिखर तक ला चुके हैं। सोना और चांदी अपने उच्चतम स्तर पर है।

-विनोद महेश्वरी, प्रदेश संयोजक, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन

"वैश्विक उथल-पुथल और चीन, रूस, भारत समेत विभिन्न देशों के स्वर्ण भंडार बढ़ाने को लेकर चल रही खरीद ने सोना और चांदी का भाव चरम पर पहुंचा दिया है। माल कम और ठोस खपत ज्यादा है। कीमतों के बढ़ने की एक यह भी प्रमुख वजह है। कई देश अपने कोष को स्वर्ण धातु से समृद्ध करते दिख रहे हैं ऐसे में निवेशक भी खरीदारी बढ़ा रहे हैं। कह सकते हैं कि फिजिकल गोल्ड खरीद के बजाए अब बडे बॉयर पेपर गोल्ड के माध्यम से फ्यूचर ट्रेडिंग की ओर बढ़ रहे हैं।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

किसके इशारे पर की जा रही सोना तस्करी, पता लगाने में जुटे अफसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 29 तस्करों के भागने के बाद से कस्टम के अधिकारियों की नींद उड़ी हुई है। अधिकारी इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि तस्करी में लगे लोग आखिर किसके लिए काम कर रहे हैं। साथ ही अधिकारी इस बात का पता लगाने में भी जुटे हैं कि विभाग में इनका मददगार कौन है।

बता दें कि एक अप्रैल को शारजाह से विमान संख्या 6ई-1424 एयरपोर्ट पर पहुंची थी। कस्टम विभाग की टीम ने उक्त विमान से आए 36 तस्करों को हिरासत में लिया था। इनमें 30 तस्कर पेट में सोना छिपाकर लाए थे। दो अप्रैल की शाम को 29 तस्कर भाग गए थे। तीन अप्रैल को जब तस्करों के भागने की सूचना पुलिस को दी गई तो मामले का खुलासा हुआ। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद से कस्टम और सीआईएसएफ दोनों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर डीआरआई और कस्टम की टीम यह जानने का प्रयास कर रही है कि तस्कर सोना और सिगरेट किसके लिए ला रहे थे। तस्कर आखिर किसके इशारे पर काम करते हैं। वहीं आईआरएस अधिकारियों की नई टीम गठित कर पड़ताल की जा रही है कि विभाग में तस्करों का मददगार कौन है।

▸▸ टीम इस बात का पता लगाने में भी जुटी है कि विभाग में कौन अधिकारी इनकी मदद कर रहा

लोगों को भा रही हवाई यात्रा, बढ़ रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हवाई सेवा के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तीन माह के भीतर ही यात्रियों की संख्या एक लाख से अधिक बढ़ गई। जनवरी से मार्च 2023 तक की अवधि में 15 लाख 63 हजार 631 लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के घरेलू टर्मिनल से प्रतिदिन लगभग 150 और 16 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन होता है। प्रतिदिन 20 हजार यात्री आते-जाते हैं। हवाई अड्डे पर 31 मार्च से नए टर्मिनल की भी शुरुआत हो गयी है। नवनिर्मित एप्रन यात्री बोर्डिंग गेट 7 से बढ़कर 13 और यात्री बोर्डिंग पुल 2 से बढ़कर 7 हो गये हैं। हवाई अड्डे पर सुविधा बढ़ने से यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इस वर्ष जनवरी में ही यात्रियों की संख्या 28 हजार से अधिक रही।

▸▸ पिछले वर्ष जनवरी से मार्च तक 15,63,631 लोगो ने विभिन्न देशों की सैर की

▸▸ जनवरी से मार्च 2024 तक यह आंकड़ा बढ़कर 16,68,469 हो गया

▸▸ एक लाख से अधिक बढ़ गई यात्रियों की संख्या

वर्ष/माह	यात्रियों की संख्या
जनवरी 23	5,20,718
फरवरी 23	5,10,139
मार्च 23	5,32,774

वर्ष/माह	यात्रियों की संख्या
जनवरी 24	5,48,853
फरवरी 24	5,37,986
मार्च 24	5,81,630

यात्रियों की लगातार बढ़ रही संख्या से आमदनी भी बढ़ रही है। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को हर सुविधा देने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से मार्च तक 1,04,838 अधिक यात्रियों को हवाई सेवा रास आई।

मैच कल, इकाना के आसपास के मुख्य मार्गों और शहीद पथ पर रहेगा रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियम लीग का तीसरा मैच शुक्रवार 12 अप्रैल को खेला जाएगा। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार ने बताया कि मैच होने के कारण इस दिन दोपहर 3 बजे से रात 12 बजे तक स्टेडियम के आसपास के मुख्य मार्गों और शहीद पथ पर डायवर्जन रहेगा। उन्होंने मैच वाले दिन स्टेडियम के आसपास रहने वाले लोगों से शाम 6 से रात 8 बजे तक आवाजाही से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया आकस्मिक सेवाओं के लिये वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा सकेगा। मैच के दौरान स्टेडियम से बाहर निकलने पर दोबारा अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

▸▸ दोपहर 3 से रात 12 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन

▸▸ रोडवेज व सिटी बसें भी बदले रूट से होंगी संचालित

सिटी बसें चलेंगी : मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी। यह बसें शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। सिटी बसें सड़क की दाईं ओर ही संचालित होंगी।

कैब की यह रहेगी सुविधा : सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर कैब चालक सवारी नहीं बैठाएंगे। एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी- 112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे और पीएचक्यू के सामने से जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की ओर जाएंगे।

दो पहिया वाहन यहां किए जाएंगे पार्कः दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुए प्लासियो माल के पीछे पार्क कराए जायेंगे।

यहां बैठा और उतार सकेंगे सवारियांः पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्राप स्टैंड होगा। यहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार और बैठा सकेंगे। बिना टिकट और बिना ड्यूटी कार्ड स्टेडियम में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

रोडवेज बसों व बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होगी

मैच के दौरान शहीद पथ पर रोडवेज और निजी बस सहित अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इन वाहन चालकों को वैकल्पिक रूट से निकाला जाएगा। निजी वाहनों, टैक्सी और कार पर रोक नहीं रहेगी। सुल्तानपुर रोड के लिये वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

ऑटो और ई-रिक्शा नहीं चलेंगे

ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे। अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर दायरे में सवारी उतारी और बैठाई नहीं जाएंगी।

प्लासियो मॉल, वाटर टैंक तिराहे पर पार्किंग

पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में खड़े होंगे। जिनके पास वाहन पास नहीं होगा वह वाहन अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी। वीवीआईपी और वीआईपी के स्कार्ट वाहन स्टेडियम से वापस मॉल और पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर पार्क होंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे। प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने इधर-उधर खड़े वाहन पुलिस उठा लेगी।

टिकट के क्यूआर कोड पर दिखेगा पार्किंग स्थल का मैप

- टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप के साथ में दिखेगा।
- पीआईपी के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों को स्टेडियम में जाने की अनुमति बिना पास नहीं होगी।
- टिकट की हार्ड कॉपी के बिना स्टेडियम में प्रवेश नहीं मिलेगा। मैच के दिन कोई काउंटर नहीं खुलेगा।
- मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले तक प्रवेश मिलेगा। अंतिम प्रवेश मैच की दूसरी पारी के बीच तक दिया जाएगा।

आज सुबह 5 बजे से कई रास्तों पर नहीं कर सकेंगे आवाजाही

ईद-उल-फितर : अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए राहगीर वैकल्पिक मार्गों का करें चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ईद-उल-फितर आज मनाया जाएगा। जिसके चलते शहर के 27 मार्गों पर सुबह पांच बजे से नमाज की समाप्ति तक आवाजाही पर रोक रहेगी। राहगीरों की सहूलियत के लिए डीसीपी ट्रैफिक सलमान जात पाटिल ने वैकल्पिक मार्गों का चयन कर रूट डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान सिर्फ इमरजेंसी सेवाओं के लिये प्रतिबंधित मार्गों से आवाजाही की जा सकेगी।

इन मार्गों पर जा सकेंगे नमाजी : बुलाकी अड्डा तिराहे से लालमाधव (हैदरगंज) की ओर, लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से ईदगाह की ओर, नाका से ऐशबाग की ओर, यहियागंज से ईदगाह ऐशबाग की ओर, यहियागंज वाटर वर्क्स रोड की ओर, रकाबगंज पुल चौराहे से नक्खास/यहियागंज की ओर, ऐशबाग पुल के नीचे नाका की तरफ की ओर, राजेन्द्र नगर चौराहे से वाहन ऐशबाग ओवरब्रिज की ओर, बाबूलाल हलवाई व मास्टर कन्हैया लाल रोड की ओर, रस्तोगी कालेज से ऐशबाग ईदगाह की ओर, पीली कालोनी के अन्दर से ऐशबाग ईदगाह की ओर, एसएन मिश्रा द्वार तिराहे से ऐशबाग ईदगाह की ओर, मोतीझील कालोनी से ऐशबाग ईदगाह की ओर, अन्जुमन चौराहा से ऐशबाग ईदगाह की ओर नमाजियों के अलावा कोई भी वाहन आ-जा नहीं सकेंगे।

इन रास्तों पर आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित

सीतापुर रोड से डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग तिराहा होकर वाहन पक्के पुल नहीं जा सकेंगे। पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से वाहन पक्का पुल की ओर नहीं जा सकेगा। इसी तरह हरदोई रोड या बालागंज की तरफ से बड़ा इमामबाड़ा या टीले वाली मस्जिद नहीं जा सकेंगे। उधर, कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर होकर बड़ा इमामबाड़ा की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। नींबू पार्क चौराहा की तरफ बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद की ओर नहीं जा सकेंगे। चौक चौराहा से नींबू पार्क चौराहा की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे। मेडिकल क्रास चौराहे की तरफ फूलमण्डी, नीबू पार्क चौराहे से नहीं जा सकेंगे। शाहमीना तिराहे से पक्कापुल टीले वाली मस्जिद की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। डालीगंज पुल से सीतापुर रोड की ओर बस, जीप, कार, स्कूटर, बाइक पक्का पुल नहीं जा सकेंगे। शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर बस पक्का पुल की तरफ नहीं जाएंगे। एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर कोई भी बड़े कार्मिशियल वाहन नहीं जा सकेंगे। मिल एरिया से बुलाकी अड्डा से तुलसीदास मार्ग पर नमाज में शामिल होने के अलावा वाहन नहीं जा सकेंगे।

इन वैकल्पिक मार्गों का करें चयन

डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नंबर 8 निरालानगर से आईटी जा सकेंगे। पक्का पुल से पहले तिराहे से बंधा रोड या नया पक्कापुल होकर गन्तव्य जा सकेंगे। कोनेश्वर चौराहे से दाएं चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर गन्तव्य जा सकेंगे। कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास चौराहा, शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क नया पुल जा सकेंगे। कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर गंतव्य जा सकेंगे। कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा होकर जा सकेंगे। मेडिकल कालेज चौराहा, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर जा सकेंगे। मेडिकल कॉलेज, डालीगंज पुल, आईटी होकर गन्तव्य जा सकेंगे। आईटी चौराहा, कपूरथला, पुरनिया होकर गन्तव्य जा सकेंगे। शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज चौराहा, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा जा सकेंगे। मवैया ओवरब्रिज/लगड़ा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम होकर जा सकेंगे।

एक नजर

संजय बने राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. संजय गुप्ता को प्रोन्नत किया गया है। अभी तक राजनीति शास्त्र में प्रोफेसर रहे डॉ. संजय गुप्ता अब राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष बनाए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कार्यालय आदेश जारी किया है।

रैंकिंग में एकेटीयू को 13वां स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ को एडु रैंकिंग के 5,830 एशियाई संस्थानों की सूची में शामिल किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 876 संस्थानों में 92 वां एवं उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में 13 वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय को बधाई दी है।

नवयुग में सेमिनार का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के उद्योग अकादमिक एकीकरण एवम कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा नौकरी की तैयारी कैसे करें विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी विशेषज्ञ नागेश दुबे द्वारा छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने की जानकारी बताई गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि यह सेमिनार छात्राओं के लिए बहुत लाभप्रद है। कार्यक्रम में प्रो. संगीता, डॉ. अनुरिमा बनर्जी, चंदन मौर्या सहित अन्य विभागों की प्रवक्ताएं उपस्थित रहीं। सत्र में सभी संकायों की छात्राओं ने भाग लिया।

बाल वाटिका भेजे जाएंगे 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे

नए आदेश के तहत शुरू हुई बच्चों की एडमिशन प्रक्रिया, निदेशक ने कहा, प्रत्येक सप्ताह भेजनी होगी प्रगति रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालय व मानयता प्राप्त विद्यालयों में नये आदेश के क्रम में बुधवार से एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई। अब नये आदेश के मुताबिक, यदि किसी बच्चे की उम्र 6 वर्ष से कम है तो उसको बालवाटिका में भेजा जायेगा। जिन विद्यालयों में बालवाटिका की स्थापना नहीं की गई है, वहां स्थापना की जायेगी।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए अमृत विचार से बातचीत में बुधवार को कहा कि प्रदेश में परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक में उन्हीं बच्चों का प्रवेश लिया जायेगा जो अपनी उम्र 1 अप्रैल को 6 वर्ष पूरी करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे कम उम्र का यदि बच्चा है तो उसे बाल वाटिका में भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि नये आदेश के क्रम में पूरी प्रक्रिया बुधवार को लागू हो चुकी है।

बता दें कि छह वर्ष की उम्र में ही कक्षा एक में प्रवेश को लेकर पिछले साल शासनादेश जारी किया गया था। तब थोड़ी रियायत दी गई थी लेकिन इस बार ये छूट नहीं दी गई है।

कड़ाई से करना होगा पालन : निदेशक डॉ. प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि आदेश में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि वे नये आदेश का कड़ाई से पालन करायें। नामांकन के समय बच्चे का आधार नंबर न होने पर उनके अभिभावक का आधार नंबर दर्ज किया जाएगा। यदि माता-पिता का आधार नहीं बना है तो नामांकन के दो सप्ताह के अंदर इसे बनवाना होगा।

अभियान होगा तेज, हर सप्ताह की देनी होगी रिपोर्ट : स्कूलों में नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए अभियाने तेजी से चलाने के निर्देश जारी किए गये हैं। जिसके मुताबिक 6 से 14 वर्ष तक के हर बच्चे का नामांकन जरूरी है। नामांकन प्रगति रिपोर्ट भी हर सप्ताह बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निदेशालय तक भेजनी होगी।

▸▸ नामांकन के समय बच्चे का आधार नंबर न होने पर अभिभावक का आधार नंबर किया जाएगा दर्ज

असमंसज में शिक्षक

निदेशक का नया आदेश 10 अप्रैल से लागू हो गया है। लेकिन इससे पहले 1 से 9 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान के तहत जो कक्षा एक में प्रवेश लिए गये हैं उनकी उम्र कम है और संख्या भी काफी है। इस स्थिति में अब नये आदेश के तहत शिक्षकों के लिए मुसीबत होगी। शिक्षकों का कहना है कि शासनादेश के अनुसार, 6 वर्ष की आयु 31 जुलाई तक होनी चाहिए। 1 अप्रैल का नियम गलत है। निदेशक के नये आदेश के क्रम में यदि अब प्रवेश लेंगे तो बीते 9 अप्रैल तक जो प्रवेश लिए हैं उनका क्या होगा ? वहीं निदेशक ने कहा कि जो प्रवेश हुए हैं उनके आकड़े जब आयेंगे तो उस पर विचार किया जायेगा।

आरटीई : प्रवेश न लेने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई के निर्देश

आरटीई के तहत दूसरे चरण का परिणाम जारी होने के बाद चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाने का निर्देश निदेशालय की ओर से भी जारी कर दिए गये हैं। जो विद्यालय प्रवेश लेने में आनाकानी कर रहे हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं।

चुनाव बाद दूर होगी शिक्षकों की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विभाग ने एकत्र किया सभी विद्यालयों का डाटा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सहायता प्राप्त (एडेड) कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर हो जायेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सभी एडेड कॉलेजों का ब्योरा अब प्राप्त हो चुका है।

अब छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों की तैनाती की जायेगी, जिससे कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर हो जायेगी। निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को पूर्व में जारी आदेश निर्देश के क्रम में अब सभी कॉलेजों का डाटा प्राप्त हो चुका है। अब आगे की कार्रवाई लोकसभा चुनाव समाप्त होने बाद शुरू की जायेगी।

बता दें कि इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव की ओर से पूर्व में आदेश जारी किए गये थे कि जिलों से कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों का ब्योरा और शिक्षकों की संख्या बताई जाये। अब ब्योरा मिलने के बाद उम्मीद है कि कॉलेजों में शिक्षकों क कमी दूर होगी।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने पर शिक्षा महानिदेशक की ओर से आदेश जारी किया गया है।

ऐसे में कक्षा 1 से 5 तक के माध्यम को दैनिक एवं साप्ताहिक शिक्षण योजना पर आधारित प्रभावी कक्षा शिक्षण कराया जायेंगे। साथ ही कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने वाली बेटियों की शैक्षिक गुणवत्ता पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए गए है।

कक्षा 6 से 8 तक के लिए ये निर्देश

कक्षा-6, 7 एवं 8 के लिए रिमीडियल टीचिंग के लिए विकसित विज्ञान व अंग्रेजी विषय की संदर्शिकाओं में उल्लेखित दिशा निर्देशों के अनुसार शिक्षण कार्य कराया जाने के लिए कहा गया है। वहीं कार्यपुस्तिकाओं के अनुरूप बच्चों को अभ्यास कार्य भी कराये जायेंगे। विद्यालयों में क्रियाशील पुस्तकालय/रीडिंग कॉर्नर का नियमित संचालन किया जायगा, जिससे कि बच्चों द्वारा इसका नियमित उपयोग किया जा सके।

बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य

शिक्षा महानिदेशक की ओर से विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर देने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही शिक्षक संकुल की मासिक बैठकें निर्धारित एजेण्डा के अनुसार आयोजित करायी जायेंगी तथा बैठक में संकुल के सभी शिक्षकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी।

लोहिया विधि विवि में दीक्षांत समारोह को लेकर दिख रहा उत्साह

आयोजन में देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ भी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) आठ साल के बाद दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। विवि प्रबंधन इसको लेकर उत्साहित भी दिख रहा। दीक्षांत समारोह में अलग-अलग वर्ष के कुल 2000 विधि विद्यार्थयों को डिग्री प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान देश भर के वे विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जिनकी प्रेरणा से विधि क्षेत्र में नए आयाम गढ़े जाते रहे हैं।

देश के प्रमुख विधि विश्वविद्यालयों शामिल आरएमएलएनएलयू में दीक्षांत समारोह आयोजन को लेकर पिछले आठ साल से ऐसा पेच फंसा कि कार्यक्रम आयोजन कराने में ही लाले पड़ गए। विभागों के बीच एक दूसरे से पत्राचार भी हुए, लेकिन नतीजा नहीं निकल सका। नवागंतुक कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह के चार्ज लेते ही सुधारात्मक माहौल दिखने लगा है।

कुलपति बताते हैं कि विवि में हुई प्रथम बैठक के दौरान पता चला कि आठ वर्षों से छात्रों के बीच दीक्षांत समारोह का आयोजन ही नहीं हो सका। हाल के वर्ष में न होने के लिए कोरोना काल भी रहा। लेकिन, जून माह के प्रथम सप्ताह तक प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक की गई। विषयवार बिन्दुओं को तय किया गया।

मानक उपाधि को लेकर मंथन : बैठक में मानक उपाधि को लेकर भी चर्चा की गई। इससे जुड़े कई बिन्दुओं पर विचार किया गया। इसे विषयवार सूचीबद्ध किया जा रहा है।

व्याख्यान के सहारे किया जाएगा प्रोत्साहित : विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान देश भर के विधि विवि से जुड़े विशेषज्ञों को बुलाया जा रहा है। इनके व्याख्यान और शोध छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किये जाएंगे। ताकि छात्रों को प्रोत्साहन मिल सके।

▸▸ करीब 8 वर्षों के बाद जून के प्रथम सप्ताह में दीक्षांत समारोह प्रस्तावित

मिला जवाब तो खिल उठे चेहरे

बुधवार को कुछ पूर्व विद्यार्थी कुलपति से मिलने पहुंचे। कुछ ऐसे भी थे, जो निजी संस्थाओं में कार्यरत हैं। सभी ने मिलकर बताया कि पिछले कई साल से विवि में दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं हुआ है। इस कारण उनका डिग्री पाना अधूरा है। कुलपति ने बताया कि जल्द ही विवि दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इसमें सभी छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएगी। इस बात पर छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

आगामी कार्यक्रम को लेकर घुड़सवारी का अभ्यास करता सेना का जवान।

घुड़सवारी प्रदर्शन का आयोजन 13 को

अमृत विचार : लखनऊ छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर में 13 अप्रैल को सूर्य कमान, भारतीय सेना, घुड़सवारी प्रदर्शन का आयोजन करेगा। इस प्रदर्शन में 60 घोड़े भाग लेंगे, जिसमें आर्मी सर्विस कोर (एएससी) और रिमाउंट वेटेरिनरी कोर की पोलो टीमों और एएससी की टेंट पेगिंग और म्यूल ट्रिक राइडिंग टीमों भी नजर आएंगे। यह प्रदर्शन घुड़सवारी के खेल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से पहले सेंट्रल कमान एक्विटेशन ट्रेनिंग नोड (सीसीईटीएन) के युवा सवारों के लिए विभिन्न घुड़सवारी प्रतियोगिताएं होंगी। सीसीईटीएन ने लखनऊ गैरीसन के उभरते घुड़सवारों को बुनियादी घुड़सवारी प्रशिक्षण प्रदान करके घुड़सवारी गतिविधियों को जीवित रखा है। यह भी उल्लेखनीय है कि सूर्या कमान के पास भारतीय सेना के पशु संसाधनों का सबसे बड़ा भंडार है।

सार-संक्षेप

सिद्धांत, चुनौतियों और भविष्य पर व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एमिनेंट लेक्चर सीरीज 2023-24 के अंतर्गत एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के बुनियादी सिद्धांत चुनौतियां और भविष्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीन एकेडेमिक्स डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि 3 डी प्रिंटिंग का पर्सनलाइज्ड मेडिसिन एवं टार्गेटेड थेरेपी करने पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सकता है। उन्होंने फार्मा के क्षेत्र में 3 डी प्रिंटिंग के उपयोग के लिए छात्रों को प्रेरित किया। भेषजिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बिन्दुवार जानकारी दी गई। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा मिश्रा सहित छात्र शिखर, आवेश, अदीबा, युक्ता, प्रियंका, ज्योति एवं अंशुमान उपस्थित रहे।

सुयश का प्लेसमेंट ड्राइव में चयन

सुयश साहू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ। ऑनलाइन प्लेसमेंट प्रक्रिया में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के छात्र का चयन किया गया। लविवि में आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया में 38 छात्रों का साक्षात्कार हुआ। इसमें सेल्स और मार्केटिंग में विशेषज्ञता वाले छात्रों को चुना गया। कुल चयन के दौरान 38 छात्रों का साक्षात्कार हुआ। इसमें से 11 शार्टलिस्ट किये गए छात्रों ने भाग लिया। कुल दो छात्र शार्टलिस्ट हुए। इनमें से अंतिम राउण्ड में सुयश साहू का चयन किया गया। टायर निर्माण करने वाली देश की प्रमुख कंपनी में चयन को लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बधाई दी है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू, प्लेसमेंट एवं कैरियर डेवलपमेंट सेल के समन्वयक डॉ. अनु कोहली, डॉ. वेद श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

माह के अंत तक पूरा हो हैप्पीनेस व गौतम बुद्ध पार्क का काम

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को गौतम बुद्ध पार्क व हैप्पीनेस पार्क का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि समस्त कार्य माह के अंत तक पूरे हो जाने चाहिए। मंडलायुक्त ने हैप्पीनेस पार्क में वेस्ट मैटेरियल से बच्चों के खेलने के लिए बनाई गयीं, विभिन्न आकृतियां जैसे कंचे, लट्टू, गिल्ली डंडा, रोलिंग टायर, फनी सेल्फी जोन का काम देखा। इसके बाद उन्होंने पार्क के बगल में निर्माणाधीन पार्किंग जोन का भी जायजा लिया। इस अवसर पर मंडलायुक्त के साथ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य अभियंता ने किया कई उपकेंद्रों का दौरा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता सिस गोमती ने बुधवार को राजधानी के कई उपकेद्रो को दौरा किया। इस दौरान उन्होनें उपकेंद्र कर्मचारियो से फीडरो और ट्रांसफार्मरों के रखरखाव के बारे मे जानकारी कर सुचारू बिजली सप्लाई के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही अधिकारियों से नये कनेक्शन और प्रीपेड मीटरों के स्टॉक का ब्योरा लिया। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि उन्होने मोहनलालगज उपकेंद्र पर पंहुचकर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किए गये इंतजामो के बारे मे जानकारी ली। साथ ही उपभोक्ताओं से बकाये बिलो के वसूली के लिए क्षेत्र मे अभियान चलाने के लिए कहा है। कर्मचारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को तत्काल दूर करने के निर्देश जारी किये है। उपकेंद्र अधिकारियों को नयें बिजली कनेक्शनों को सात दिनों मे सारी प्रकिया को पूरा कर जारी करने का निर्देश दिया है।

प्रतिभागियों ने मनभावन कथक की प्रस्तुति से मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पद्मजा कला संस्थान की ओर से परम्परा 2024 कथक समारोह का भव्य आयोजन बुधवार को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। संस्थान की सचिव और ख्याति प्राप्त कथक नृत्यांगना डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उनके 50 से अधिक शिष्यों नें कथक नृत्य की प्रभावी प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर को आमंत्रित किया गया था।

इस अवसर पर संस्था की ओर से विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित और प्रतिभावान शख्सियतों को पद्मजा कला सम्मान से अलंकृत भी किया गया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ तबला वादक उस्ताद इल्मास हुसैन खां, भरतनाट्यम के वरिष्ठ कलाकार ज्ञानेन्द्र बाजपेयी, वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डॉ. रुचि खरे, वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका डॉ. रश्मि चौधरी और वरिष्ठ पत्रकार आलोक पराड़कर को पद्मजा कला सम्मान से अलंकृत किया गया।

कथक परंपरा से पोषित सतरंगी और जोश से सराबोर सांस्कृति संध्या की शुरुआत तालांगी से हुई। इसमें डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के साथ सिजा राय, शैली मौर्या, खुशी मौर्या, प्रीति तिवारी, आरोहिणी चौधरी, सिमरन कश्यप, सपना सिंह, श्रद्धा श्रीवास्तव, श्रेया सिंह, मोनिका सरीन, शिवानी, आराध्या दीक्षित, विकास अवस्थी, प्रखर मिश्रा, अंश रावत, अतुल मने आदित्य गुप्ता, मोहित सोनी और आयुष अग्रवाल ने मनभावन नृत्य किया।

दूसरी प्रस्तुति सितार और तबले की जुगलबंदी रही। इसमें मास्टर संकल्प मिश्रा ने जहां सितार वादन किया, वहीं तबले पर मास्टर मनन मिश्रा ने प्रभावी संगत दी। इसका मार्गदर्शन डॉ. नवीन मिश्रा और पं. विकास मिश्रा ने किया।

तीसरी प्रस्तुति तालीम में चार से लेकर 25 साल तक के कलाकारों ने जय श्री राम जय श्री राम, अवधपति जय-जय श्री राम भजन पर सुंदर भावों का प्रदर्शन किया, वहीं परम्परागत कथक की प्रभावी झलक भी पेश की।

चौथी प्रस्तुति कथक के रंग, माटी के संग नाम से दर्शकों के समक्ष आयी। यह मनोरम प्रस्तुति उत्तर भारत के उपशास्त्रीय गायन शैलियों पर आधारित थी।

संगीत नाटक अकादमी में पद्मजा कला संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में कथक करतीं कलाकार। अमृत विचार

▸▸ प्रतिष्ठित शख्सियतों को पद्मजा कला सम्मान से किया गया अलंकृत

ट्रेनों में शराब तस्करी रोकने को जीआरपी की टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चारबाग रेलवे स्टेशन से बुधवार को पकड़ा गया शराब तस्कर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान ट्रेनों के जरिए शराब तस्करी रोकने को जीआरपी की टीमें गठित की गई है। इन टीमों ने ट्रेनों में निगरानी शुरू कर दी है। रेलवे अपर पुलिस महानिदेशक जय नरायन सिंह के आदेश पर रेलवे पुलिस उपाधीक्षक रेलवे के नेतृत्व में चारबाग जीआरपी की टीम बनाई गई है। चारबाग रेलवे स्टेशन से बुधवार को अंतर्राज्यीय गिरोह के शराब तस्कर को पकड़ा गया। जिनके पास से नौ शराब की बोतलें बरामद हुई। अंग्रेजी शराब की इन बोतलों की कीमत नौ हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी ने पूछताछ में पता चला कि हरियाणा से शराब लेकर बिहार पहुंचाए जाने की तैयारी थी। चुनाव में शराब की मांग के चलते महंगे दामों पर शराब की बिक्री शुरू हो जाती है। चारबाग प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार ने बताया कि पंजाब का विनय चौहान प्लेटफॉर्म पर नंबर दो एस्केलेटर के पास खड़ा मिला। उसकी गतिविधियां संदिग्ध देखकर टीम ने पूछताछ की तो शराब तस्करी की बात कबूल की। आरोपित ने बताया कि वह दिल्ली से लखनऊ पहुंचा यहां से बिहार जाने वाली किसी ट्रेन का इंतजार कर रहा था। फिलहाल उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मेरा विवाह के पूर्व नाम कासट खुशबू जुगल किशोर था, परन्तु विवाह पश्चात मेरा नाम बिष्ट खुशबू हर सिंह हो गया है। उपरोक्त कासट खुशबू जुगल किशोर और बिष्ट खुशबू हर सिंह दोनों एक ही महिला अर्थात मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे बिष्ट खुशबू हर सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाये। **बिष्ट खुशबू हर सिंह उर्फ कासट खुशबू जुगल किशोर पत्नी हर सिंह बिष्ट निवासिनी– 638/003, खसरा सं0– 462, सुग्गामऊ, सीमैप, लखनऊ।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र अंशुमान पाल को गलत आचरण/ व्यवहार के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके कृत्यो से मेरा व परिजनों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। **कंधई पुत्र रघुवर ग्राम खोदायपुर परगना व तहसील डलमऊ जिला रायबरेली**

सूचना
सूचित हो कि मेरा पुत्र कक्षा 04 का छात्र है। उसके विद्यालय के अभिलेखों में उसका नाम सार्थक मिश्रा अंकित है जो कि सही नहीं है। जबकि उसका सही नाम हर्ष मिश्रा है। अतः विद्यालय के अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम सार्थक मिश्रा के स्थान पर हर्ष मिश्रा अंकित किया जाये। **अजय कुमार मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायन मिश्रा निवासी मोहनलालगंज नगर पंचायत मोहनलालगंज तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना अब्दुल रहमान से बदलकर अब्दुल रहमान अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल रहमान अंसारी पुत्र मुख्तार ग्राम बांसगांव राशिद टोला, पोस्ट दुधही, जिला कुशीनगर**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Savir से बदलकर Sabir रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **साबिर पुत्र आस मोहम्मद ग्राम सोहसा पोस्ट बसुली फार्म, जिला महराजगंज 273163**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Bibek Sharma से बदलकर Vivek Kumar Sharma रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **विवेक कुमार शर्मा पुत्र** Kanhaiya Lal Sharma **ग्राम खड्डा तमाशपुर, पोस्ट अहिरौली बाजार, जिला कुशीनगर 274401**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Hifjurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Ikbal Ahmad Khan इकबाल अहमद खान से बदलकर Hifzurrahman हिफजुर्रहमान पुत्र Iqbal Ahmad इकबाल अहमद रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **हिफजुर्रहमान पुत्र इकबाल अहमद ग्राम रोहुडिला, टोला उमरानगर, पोस्ट बेल्टीकर रोहुडीला, शिवपतिनगर, जिला सिद्धार्थनगर 272206**

सूचना
आर0वी0एन0 डेवलपर्स 723 अनौरा, फैजाबाद रोड, लखनऊ, जिसने दि0 27/12/2019 विक्रय पत्र संख्या 20179 प्लाट नं0– सी 39 व दि0 30/12/2019 विक्रय पत्र सं0 20292 प्लाट नं0– सी 40 व रजिस्ट्री स्प्रींग गार्डन बी 46 विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ से विक्रय किया था जो कि चिनहट में कहीं खो गया है, जिसकी सूचना पुलिस स्टेशन में दे दिया गया है। **प्रार्थी आर0वी0एन0 डेवलपर्स 723 अनौरा, फैजाबाद रोड, लखनऊ, मो0: 8787251305**

सूचना
मैं ललऊ प्रसाद निवासी ग्राम पूरे पंडित, मजरे सैरापुर पोस्ट मूसापुर, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली (उत्तर प्रदेश) नं0– JC543264X रैंक नायब सूबेदार नाम राजेन्द्र कुमार का पिता हूँ। मैंने वकील नोटरी लालगंज के समक्ष दिनांक 08/04/2024 के शपथपत्र द्वारा अपना नाम ललऊ प्रसाद से ललऊ परिवर्तित कर लिया है। अब मुझे ललऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना
मैं रामावती देवी निवासी ग्राम– पूरे पंडित, मजरे– सैरापुर पोस्ट– मूसापुर, तहसील– लालगंज, जनपद– रायबरेली (उत्तर प्रदेश) नं0– JC543264X रैंक नायब सूबेदार नाम राजेन्द्र कुमार की माता हूँ। मैंने वकील नोटरी लालगंज के समक्ष दिनांक 08/04/2024 के शपथपत्र द्वारा अपना नाम रामावती देवी से रामावती परिवर्तित कर लिया है। अब मुझे रामावती के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बबलू से बदलकर बबलू गौंड रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **बबलू गौंड पुत्र राजेन्द्र ग्राम बाल खुर्द, पोस्ट चौरी चौरा, जिला गोरखपुर 273201**

सूचना
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2001 व अनुक्रमांक 5156548 और यू0पी0 बोर्ड का इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2134942 वास्तव में कहीं खो गया है। **एखलाक अहमद पुत्र कोतवाल अली निवासी शाहपुर कला विकास खण्ड मिहिपुरवा तहसील मिहिपुरवा मोतीपुर जनपद बहराइच**

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपनी दोनों पुत्रियों दुलारी व रानी और पुत्र सूरज को उनके कार्यकलापों एवं व्यवहार व बर्ताव ठीक न होने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ और किसी भी कृत्यों के लिये यह तीनों स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरी चल अचल सम्पत्ति के वारिस मेरे दोनों पुत्र कुलदीप व जयराम होंगे। **रामकुमारी पुत्री श्री छोटा निवासी ग्राम खेड़ा डीहा ढकवा भदवाना मलिहाबाद, लखनऊ**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या 1/75 सेक्टर–1 गोमती नगर विस्तार लखनऊ से संबन्धित मूल आवंटन पत्र दिनांकित 02/03.03.2005 एवं मूल विक्रय कि लेख संख्या–14527 दिनांकित 27.12.2008 का आखिरी पृष्ठ कहीं खो गया है जो बहुत खोजने पर भी नहीं मिला उक्त दस्तावेजों को किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का उपयोग असंवैधानिक होगा।
प्रार्थिनी
डा0 श्वेता सिंह पुत्री श्री विनोद कुमार सिंह
निवासिनी:–सेक्टर 8/401, इन्दिरा नगर, विमल पार्क के सामने, इन्दिरा नगर लखनऊ। मो0नं0:–9936907703

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

206 यात्री मिले बिना टिकट

अमृत विचार, लखनऊ : बेटिकट सफर करने वाले के खिलाफ रेलवे ने उतरेटिया स्टेशन पर बुधवार को किलाबंदी जांच अभियान चलाया। चेकिंग अभियान में बिना टिकट 206 यात्री मिले। इन यात्रियों से 68,850 रुपये की धनराशि जुर्माने के तौर पर वसूली गई। किलाबंदी अभियान में दो वाणिज्य निरीक्षक, दो मुख्य टिकट निरीक्षक, 31 टिकट चेकिंग कर्मचारी और 09 कर्मचारी उपस्थित रहे। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि किलाबंदी अभियान में लखनऊ- वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, लखनऊ-प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस, भोपाल-मांबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस, लखनऊ-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस और गंगा गोमती एक्सप्रेस में छापेमारी के दौरान बेटिकट यात्री पकड़े गए।

नगर निगम ने पुराने लखनऊ में चलाया सफाई अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने ईद के त्योहार से पहले पुराने लखनऊ में सफाई अभियान चलाया। जोन दो के टीले वाली मस्जिद के आस-पास नालियों की सफाई के साथ चूने का छिड़काव कराया। गुरुवार सुबह सड़कों की सफाई करायी जाएगी। इसके लिए नगर आयुक्त ने जोन दो और छह के जोनल सेनेटरी अफसर व सफाई इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई है। कूड़ा उठान व साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारी लगाये गए हैं। इसके अलावा क्षेत्र में नगर निगम का गैंग भी तैनात रहेगा। सफाई, सीवर ओवरफ्लो, स्ट्रीट लाइट या आवारा पशुओं की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करेगा।

54 दलों का सौंपा समर्थन पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने बुधवार को 54 दलों के सर्मथन पत्र को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को सौपा। डिप्टी सीएम ने कहा कि आप सभी लोगो को हर एक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का काम करना होगा। इस मौके पर सभी पार्टियों के अध्यक्ष मौजूद रहें।

हीमोफीलिया रोगी के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के डॉक्टरों ने हीमोफीलिया पीड़ित मरीज के बाएं कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया है। कानपुर निवासी मरीज का आयुष्मान योजना से निशुल्क ऑपरेशन हुआ है। ऑपरेशन के बाद मरीज की सेहत में सुधार है। जल्द ही उसे छुट्टी दे दी जाएगी। केजीएमयू में आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग के डॉ. मयंक महेंद्र ने बताया कि 37 वर्षीय मरीज करीब डेढ़ माह पहले फिसल कर गिरने से उसके कूल्हे में चोट लग गई थी।

असमंजस के बीच कहीं रमजान तो कहीं ईद

प्रमुख धर्मगुरुओं ने उठाए बयान पर सवाल, ईद आज, मस्जिदों में ईद की नमाज का समय घोषित

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

अमृत विचार : मंगलवार को देर रात में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास द्वारा बुधवार को ईद-उल-फितर का एलान किया गया। इसके एक घंटे बाद ही शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद द्वारा ईद-उल-फितर 11 अप्रैल को मनाए जाने की घोषणा के बाद शिया मुसलमानों में ऊहापोह की स्थिति बन गई। इसका नतीजा यह हुआ कि बुधवार को कुछ लोगों ने ईद मनाई और कुछ ने रोजा भी रखा। अब गुरुवार 11 अप्रैल पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई जाएगी। राजधानी की विभिन्न मस्जिदों की तरफ से ईद की नमाज का समय घोषित कर दिया गया है।

पहली ऐसी ईद, जिसमें जामा मस्जिद में तीन बार नमाज : मंगलवार की देर रात शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास की तरफ से बुधवार को ईद मनाए जाने के एलान के बाद बनी स्थितियों की वजह से इतिहास में यह पहला मौका है कि तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में बुधवार को नमाजी ज्यादा होने की वजह से दो बार नमाज अदा कराई गई। सुबह 10 बजे ईद-उल-फितर की पहली नमाज मौलाना सैफ अब्बास ने पढ़ाई और दोपहर 12 बजे दूसरी नमाज मौलाना शमीम ने अदा कराई। गुरुवार 11 अप्रैल को जब अन्य मुसलमान ईद मनाएंगे और नमाज पढ़ेंगे तब सुबह 10 बजे मौलाना आरिफ रिजवी नमाज अदा कराएंगे।

चांद कमेटी अध्यक्ष के इमामबाड़े में भी आज होगी ईद की नमाज : मौलाना सैफ अब्बास के एलान की वजह से ही बड़ी संख्या में शिया मुसलमानों ने 10 अप्रैल को ईद मनाई। मौलाना सैफ अब्बास ने जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कराई लेकिन, 11 अप्रैल को जब अधिकांश मुसलमान ईद मना रहे होंगे तब उनके खुद के इमामबाड़े में भी सुबह 8 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जायेगी।

बुधवार को जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कराते मौलाना सैफ अब्बास। अमृत विचार

राजधानी की प्रमुख मस्जिदों में नमाज का समय

अमृत विचार : टीले वाली मस्जिद में सुबह 9 बजे, ऐशबाग ईदगाह में सुबह 10 बजे और एतिहासिक आसिफी मस्जिद में ईद की नमाज पूर्वाह्न 11 बजे होगी। मस्जिद हैदरी, नक्खास में सुबह 6 बजे, मस्जिद अली, कटरा बिजन बेग में सुबह 6 .30 बजे, इमामबाड़ा आगा बाकर, चौक, मस्जिद नवाब घसीटा, नूरबाड़ी, मस्जिद उस्मानिया, वजीरबाग और मस्जिद इब्राहीम, बिल्लौचपुरा में सुबह 7 बजे, मस्जिद खम्मनपीर, चारबाग में सुबह 7 .15 बजे, मस्जिद निमराह, शाहगंज, मस्जिद रसूली पुलवाली और टूरियागंज में सुबह 7 .30 बजे नमाज होगी। शाही मस्जिद, बड़ा चांदगंज, मस्जिद कपूरथला, अलीगंज, मस्जिद नदवुल उलमा, मस्जिद कानपुर वाली, शीशमहल, मस्जिद रौशन अली, वजीरगंज, मस्जिद कदीम नजफ, नैपियर रोड, मस्जिद मुफ्ती साहब, कंकर कुआं, मस्जिद अबुतालिब, दुबग्गा, इमामबाड़ा तकी साहब, अकबरी गेट, छोटा इमामबाड़ा, हुसैनाबाद, मस्जिदे जहरा, हाता मिर्जा अली खां, बड़ी मस्जिद, सर्वोदय नगर, लाल मस्जिद, कटरा आजम बेग, छोटी मस्जिद, हसनपुरिया, शेखपुर मदरसा, आलमनगर, मस्जिद मकबरा आलिया, गोलागंज, मस्जिद शाहजलाल, हाता कमाल जमाल, मस्जिद हरमैन, मंसूर नगर, मस्जिद हमजा, कंघी वाली गली और मस्जिद मासूमियां, मैदान एलएच खां में सुबह 8 .00 बजे नमाज अदा की जायेगी। मस्जिद बिसमिल्लाह शाह, तम्बाकू मंडी में सुबह 8 .15 बजे नमाज होगी। मस्जिद चुन्नू खां, काजमैन, जामा मस्जिद, जुग्गौर, मस्जिद पत्थर वाली, शीश महल, मस्जिद मोहम्मदिया, चौपटिया, मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह, मस्जिद मम्मी जर्राह, मंसूर नगर, मेंहदीगंज में सुबह 8 .30 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी।

चांद रात में खुले रहे बाजार, जमकर हुई खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चांद रात पर बाजार में जबरदस्त रौनक दिखी। शहर के अमीनाबाद, मौलवीगंज, नजीराबाद, नक्खास, चौपटिया, राजा बाजार, चौक, अलीगंज, श्रीराम रोड, गणेशगंज, आलमबाग समेत शहर के प्रमुख बाजार चांद रात के मौके पर सुबह तक खुले रहे। लोगों ने जमकर खरीदारी की।

▸▸ **बाजारों में सुबह तक रही रौनक बच्चे, युवा, महिला और बुजुर्गों ने की खरीदारी**

महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग समेत सभी लोगों ने खरीदारी की। महिलाओं ने जहां चूड़ियां और मैचिंग बिंदी समेत खानपान की अलग-अलग चीजें खरीदीं। सेंवई तो किसी ने टोपियों की खरीदारी की। बाजार में भारी भीड़ दिखी। ईद की दस्तक बाजारों में सिर चढ़कर बोलती नजर आई। हर बाजार और मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। नक्खास में शाम के समय बढ़ती भीड़ को देखते हुए वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया।

पुराने लखनऊ स्थित नक्खास में ईद के त्योहार पर लगी सेंवई की दुकान। अमृत विचार

शोरूमों में भी खरीदारी को उमड़ी भीड़

ईद को लेकर कपड़ा बाजार के शोरूमों में लोग रात तक जमा रहे। कपड़ा, कुर्ता-पायजामा, पैंट, शर्ट, बुर्का आदि की खरीदारी का सिलसिला चलता रहा।

इत्र, टोपी के खरीदारों से गुलजार रहा बाजार

लोगों ने ईद के लिए खरीदारी की। मौलाना साद वाली सफेद रंग की टोपी और जालीदार रंगीन टोपी के खरीदार बड़ी संख्या में बाजारों में दिखे। तो कुछ ने नगीना जड़ी तुर्की और इंडोनेशिया की टोपियां भी खरीदीं। इत्र खरीदा गया।

महिलाएं सेंवइयों में भरेंगी जायका, करेंगी मेहमानों का स्वागत

ईद के दिन सेंवइयों का खास महत्व होता है। घर की महिला सदस्य और लोग अलग-अलग नंबरों की सेंवइयां घरों तक पहुंचा चुके हैं। अब इनमें जायका भरने की जिम्मेदारी महिला सदस्यों की होगी। ईद की नमाज के बाद आने वाले मेहमानों का स्वागत महिलाओं द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों से होगा।

नक्खास बाजार में ईद के मौके पर खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

ईद के लिए नक्खास बाजार में खरीदारी करतीं मुस्लिम समुदाय की महिलाएं। अमृत विचार

मौलाना शाहकार जैदी ने उठाए सवाल

मौलाना शाहकार जैदी ने मंगलवार की रात ईद को लेकर शुरू हुई बयानबाजी के बाद लखनऊ से लेकर ईरान तक से संपर्क साधा और सुबह 4 बजे तक यह पता करने की कोशिश करते रहे कि ईद है या नहीं। चूंकि मौलाना सैफ अब्बास ने आयतुल्लाह सीस्तानी का हवाला देकर ईद का एलान किया था, इसलिए मौलाना शाहकार जैदी ने भी बुधवार को ईद मना ली। लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि अगर बुधवार को 30वां रमजान था और ईद मना ली गई। इतने लोगों के जो रोजे छूटे उसका जिम्मेदार कौन है? उन्होंने दूसरा सवाल उठाया कि अगर बुधवार को वाकई में ईद थी तो जिन लोगों ने ईद के दिन रोजा रख लिया उसका कफ्फारा कौन अदा करेगा? क्योंकि ईद के दिन रोजा रखना हराम है।

बहुत याद आए मौलाना डॉ. कल्बे सादिक

आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना डॉ. कल्बे सादिक एक महीना पहले ही ईद की तारीख का एलान कर देते थे। उनकी बताई तारीख को ईद होती थी। उनके निधन के बाद से उनके पुत्र मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन भी ईद की तारीख बता देते हैं। इस बार भी उन्होंने 11 अप्रैल को ईद होने की बात कही थी। लेकिन मंगलवार देर रात जब बयानबाजी का सिलसिला शुरू हुआ तो डॉ. कल्बे सिब्तैन ने भी 10 अप्रैल को ही ईद मनाने का एलान कर दिया। जबकि उनके चचेरे बड़े भाई मौलाना कल्बे जवाद 11 अप्रैल को ईद होने का एलान कर चुके थे। मंगलवार की रात को 10 अप्रैल की ईद का एलान करने वाले डॉ. कल्बे सिब्तैन ने 10 अप्रैल की सुबह सोशल मीडिया पर लिखा कि आज डॉ. कल्बे सादिक मरहूम की कमी महसूस हो रही है। वह अकेले आलिम थे जो एक महीना पहले ही ईद का एलान कर देते थे। खुदा हमें फिर से कल्बे सादिक जैसा रहनुमा अता करे।

पुराने लखनऊ स्थित घंटाघर के पास फ्लैग मार्च करते सुरक्षा कर्मी। अमृत विचार

पैर की हड्डी को हाथ में जोड़ बनाया काम लायक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हादसे में घायल हुए युवक के हाथ की हड्डी टूट गई थी। उसका निजी अस्पताल में गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया गया। हड्डी के बीच रिक्त स्थान आने के बाद हाथ काम करना बंद कर दिया था। बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने पीड़ित युवक के पैर की हड्डी निकाल कर हाथ की हड्डी से जोड़ कर उसे फिर से काम करने लायक बना दिया। इस जटिल ऑपरेशन को करने में डॉक्टरों को करीब साढ़े पांच घंटे लगे। मरीज का हाथ क्रियाशील हो गया है।

▸▸ **हादसे में टूट गई थी हाथ की हड्डी, निष्क्रिय हो गया था हाथ**

ऑपरेशन के बाद मरीज साथ में तीमारदार।

अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि लखनऊ निवासी रिजवान नाम के युवक के बाएं हाथ की हड्डी एक हादसे में टूट गई थी। निजी अस्पताल में गलत तरीके से किए गए ऑपरेशन के कारण मरीज के हाथ का मूमेंट खत्म हो गया था। उसने कई अस्पतालों में दिखवाया। लेकिन कोई भी दोबारा से ऑपरेशन करने को तैयार नहीं हुआ। कुछ दिन पहले मरीज बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टर एपी सिंह से मिला था। एपी सिंह ने बताया कि गलत ऑपरेशन के कारण मरीज के हाथ मे हड्डियों के बीच खाली स्थान हो गया था। इससे हाथ मूमेंट नहीं कर रहा था। उसकी जरूरी जांचे कराई। मरीज स्यूडोआर्थोराइटिस नामक बीमारी से ग्रसित था। जिसके बाद डॉ. जेके शर्मा की मदद से ऑपरेशन प्लान किया। मरीज के पैर की हड्डी फेबुला ग्राफ्ट से 8 सेमी की हड्डी निकालकर मरीज के बायें हाथ की हड्डी ह्यूमरस में डालकर संरचना स्थापित की गयी।

नर्सिंग के छात्र ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुडम्बा के कुर्सी रोड स्थित निजी कालेज में बीएससी (नर्सिंग) के छात्र ने गर्लफ्रेंड को पहले वीडियो कॉल किया। बाद में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कमरे का दरवाजा न खुलने पर रुममेट ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो छात्र का शव फंदे से लटका मिला।

पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को जांच के लिए कब्जे में लिया है। मूलरुप से हरदोई निवासी संदीप कुमार (19) कुर्सी रोड स्थित निजी कॉलेज से बीएससी (नर्सिंग) कर रहा था। वह कॉलेज के पास ही एक निजी हॉस्टल में बस्ती रमवापुर निवासी रामेश्वर पाण्डेय के साथ रहता था। मंगलवार शाम को रामेश्वर एक दोस्त से मिलने के लिए गया था। रात करीब सात बजे वह वापस लौटा। कई बार दस्तक देने के बाद संदीप ने गेट नहीं खोला। रोशनदान से झांकने पर संदीप का शव पंखे के हुक में चादर के फंदे से लटकता मिला, जिस पर रामेश्वर भागते हुए इंटीग्रल विवि के पास बनी चौकी पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर संदीप के शव को फंदे से उतारा। रामेश्वर के मुताबिक संदीप की हरदोई निवासी एक युवती से फोन पर बात होती थी। बीते कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार को रामेश्वर जब पुलिस के साथ कमरे में दाखिल हुआ तो संदीप का मोबाइल किताब के सहारे रखा हुआ मिला। अंदेशा है कि गर्लफ्रेंड को वीडियो काल कर संदीप ने फांसी लगाई है। पुलिस ने मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है।

मरीजों की मदद के बजाय खाना बना रहे वार्ड ब्वॉय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में कार्यरत वार्ड ब्वॉय मरीजों की देखभाल व उपचार में मदद करने के बजाय किचन में खाना बनाने में लगे हुए हैं। इसके अलावा पर्चा काउंटरों पर भी इनकी तैनाती की गई है। इससे मरीजों और तीमारदारों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खाना बांटते हुए वार्ड ब्वॉय का वीडियो वायरल हुआ है।

दरअसल, अस्पताल में वार्ड ब्वॉय का काम मरीजों की तीमारदारी व इलाज में सहयोग करना होता है। ओपीडी में रोजाना करीब ढाई से तीन हजार मरीज आते हैं।

इनके इलाज में सहयोग करने और वार्ड में शिफ्ट कराने तक की जिम्मेदारी वार्ड ब्वॉय की होती है। अस्पताल में वार्ड ब्वॉय की संख्या पहले से ही कम है। इनमें से भी कई वार्ड ब्वॉय की ड्यूटी किचन और पर्चा काउंटरों पर लगाई गई है। इससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

> किचन में सिर्फ दो वार्ड ब्वॉय लगे हैं। वो भी सिर्फ सहयोग करते हैं। खाना बनाने में अन्य कर्मचारी लगे हैं। मरीजों को कोई असुविधा नहीं होती है।
>
> –राजेश श्रीवास्तव, सीएमएस सिविल अस्पताल

खाना बनाने में लगाए गए सात वार्ड ब्वॉय

सूत्रों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन ने किचन में सात वार्ड ब्वॉय की ड्यूटी लगा दी है। यह खाना बनवाने में मदद करने के साथ ही वार्डों में खाना बांटते भी हैं। इसका कई वार्ड ब्वॉय विरोध भी जता चुके हैं।

पीजीआई का एडवांस डायबिटीज सेंटर तैयार

40 बेड के सेंटर में ओटी, आईसीयू, पैथोलॉजी की सुविधा के साथ मिलेगा शुगर जनित बीमारियों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एसजीपीजीआई का एडवांस डायबिटीज सेंटर बनकर तैयार हो गया है। चुनाव के बाद जून महीने से यहां मरीजों को इलाज की सुविधा मिलने लगेगी।

पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि यह प्रदेश का पहला एडवांस डायबिटीज सेंटर होगा। सेंटर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जून में उद्घाटन कर मरीजों की भर्ती कर उपचार शुरू किया जाएगा। यहां 40 बेड पर डायबिटीज मरीजों के सभी रोगों का इलाज होगा। सेंटर में ओपीडी से लेकर सामान्य वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर व पैथालॉजी की सुविधा मिलेगी। मौजूदा समय में डायबिटीज मरीजों का उपचार संस्थान के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग में हो रहा है। जबकि इन्हें गुर्दा, आंख समेत आदि दूसरी दिक्कत होने पर दूसरे विभाग में जाकर इलाज कराना पड़ता है। पैरों के जख्म का इलाज भी होगा।

▸▸ **जून से मिलने लगेगा इलाज**

एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर व हार्ट सेंटर का निर्माण चुनाव बाद

पीजीआई में बनने वाला एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर और बच्चों का हार्ट सेंटर का निर्माण फिलहाल टाल दिया गया है। अब लोक सभा चुनाव के बाद निर्माण शुरू होगा। एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर में बच्चों से जुड़ी बीमारियों के 21 सुपर स्पेशियल्टी विभाग शुरू होंगे। इसका निर्माण दो चरण में किया जाएगा। शासन ने बजट भी जारी कर दिया था। इसके अलावा सलोनी हार्ट फाउण्डेशन बच्चों के दिल की बीमारियों (कंजाइटल हार्ट डिजीज) के उपचार के लिए पीजीआई में 500 करोड़ से 200 बेड का केंद्र स्थापित करेगा। संस्थान प्रशासन का कहना है कि इन दोनों सेंटर का शिलान्यास चुनाव बाद ही होगा।

आईयूआई तकनीक से गूंजेगी किलकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सिविल अस्पताल के इंफर्टीलिटी क्लीनिक में सफल हुआ पहला प्रयोग**

अमृत विचार : सूने आंगन में किलकारी के लिए दंपती को लाखों रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं है। गर्भधारण के लिए सरकारी अस्पताल में निशुल्क व्यवस्था की गई है।

इस तकनीक का सफल प्रयोग बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के इंफर्टिलिटी क्लीनिक में हुआ। गर्भधारण की नई तकनीक इंट्रा यूटेराइन इनसेमिनेशन (आईयूआई) से छह साल से बांझपन से ग्रसित महिला को गर्भधारण कराया गया। अस्पताल की डॉक्टर का दावा है कि नई तकनीक से गर्भधारण का यह पहला मामला है। इसके लिए दंपती को किसी तरह का शुल्क नहीं देना पड़ा।

इंफर्टीलिटी क्लीनिक की प्रभारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि निशातगंज की 29 वर्षीय महिला की आठ साल पहले शादी हुई थी। छह साल पहले महिला का किन्हीं कारणों से गर्भपात हुआ था। उसके बाद महिला ने कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली। एक माह पहले यह महिला परिजनों के साथ सिविल अस्पताल आई थी। डॉक्टर ने दंपति की स्क्रीनिंग और जांच कराई। डॉ. रश्मि ने प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ मधुलिका त्रिपाठी की मदद से गर्भधारण कराया। मधुलिका त्रिपाठी ने बताया की निजी सेंटरों पर इस प्रक्रिया कराने में ढाई से तीन लाख का खर्च आता है। सिविल में यह निशुल्क किया जा रहा है।

क्या है आईयूआई

आईयूआई एक फर्टिलिटी ट्रीटमेंट है जिसमें स्पर्म को महिला के गर्भाशय में सीधा डाला जाता है। सामान्य तरीके से गर्भधारण करने की प्रक्रिया में स्पर्म गर्भाशय ग्रीवा के जरिए योनि में पहुंचता है और फिर फैलोपियन ट्यूबों की मदद से गर्भाशय तक आता है। लेकिन नैचुरली यह प्रक्रिया नहीं हो पाती है, और महिला गर्भधारण नहीं कर पाती तो इस स्थिति में आईयूआई की मदद से स्पर्म को सीधा एग के नजदीक गर्भाशय में डाला जाता है। इस प्रक्रिया से महिला के मां बनने की संभावना बढ़ जाती है।

निजी बैंककर्मी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा के जानकीपुरम सेक्टर-जे निवासी अतुल मिश्रा उप्र परिवहन निगम में परिचालक हैं। उनका बेटा शशांक (24) कुम्हरावां स्थित निजी बैंक में काम करता था। मंगलवार रात घर लौटने के बाद शशांक अपने कमरे में सोने के लिए गया। बुधवार सुबह करीब 6 बजे अतुल पूजा करने के लिए पहली मंजिल पर गए थे। उन्होंने बेटे के कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई आवाज नहीं मिली। जब वह दरवाजा तोड़कर अंदर गए शशांक का शव फंदे से लटका मिला।

एक नजर

कार पर गिरी रॉड, बाल-बाल बचे सवार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान बुधवार को बंथरा इलाके में रॉड कार पर गिर गई। पीएनसी कंपनी निर्माण कार्य करा रही है। बुधवार को कानपुर निवासी विवेक त्रिवेदी के साथ कार से राजू द्विवेदी, मनोज पाठक, आशीष यादव और मनोज शुक्ला जा रहे थे। बंथरा में कटी बगिया चौराहे पर पिलर नंबर 212 और 213 के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड से रॉड कार पर आ गिरी। हादसे में कार सवार बाल-बाल बचे।

फरार दुष्कर्म आरोपी को भेजा जेल

अमृत विचार, काकोरी : पारा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया आरोपी सत्य प्रकाश (33) निवासी आवास विकास कॉलोनी बड़ा पार्क नवाबगंज कोतवाली बाराबंकी पर दुष्कर्म समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से फरार आरोपी की पुलिस को तलाश थी।

नाबालिग को गायब करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित पिता ने मामले में गौरी निवासी शगुन सोनी और उसकी मां स्वाती सोनी पर नाबालिग बेटी को मंगलवार तड़के गायब करने का आरोप लगाया। बेटी घर से 30 हजार रुपये व गहनों के अलावा किताबें भी ले गई है।

गुम मोबाइल हाथ में आते ही खिले चेहरे

अमृत विचार, लखनऊ : डीसीपी उत्तरी सर्विलांस सेल टीम 60 गुम मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे। बरामद मोबाइल की कीमत 20 लाख बतायी जा रही है। डीसीपी उत्तरी अभिजित आर. शंकर ने बताया पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज की थी।

फीस जमा करने निकले छात्र का होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

स्कूटी होटल के बाहर खड़ी देख कमरे तक पहुंचे परिजन और पुलिसकर्मी

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ बिजनौर थाना क्षेत्र का मामला सरोजनीनगर के गौरी का रहने वाला था छात्र

अमृत विचार: कॉलेज में फीस जमा करने के लिये घर से रुपये लेकर निकले बीए द्वितीय वर्ष के छात्र का शव होटल के कमरे में फंदा से लटका मिला। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन व दोस्त उसकी तलाश में होटल की तरफ पहुंचे। बाहर स्कूटी खड़ी देख, होटल कर्मियों से पूछताछ की तो कमरे बुक कर छात्र के अंदर होने की बात पता चली। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने व आरोप से इनकार किया है।

सरोजनीनगर के गौरी निवासी ठेकेदार संतोष कुमार रावत का बेटा आर्यन रावत (21) चारबाग स्थित जय नारायण डिग्री कॉलेज (केकेसी) में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। मंगलवार सुबह आर्यन घर से पैसे लेकर फीस जमा करने स्कूटी से स्कूल निकला था। दोपहर

आर्यन रावत

करीब 3 बजे तक मां से फोन पर बातचीत हुई। करीब 4 बजे से आर्यन का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। देर शाम तक घर वापस न आने पर परिजनों ने आर्यन के दोस्तों से बात की, तो वह भी कोई वाजिब जानकारी नहीं दे सके। इसके चलते परिजन उसकी तलाश में निकल पड़े। शाम करीब 7 बजे आर्यन की स्कूटी बिजनौर के मुल्लाही खेड़ा स्थित एसएस पैलेस होटल के बाहर खड़ी मिली। परिजनों ने होटल कर्मचारियों से जानकारी की तो आर्यन के कमरा नंबर -102 में रुके होने का पता चला। होटल स्टाफ ने आर्यन को आवाजें दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। तब परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस खिड़की के शीशे तोड़ कमरे में दाखिल हुई। अंदर पंखे के हुक से रस्सी पर उसका शव लटका मिला। पुलिस ने स्टाफ से पूछताछ के बाद सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बिजनौर अरविंद कुमार राणा ने बताया सुसाइड नोट नहीं मिला है, मोबाइल कब्जे में लिया है। प्रारंभिक जांच में फंदा लगा जान देने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल परिजनों ने अभी न कोई तहरीर दी है और न ही आरोप लगाया है।

शराब की खाली बोतल और दो गिलास बरामद

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमरे में शराब की एक खाली बोतल और दो गिलास मिले हैं। इससे कमरे में किसी और के भी साथ होने की अटकलें हैं। उसके जाने के बाद नशे में फंदा लगाने की आशंका है। फिलहाल स्टाफ ने किसी अन्य के साथ में दिखने की बात से इनकार किया है।

दोस्त खोजते हुए पहुंचे होटल तो हुई जानकारी

होटल स्टाफ की मानें तो आर्यन सुबह करीब 11:15 बजे स्कूटी से होटल पहुंचा, जहां कमरा नंबर 102 बुक कराया। शाम करीब 6:30 बजे तीन दोस्त उसे ढूंढते हुए होटल पहुंचे थे। इसके दरवाजा नहीं खुलने पर पुलिस के आने व शव फंदे पर लटका होने की जानकारी हुई।

कार से बी-फार्मा छात्र को अगवा कर सटाया तमंचा, तीन घंटे पीटा

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

▸▸ बीकेटी थाने में छात्र ने दबंगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

अमृत विचार : बीकेटी में कॉलेज जाते समय बीफार्मा छात्र को कुछ युवकों ने कार से अगवा कर दिया। फिर उनकी कनपटी पर तमंचा सटा तीन घंटे तक बंधक बना कार में पीटते रहे। सुनसान जगह में छात्र का कार का शीशा तोड़कर भाग निकला। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। हालांकि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से सीतापुर जनपद के कमलापुर निवासी उत्कर्ष सिंह बीकेटी के एक निजी संस्थान से बी-फार्मा की पढ़ाई कर रहा है। छात्र ने बताया कि मंगलवार सुबह वह घर से कॉलेज आया था। बस स्टैंड पर उतरकर वह कॉलेज जाने वाली सड़क पर पैदल बढ़ने लगा। तभी पीछे से क्रेटा सवार युवकों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया। उत्कर्ष ने बताया कि गाड़ी में उसके गांव के रहने वाले रामनरेश, आशीष और अरविन्द समेत दो अज्ञात लोग भी मौजूद थे। आरोप है कि उसके अगवा करने के बाद युवकों ने उनकी कनपटी में तंमचा तान चलती कार में जमकर पीटा। इसके इलाके युवकों ने करीब तीन घंटे तक उसे बंधक बना सड़क पर इधर-उधर गाड़ी घुमाकर पीटते रहे। इसके बाद युवक एक सुनसान स्थान पर गाड़ी लॉक कर लघुशंका करने लगे। छात्र ने बताया कि इस दौरान उसने कार में रखी एक सरिया से गाड़ी का शीशा फोड़ दिया। जिसके बाद वह युवकों के चंगुल से बच निकला।

पिता से आरोपियों ने की थी मारपीट

छात्र ने बताया कि गत 4 अप्रैल को पिता उमेश सिंह का झगड़ा रामनरेश, आशीष और अरविंद से हुआ था। इसके बाद पिता ने सिधौली थाने में इन तीनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने बाद से तीनों छात्र के पिता को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लगा रहा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

लापता युवक का इंदिरा नहर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दोस्त के साथ निकला था दो दिनों से था लापता

अमृत विचार : नगराम इलाके से निकली इंदिरा नहर में बुधवार को युवक का शव देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से शव निकलवाया, तलाशी में मिले मोबाइल से उसकी पहचान हुई। परिजन ने आरोप से इनकार किया है।

मूलतः बाराबंकी जनपद के साबुवापुर थाना के लोनी कटरा निवासी दिनेश कुमार थारू (30) बाइक से सोमवार को माता पिता से मिलकर साथी चंदन के संग ससुराल लौट रहा था। दोनों शराब के नशे में धुत थे। देर शाम गोसाईगंज थाना क्षेत्र में नहर किनारे हुये हादसे में दोनों घायल हो गए थे। चंदन ने पुलिस को सूचना दी, लेकिन दिनेश का पता नहीं चलने पर बाइक लेकर घर चला गया था। इसके बाद परिजन ने खोजबीन की लेकिन दिनेश नहीं मिला। बुधवार सुबह अचली खेड़ा बैराज नहर में दिनेश का शव मिला। दिनेश और चंदन मजदूरी करते हैं। दिनेश के परिवार में माता पिता, पत्नी निशा, दो बच्चे संदीप (8) और एक माह की बेटी है। पत्नी होली से मायके में थी। इंस्पेक्टर नगराम विवेक कुमार का कहना है कि अभी तक परिजनों ने आरोप नहीं लगाए हैं।

पड़ोसी पर घर में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में महिला ने पड़ोसी पर घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। थाना अंतर्गत मोतीझील कॉलोनी निवासी पीड़िता माया सिंह पत्नी स्व. अमित सिंह ने बताया कि वह घर में नाबालिग बेटे के साथ रहती हैं। मंगलवार दोपहर 2 बजे पड़ोसी रणविजय सिंह जो खुद को बीएसएफ में तैनात बताते हैं, राघवेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, सरिता, छाया व मनीष सिंह के साथ घर में घुस तोड़फोड़ व मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उन्हें बचाने आये नाबलिग बेटे को भी पीटा। पीड़िता ने मारपीट के दौरान उसके सोने का सामान भी छीनने की बात कही है। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार पड़ोसी हैं। इनके बीच मकान की सीढ़ियों को लेकर विवाद चल रहा है। इसकी पुलिस को जानकारी है। कई बार दोनों के बीच समझौता कराया जा चुका है। इंस्पेक्टर सरोज कुमार आर्य ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुकानदार को मरणासन्न करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

डीसीपी साउथ ने किया वारदात का खुलासा भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम इलाके में कॉस्मेटिक दुकानदार पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी की है। हमलावरों से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर जेल भेज दिया। ट्रॉमा में भर्ती दुकानदार की हालत नाजुक बनी है। डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह ने मामले का खुलासा किया। बताया मूलत : रायबरेली निवासी गोविंद कुमार (25) नगराम इलाके में छतौनी मार्केट में कॉस्मेटिक दुकान चलाते हैं। 7 अप्रैल की रात को दुकान बंद कर बाइक से घर लौटते समय दुकान से कुछ दूरी पर दो युवकों ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया था। गोविंद की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को नगराम इंस्पेक्टर विवेक कुमार ने टीम संग अब्बास नगर पुलिया के पास से दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों की पहचान नन्हकू उर्फ शिवराम और फूल सिंह निवासी छतौनी, थाना नगराम के रूप में हुई।

पत्नी से अभद्रता करने पर बदला लेने का बना लिया था मन–डीसीपी को आरोपी नन्हकू ने बताया उसकी पत्नी एक हफ्ते पहले गांव में लगने वाले मेला में घूमने गई थी। जहां गोविंद ने उसकी पत्नी के साथ अभद्रता की थी। पत्नी ने मामला पति नन्हकू को बताया था। तब मेले में दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद से ही नन्हकू ने गोविंद से बदला लेने का मन बना लिया था। इसी के चलते 7 अप्रैल को दोस्त फूल सिंह के साथ गोविंद को मरणासन्न कर दिया था। गोविंद पीजीआई के एपेक्स ट्रामा सेंटर टू में भर्ती है। जहां हालत नाजुक बताई जा रही है।



ईद के मौके पर नक्खास बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ की वजह से लगा लंबा जाम। अमृत विचार

थाने में हंगामा करने वालों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पारा पुलिस ने 35 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : पारा थाना अंतर्गत हंसखेडा कॉलोनी की 19वी मंजिल बिल्डिंग निवासी जीएसटी स्टेनो रचना कटियार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मंगलवार को मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष वालों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पारा थाने के बाहर प्रदर्शन किया था। सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 35 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गौरतलब है कि 8 अप्रैल को हंसखेडा कॉलोनी की 19वी मंजिल बिल्डिंग निवासी जीएसटी स्टेनो रचना कटियार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इसके बाद मृतका के परिजनों पति देवेश व उसके पारिवारिक सदस्यों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, मंगलवार को मृतक के घर वाले पोस्टमार्टम के बाद पारा थाने पहुंचे और ससुराल पक्ष वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से समझाने का प्रयास किया। बावजूद इसके वह अपनी जिद पर अड़े रहे। जिससे सरकारी काम में काफी बाधा उत्पन्न हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इसके बाद प्रदर्शन में शामिल 35 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

सिपाही की पत्नी ने थाने पर किया हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली में महिला ने सिपाही पति के साथ रहने को लेकर जमकर हंगामा काटा। बरेली का रहने वाला सिपाही मोहनलालगंज थाने में तैनात है। बुधवार को एक महिला ने थाने पहुंचकर सिपाही को अपना पति बताते हुए उसके साथ रहने के लिए अड़ गई लेकिन सिपाही ने जब महिला को अपने साथ रखने से इन्कार कर दिया तो महिला थाने पर हंगामा करने लगी और थाने में ही कलाई काटकर जान देने की धमकी देने लगी। थाने मे हंगामा होता देख लोगों की भीड़ जुट गई। हंगामा कर रही महिला को महिला पुलिसकर्मियों ने समझाकर शान्त कराया। महिला ने सिपाही पति के विरूद्व तहरीर दी है। एसीपी राधा रमण सिंह के मुताबिक पति-पत्नी के बीच विवाद है। महिला ने अपने पति व पति के परिवारवालों के विरूद्व बरेली में दो केस दर्ज कराए थे जिनकी विवेचना चल रही है। मुकदमे के बाद पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे हैं।

सार-संक्षेप

साइबर अपराधी ने एडीजी अभियोजन से की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड कोतवाली में एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, महानगर कोतवाली में सिपाही ने एक लाख खाते से निकाले जाने और आशियाना कोतवाली में जितेश अग्रवाल ने ब्लैकमेलिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा ने बताया 2 अप्रैल को विभागीय मीटिंग में थे। तभी अन्जान नम्बर से कॉल आई। उधर से बात करने वाले ने टेलीकॉम कर्मी के तौर पर परिचय दिया था। एडीजी से कहा आपके मोबाइल का बिल जमा नहीं है। कनेक्शन कट जाएगा। इसलिए जल्द रुपये जमा करें। आरोपी ने अकाउंट नम्बर भी बताया था। मीटिंग में व्यस्तता के चलते उन्होंने खाते में रुपये भेज दिए। कुछ देर बाद धोखाधड़ी होने का पता चलने पर विभूतिखंड कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अजय कुमार गौतम से झांसी निवासी विशाल ने एक लाख रुपये ठग लिये। अजय को कॉल कर बातों में उलझाये रखा।

जनधन योजना के नाम पर महिला से धोखाधड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग कोतवाली में एक महिला ने जनधन योजना के नाम धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, कृष्णानगर में जालसाजों ने एक महिला का कार्ड बदल खाते से 75 हजार रुपये निकल लिए है। शान्तीनगर छोटा बरहा निवासिनी सौम्या श्रीवास्तव की चचेरी बहन कशिश श्रीवास्तव के मोबाइल पर अन्जान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने उन्हें जनधन योजना के तहत खाते में रूपया भेजने का झांसा दिया। जिस पर 10 रुपये भेजकर बाकी रुपये यूपीआई के माध्यम से खाते में भेजने की बात कही गयी थी। जिसके बाद उसने पुन : फोन कर उसके खाते में गलती से 30 हजार रुपये भेजने की बात कहते हुए उसे दो बार में ऑनलाइन 12 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत जाफर खेडा बाराबिरवा निवासी शकुन्तला देवी का बेटा अमन गौतम गत 5 अप्रैल को बाराबिरवा कानपुर रोड पर केनरा बैंक शाखा के एटीएम से पैसा निकालने गया था। जहां पहले से मौजूद जालसाजों ने झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। जिसके बाद कई बार में खाते से 75 हजार रुपये निकल गये।

रियल एस्टेट कारोबारी से मांगी रंगदारी

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात लोगों फोनकर्ताओं पर रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि रियल एस्टेट कारोबारी जितेश अग्रवाल शारदा नगर रतन खंड में सपरिवार रहते है। लिखित शिकायत में कारोबारी ने बताया कि कुछ माह से अलग-अलग नम्बरों से फोन पर उनसे रंगदारी मांगी जा रही है। विरोध करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। जिससे भयभीत होकर उनकी पत्नी ने यूपीआई माध्यम से दस हजार रुपए ट्रांसफर कर दिये। बावूजद इसके फोनकर्ता उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने में दो पर कार्रवाई

अमृत विचार, सरोजनीनगर : नाबालिग को आत्महत्या के लिये उकसाने के मामले में नामजद युवक को जेल और दूसरे नाबालिग आरोपी को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया। मृतका के भाई की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मूलत : गोंडा जिले के कोटिया गांव निवासी विवेक सिंह परिवार संग सरोजनीनगर के बेहसा स्थित किराए के मकान में रहते हैं। 12 मार्च को उनकी बहन लक्ष्मी (15) ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। इसी दिन लक्ष्मी की सहेली ने भी जहरीला पदार्थ खा जान देने की कोशिश की थी। उक्त किशोरी ने विवेक से बताया था कि एक युवक व किशोर दोनों को परेशान कर रहा था। इसके आधार पर विवेक ने दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुधवार को मोहल्ला निवासी आरोपी आदर्श उर्फ टाइगर व उसके नाबालिग साथी को पकड़ा। युवक को जेल व नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

टेम्पो से जा रही महिला की चेन चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में टेम्पो में बैठकर गोसाईगंज की मार्केट करने जा रही एक बुजुर्ग महिला की सोने की चेन चोरी हो गई। पीड़ित महिला को शक है कि टेम्पो में बैठी अन्य महिलाओं ने उसकी चेन चोरी कर रास्ते में उतर गईं। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, महिपालखेड़ा निवासी गुड्डी देवी सुबह करीब 11 बजे बेटी के साथ अर्जुनगंज जा रही थी। टेम्पो में सवार होने के कुछ देर बाद ही चार महिलाएं भी आकर बैठ गई। जो लगातार बातें कर रही थी। उन्होंने गुड्डी और उसकी बेटी को भी बातों में उलझा लिया और मौका मिलते ही चेन गायब कर दी। पीड़िता के मुताबिक झिलझिला मोड़ के पास टेम्पो रुकवा कर महिलाएं उतर कर चली गई। जिसके बाद गुड्डी को चेन गायब होने का पता चला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

हाइटेंशन तार में खराबी के चलते गुल रही बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : निगोहां विधुत सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन में आई खराबी के चलते बुधवार दोपहर निगोहां उपकेंद्र से सम्बंधित दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई। इस दौरान तेज गर्मी के कारण लोग बेहाल रहे उपभोक्ताओं ने बताया कि बुधवार दोपहर लगभग 1 बजे गुल हुई बिजली को बहाल करने में लेसाकर्मियों ने घण्टो हाईटेंशन लाइन की पेट्रोलिंग की बछरावां के शिवगढ़ रोड पर 33 केवी का केबिल ब्लास्ट होने की जानकारी मिली लेसा कर्मियों ने केबिल की मरम्मत कर आपूर्ति चालू होने के 5 मिनट में ही केबिल पुन : ब्लास्ट हो गया जिसके चलते निगोहां क्षेत्र देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा।

स्कार्पियो लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बदमाशों को दबोचा

अमृत विचार : तमंचा दिखाकर स्कार्पियो लूटने वाले दो बदमाशों को क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से दो बाइक और दो मोबाइल मिले हैं। फिलहाल, पुलिस ने मामले का खुलासा कर बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, इंदिरानगर के तकरोही शहीद भगत सिंह वार्ड निवासी ठेकेदार दिनेश यादव ने 2 अप्रैल को गोमतीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। ठेकेदार का आरोप था कि, चालक शान बाबू विश्वास खंड में बलरामपुर चीनी मिल कार्यालय के बाहर स्कॉर्पियों में बैठा था। तभी दो लुटेरे चालक की पिटाई कर गाड़ी होकर फरार हो गए थे। हालांकि, हुसेड़िया चौराहे के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इसके बाद बदमाश एक बाइक सवार से गाड़ी छीनकर घटनास्थल से चंपत हो गए थे। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मंगलवार देर रात पुलिस आरआर बंधा रोड पुल के पास मैनपुरी के करहल निवासी विशाल अंकुश यादव और इटावा के सैफई निवासी विवेक यादव उर्फ सुमित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्त में आए बदमाश विवेक यादव उर्फ सुमित के खिलाफ 17 मुकदमे इटावा समेत अन्य जनपदों में दर्ज हैं।

पार्टनरशिप करने का झांसा देकर व्यापारी से ऐंठे 24 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद थाने में एक व्यापारी ने ठेकेदार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक सुनील आजाद के मुताबिक, गन्नेवाली गली निवासी नवाज रसूल ने ठेकेदार वासिफ अली पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि ठेकेदार ने अपनी फर्म में पार्टनरशिप देने के साथ मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर कई मदों में उससे 24 लाख रुपये निवेश कराए। बावजूद इसके पीड़ित को मुनाफा नहीं मिला। रुपये मांगने पर ठेकेदार आनाकानी करने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर ठेकेदार पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, सआदतगंज कोतवाली में पशुपालन निदेशालय में लिपिक पर नियुक्ति का झांसा देते हुए चौपटिया निवासी प्रतियोगी छात्र मो. जुनैद से अशवाक हुसैन ने आठ लाख की धोखाधड़ी की गई।

ठहराव स्थल बने डग्गामार वाहनों का केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ यातायात पुलिस बनी रहती है मूक दर्शक

अमृत विचार: अवध चौराहे पर खुलेआम डग्गामार वाहन सवारियों को बैठा रहे हैं। इन्हें न तो आरटीओ का डर है और न ही यातायात पुलिस का। ये डग्गामार वाहन क्षमता से अधिक सवारियां बैठाते है जिससे कभी भी हादसा होने की संभावना बनी रहती है।

शहर में आये दिन डग्गामार वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है और इन वाहनों पर अंकुश लगाने वाला भी कोई नहीं है। इन डग्गामार वाहनों के पास परमिट भी नहीं होता है। ज्यादातर यह प्राइवेट नंबर की गाड़ियां होती है। डग्गमार वाहनों के कारण जहां रोडवेज विभाग को लाखों रूपये महीना की चपत लग रही है। वहीं परमिटधारी वाहन स्वामियों को भी इसका नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। सम्बंधित विभागों द्वारा कार्रवाई न किए जाने से परमिटधारी वाहन स्वामियों में भी खासा रोष बना हुआ है।

अवध चौराहे पर सवारियां बैठाता डग्गामार वाहन अमृत विचार

अवध चौराहे पर नगर निगम द्वारा संयुक्त मोर्चा को ठहराव स्थल के लिए आवंटित की गई पर डग्गामार वाहन बखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। टैम्पो टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा यातायात सहायक नियुक्त किए गए है जिससे कि अवध चौराहे पर जाम न लगे लेकिन डग्गामार वाहनों के द्वारा सड़क पर ही खुलेआम सवारियां भरी जाती है रोजाना जाम की समस्या बनी रहती है। इस संबंध में कई बार यातायात ट्रैफिक अधिकारी और आरटीओ को सूचित किया है लेकिन इन डग्गामार वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती हैं।

अनुरक्षण कार्य का अंतिम दिन, नहीं मिलेगा शटडाउन

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में अनुरक्षण कार्य के लिए अब उपकेंद्र कर्मचारियों को शटडाउन नहीं मिलेगा। इसके लिए अधिकारियों की सहमति लेने के साथ समस्या को भी बताना होगा। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि दस अप्रैल अनुरक्षण कार्य की अंतिम समय सीमा को तय किया गया। जिसके बाद उपकेंद्र के फीडरो, पेटीफ्यूज, जम्फर और पेड़ों की कटाई-छटाई के कार्य के लिए अधिकारियों को अवगत कराने के साथ खराबी को ठीक करने में लगने वाले समय को भी बताना होगा। साथ ही जिन इलाकों में अनुरक्षण कार्य को पूर्ण कर लिया गया। वहां की बिजली आपूर्ति के बाधित होने के कारणों को बताना होगा। जिसके बाद संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी को तय किया जायेगा। शहर में अब सिर्फ बिजनेस प्लान और आरडीएसएस योजना के तहत होने वाले कार्यों को ही कराया जायेगा।

मानव तस्करी मामला | एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट ने राहुल उर्फ आरुष गौतम के पिता से की पूछताछ

कहानी पर उठ रहे सवाल, किसका मोबाइल कर रहे इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ आरोपियों को दबोचने के लिए म्यांमार एम्बेसी में सूचना देकर एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी

अमृत विचार : म्यांमार में बंधक बताए जा रहे सिविल इंजीनियर सागर चौहान (24) और अजय वाट्सएप कॉल से लगातार संपर्क कर रहे हैं। यह मोबाइल किसका है, इस बात की जानकारी मामले की तफ्तीश कर रही एएचटीयू (एंटी ट्रैफिकिंग यूनिट) को भी नहीं हैं। बुधवार को एएचटीयू ने एफआईआर में नामजद राहुल उर्फ आरूष गौतम के पिता गणेश प्रसाद से पूछताछ की है। जिसके बाद आधार पर एएचटीयू कई पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। वहीं, मामला तूल पकड़ने पर भारत सरकार ने म्यांमार एम्बेसी को सूचना देते हुए म्यांमार एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी कर आरोपियों के पासपोर्ट को इनवैलिड कर दिया है। ताकि, आरोपी दूसरे देश में पनाह न ले सकें।

गौरतलब है कि 6 अप्रैल को आधार खेड़ा कुर्सी रोड गुडम्बा निवासी रियल एस्टेट व स्टील कारोबारी जोगिन्दर चौहान ने एएचटीयू में एजेंट रॉबिन हुड और राहुल उर्फ आरूष गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गत 26 मार्च को राहुल उर्फ आरुष गौतम भाई सागर व उसके दोस्त अजय को मलेशिया में नौकरी दिलाने की बात कहकर म्यांमार ले गया। जहां बंधक बना उसने साइबर ठगी से जुड़े काम कराए जाने लगे। मना करने पर दोनों से मारपीट की जाती है और जान से मारने की भी धमकी मिलती है। जोगिंदर ने दोनों को छुड़वाने के लिए आरोपियों के खाते में 8.14 लाख रुपये भी ट्रांसफर किए। बावजूद इसके आरोपियों ने उन्हें मुक्त नहीं किया।

रियल एस्टेट व स्टील कारोबारी जोगिन्दर चौहान ने बताया कि बुधवार को वाट्सएप कॉल पर अजय से उनकी बातचीत हुई थी। उन्होंने भाई सागर से बात करने की इच्छा जाहिर की थी। तब अजय ने बताया कि सागर को दूसरे कमरे में बंद रखा गया है। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल भी जब्त कर लिए है। जोगिंदर ने बताया कि 06 अप्रैल को आखिरी बार भाई सागर चौहान से वाट्सएप कॉल पर बातचीत हुई थी।

एजेंट के सहयोग से होती है साइबर ठगी

एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक दशरथ सिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने राहुल उर्फ आरूष गौतम के पिता गणेश प्रसाद से कई घंटे तक पूछताछ की। उन्होंने बताया कि राहुल के पिता खेतीबाड़ी करते हैं। करीब तीन माह पूर्व राहुल मलेशिया से लौटा था। इसके बाद अचानक ड्यूटी ज्वाइन करने की बात कहकर वह मलेशिया के खिलाफ रवाना हो गया। सूत्रों की मानें तो, राहुल साइबर ठगी के काम से जुड़ा है। विदेश में नौकरी करने की चाहत रखने वाले युवाओं को रोजगार का लालच देकर फंसाता है। फिर एजेंट रॉबिन हुड के सहयोग से उन्हें बाहर ले जाकर साइबर ठगी करता है।

इनवैलिड किया गया पासपोर्ट

एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला तुल पकड़ने पर फौरान भारत सरकार ने म्यामंर एम्बेसी को सूचना देते हुए म्यामंर एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी कर दिया है। इसके अलावा आरोपी राहुल उर्फ आयुष गौतम का पासपोर्ट भी इनवैलिड कर दिया। ताकि, आरोपी किसी अन्य देश में पनाह न ले सके। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोबाइल को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, पुलिस बारीकी से जांच करने में जुटी है। वहीं जोगिंदर ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल से भी मदद की गुहार लगाई है।

एक नजर

अजय ने जीता स्वर्ण अस्मिता को रजत

अमृत विचार, लखनऊ : माल्टा में बीते 4 से 7 अप्रैल तक आयोजित कॉमनवेल्थ जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के जूडोकाओं ने जलवा बिखेरा। भारतीय जूडो टीम में शामिल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। अजय यादव ने 81 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण और अस्मिता डे ने 48 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। अजय यादव एवं अस्मिता डे उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात हैं। उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन के महासचिव मुनव्वर अंजार के अनुसार जूडो फेडरेशन और कॉमेनवेल्थ जूडो फेडरेशन के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उन्होंने प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

राम हनुमत महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 13 से

अमृत विचार, लखनऊ : राम हनुमत महोत्सव का दो दिवसीय भव्य आयोजन हनुमत सेवा समिति की ओर से 13 और 14 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जायेगा। इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ, भजन एवं विख्यात हनुमत संग्रहालय दर्शन भी मिलेगा। संयोजक विवेक पाण्डेय ने बताया कि लिम्का एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी भी इस मौके पर लगाई जाएगी। उसमें चालीस हजार से अधिक हनुमान जी की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेन्टिंग और पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि पहले दिन शनिवार 13 अप्रैल को शाम 4.30 बजे मंगलाचरण के बाद 4.45 बजे स्थानीय प्रख्यात सुंदरकाण्ड गायक गोपाल मिश्र द्वारा सुंदरकाण्ड का सस्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा।

घर में जीत का चौका लगाने को लखनऊ सुपर जायंट्स तैयार

अभ्यास सत्र : ईशांत के साथ ही ऋषभ पंत पर रही टीम प्रबंधकों की नजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सपुर जायंट्स (एलएसजी) जीत का चौका लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। आईपीएल के इस सत्र में एलएसजी ने घर में दो मुकाबलों सहित तीन में जीत दर्ज की है। एलएसजी का मुकाबला शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होना है।

इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों ने बुधवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास किया। टीम से जुड़े लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, एलएसजी के कई खिलाड़ी अभ्यास के लिए स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम पहुंचे। अभ्यास सत्र के दौरान टीम प्रबंधन के साथ वहां मौजूद सभी की निगाहें एलएसजी के स्पीड स्टार गेंदबाज मयंक यादव पर लगी रही। लेकिन मयंक ने अभ्यास से दूर ही रहे।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम आज चीफ कोच रिकी पोंटिंग और ऋषभ पंत के साथ अभ्यास के लिए इकाना स्टेडियम पहुंची। यहां पर टीम ने क्षेत्र रक्षण का अभ्यास किया और उसके फुटबॉल मैच खेला। बी ग्राउंड पर टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में जमकर पसीना बहाया। मेजबान एलएसजी के खिलाड़ियों ने देर रात तक अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान कोच लैंगर और कप्तान राहुल खिलाड़ियों पर नजरें जमाए रहे। अभ्यास सत्र में डिकॉक और स्टॉयनिस ने लंबे छक्के लगाए।

दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को एलएसजी की टीशर्ट देने के दौरान बातचीत करते टीम लखनऊ के खिलाड़ी मयंक यादव व क्रुणाल पाड्या। अमृत विचार

लांस क्लूजनर

दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को दी टीशर्ट

लखनऊ सुपर जांयट्स के खिलाड़ियों ने मैदान पर प्रेक्टिस देखने पहुंचे डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के व्हीलचेयर क्रिकेटरों से मुलाकात की। इसमें इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान सोमजीत सिंह, काउंसिल के ज्वाइंट सेक्रेटरी स्क्वाड्रन लीडर अभय प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), खिलाड़ी शैलेश, इरफान, सुधीर, आकार आदि उपस्थित रहे। टीम प्रबंधन की ओर से उन्हें टीशर्ट दी गई।

राहुल जल्द ही अपनी लय पा लेंगे: क्लूजनर

लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के सहायक कोच एवं दिग्गज दक्षिण अफ्रीकी हरफनमौला खिलाड़ी लांस क्लूजनर का कहना है कि आईपीएल में हमारी टीम शानदार प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रही है। कप्तान केएल राहुल की मौजूदा फार्म को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, जल्द ही वह अपनी लय पा लेंगे। गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि लखनऊ की पिच शानदार है। यहां पर पहले या बाद में बल्लेबाजी से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। पिछले वर्षों की तुलना में अब पिच बेहतर खेल रही है। तेज गेंदबाज मयंक यादव सहित टीम के अन्य खिलाड़ियों के लगातार अनफिट होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी टीम के असिस्टेंट कोच है और उनकी जिम्मेदारी टीम को पावर हिटिंग के लिए तैयार करना है। खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर वह कुछ नहीं बोले।

▶▶ आज भी नहीं भूल पाए 1999 विश्वकप सेमीफाइनल की कड़वी यादें : 1999 के विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के सामने ऑस्ट्रेलिया टीम थी। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए जब एक ओवर में 17 रन चाहिए थे, उस समय विकेट पर लांस क्लूजनर और एलेन डोनाल्ड मौजूद थे। लांस ने चार गेंद में चार चौके लगाए थे। टीम को जीत के लिए मात्र एक रन चाहिए था। इसी दौरान डोनाल्ड दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रनआउट हो गए और ड्रॉ होने के बावजूद नियमों के अनुसार दक्षिण अफ्रीका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। क्लूजनर ने कहा कि मैच में जिम्मेदारी हम बल्लेबाजों की थी। डोनाल्ड जैसे गेंदबाजों की नहीं। आज भी जब भी उस मैच को भूल नहीं पाता हूं।

265 सीटों पर चयन के लिए 710 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ तीन स्पोर्ट्स कॉलेजों में दाखिले के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित

अमृत विचार : प्रदेश की तीनों स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिले की चरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। इसके लिए मुख्य चयन परीक्षा हो चुकी है। बीते 3 से 8 अप्रैल तक आयोजित हुई चयन परीक्षा में 710 अभ्यर्थियों ने ट्रायल दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, प्रदेशभर के तीनों ही स्पोर्ट्स कॉलेज में विभिन्न खेल की सीटों पर कुल 265 दाखिले ही लिए जाएंगे।

लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोटर्स कॉलेज, सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज और गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया जल्द पूरी की जानी है। खिलाड़ियों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया अगले सप्ताह सोमवार से शुरू हो जाएगी।

तीनो कॉलेजों की प्रबंध समिति के सचिव अजय कुमार सेठी के अनुसार सभी कॉलेजों में नया सत्र अप्रैल माह के अंत में शुरू किया जाएगा। यह सत्र 30 मई तक चलेगा। ग्रीष्म कालीन अवकाश जून में रहेगा। जुलाई में खिलाड़ियों की ट्रेनिंग फिर शुरू की जाएगी। दाखिले के लिए सबसे अधिक भीड़ क्रिकेट में हुई है। उसके बाद हॉकी और फिर एथलेटिक्स है।

कुछ खेलों में सीटें अधिक, खिलाड़ी कम

कुछ खेल ऐसे हैं जिनमें सीटे अधिक है, लेकिन इनमें दाखिले के लिए मुख्य चयन परीक्षा में शामिल खिलाड़ियों की संख्या कम है। इनमें जूडो बालिका वर्ग में 14 सीटें है, जबकि 7 खिलाड़ी ही मुख्य परीक्षा में शामिल हुए। इसी तरह से तैराकी बालक में 7 सीटें हैं जबकि 6 खिलाड़ी मुख्य चयन परीक्षा में शामिल हुए। वॉलीबाल बालिका में 13 सीटें हैं लेकिन 7 खिलाड़ी ही मुख्य चयन परीक्षा में पहुंचे। ऐसे में कॉलेजों की खाली सीटों को भरने के लिए कॉलेज प्रशासन फिर से ट्रायल आयोजित कर सकता है यहां मैरिट के आधार बचे हुए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा, इस बार में प्रबंध समिति ने अभी कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना: (1) **अल्पकालीन ई. निविदा संख्या 01. वि.पा.मं.(प्र.)ल./2024.25,** विद्युत पारेषण खण्ड–प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र जेहटा, लखनऊ, पर 33 के0वी0 बसंत कुन्ज योजना सेक्टर I और सेक्टर J 'बे' के निर्माण सम्बन्धी कार्य एवं आपूर्ति हेतु की ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 11.04.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 20.38 लाख का कार्य की अवधि 30 दिन, धरोहर धनराशि रू. 21,000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 25.04.2024 को 16:00 बजे तक है। (2) **अल्पकालीन ई. निविदा संख्या 02.वि.पा.मं.(प्र.)ल./2024.25,** विद्युत पारेषण खण्ड –तृतीय, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मोहनलालगंज, लखनऊ, पर 33 के0वी0 मेसर्स पी0जी0वाई0टी0एल0 'बे' के निर्माण सम्बन्धी अन्य कार्य एवं आपूर्ति हेतु की ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 11.04.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 05.65 लाख का कार्य की अवधि 30 दिन, धरोहर धनराशि रू. 6,000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 25.04.2024 को 16:00 बजे तक है। अतः उपरोक्त वर्णित ई. निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई. निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई. निविदा अथवा सभी ई. निविदाओं को अस्वीकार / विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए। **''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल – प्रथम, उ.प्र. पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि., कक्ष सं. 111 से 114, भू–तल, पारेषण भवन, विभूति खण्ड– II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ। पत्रांक: 682/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांक: 09.04.2024**

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं: 07-DYCEGA-2024

उप मुख्य इंजीनियर/गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये आनलाइन खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया जा रहा है:–

क्रम सं.-1, कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-1-उत्तरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.- 619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा तक को जोड़ने वाली सड़क के पूर्व। अनुमानित लागत: ₹ 1,03,36,400.20, बयाने की राशि: ₹ 2,01,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-2,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-2-उत्तरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-ब्लाक सं.- 619, 620 से राष्ट्रीय विद्यालय और जटेपुर चौराहा, ड्राइवर रनिंग रूम, जुनियर इन्स्टीट्यूट को सम्मिलित करते हुए जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत: ₹ 83,46,086.00, बयाने की राशि: ₹ 1,66,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-3,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-3-जटेपुर-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्सन इन्जीनियर-कार्य-जटेपुर कार्यालय, रेलवे बालक स्कूल, ब्लाक संख्या-646 से जटेपुर क्रासिंग, एल-16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पश्चिम और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पश्चिम। अनुमानित लागत: ₹ 94,31,149.75, बयाने की राशि: ₹ 1,88,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-4,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-4-जटेपुर-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सीनियर सेक्सन इन्जीनियर-कार्य-जटेपुर कार्यालय, रेलवे बालक स्कूल, ब्लाक संख्या-646 से जटेपुर क्रासिंग, एल-16 से एल-13, 149 से 160 एवं 159 तक के सड़क के पूरब और कृष्णानगर रेलवे कालोनी को जोड़ने वाली सड़क के पूरब। अनुमानित लागत: ₹ 1,02,95,347.25, बयाने की राशि: ₹ 2,01,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-5,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-5-डेयरी-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के दक्षिण, केबुल हाउस एवं आर.पी.एफ. बैरेक को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 73,87,509.25, बयाने की राशि: ₹ 1,47,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-6,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-6-डेयरी-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सरकुलर रोड के उत्तर, स्काउट डेन को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 67,49,979.56, बयाने की राशि: ₹ 1,35,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-7,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-7 (डेयरी-III) के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-रेलवे चिकित्सालय। अनुमानित लागत: ₹ 65,48,156.00, बयाने की राशि: ₹ 1,31,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-8,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-8 मध्य-I के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-स्टोर डिपो के गेट के तरफ जाने वाले सड़क के पश्चिम से सीधे जाने वाली सरकुलर रोड, लोको स्पोर्ट्स ग्राउण्ड, सी.से.इंजी. कार्य-मध्य कार्यालय, हस्त कला केन्द्र, उद्यान निरीक्षक-प्रथम, सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 1,03,79,997.30, बयाने की राशि: ₹ 2,01,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-9,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-9 मध्य-II के जोन कार्य का निष्पादन। क्षेत्र-सड़क के पूरब स्थित क्षेत्र, मसाला घर एवं उद्यान निरीक्षक-द्वितीय को सम्मिलित करते हुए। अनुमानित लागत: ₹ 1,06,44,704.50, बयाने की राशि: ₹ 2,03,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025, **क्रम सं.-10,** कार्य का नाम: गोरखपुर में-उप मुख्य इंजीनियर-गो.क्षे. के अधीन वर्षान्त 30-06-2025 हेतु जोन संख्या-20 के जोन कार्य के अन्तर्गत सनइं/उत्तर के कार्यक्षेत्र में सड़क मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 1,09,60,420.00, बयाने की राशि: ₹ 2,04,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, समापन अवधि: 30-06-2025,

कुल योग: ₹ 9,10,79,749.81

(1) ई–निविदा के खुलने की तिथि क्रमांक 01 से 10 तक दिनांक 06-05-2024 को 11:00 बजे। ● ई–निविदा के क्रमांक 01 से 10 तक की बिडिंग दिनांक 22-04-2024 से 06-05-2024 को समय 10:59 बजे तक प्राप्त की जायेगी। ● उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। ● यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इन्जीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू–09

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

नवरात्र के दूसरे दिन माता के मंदिरों में लगी भक्तों की कतार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवरात्र के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी मां भगवती के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का पूजन किया। माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी थी। जयकारों के बीच भक्तों ने दर्शन-पूजन किया। कुछ मंदिरों में श्वेतांबर श्रृंगार हुआ तो कुछ जगह मां ने केसरिया परिधान में दर्शन दिया।

चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में नवरात्र के दूसरे दिवस पर मां दुर्गा कमल आसन पर विराजमान थी। लाल साड़ी में मां का भव्य श्रृंगार लोगों का मनमोह रहा था। मंदिर में कीर्तन-भजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वहीं, ठाकुरगंज के पूर्वी देवी मंदिर में सुबह मां ने केसरिया परिधान में भक्तों को दर्शन दिया। सुबह श्री दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन के बाद आरती हुई। इसके बाद भक्तों ने कतारबद्ध होकर मां का दर्शन किया। मंदिर संरक्षक प्रमोद कुमार शुक्ल ने बताया कि मां को पंचमेवा और नारियल का भोग लगा।

बीकेटी के नवीकोट नंदना स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में नवरात्र के दूसरे दिन माता का श्वेतांबर श्रृंगार किया गया। मंदिर की सभी देवी प्रतिमाओं को श्वेत वस्त्र और आभूषण से सजाया गया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मां ब्रह्मचारिणी का पिंडी पूजन भी हुआ। वहीं, चिनहट के प्राचीन छोहरिया माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी थी। यहां मनोकामना पूरी होने पर भक्तों ने मां का खप्पर चढ़ाया। शाम को मंदिर परिसर में भक्तों ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया।

रकाबगंज रोड स्थित चुन्नीलाल ठाकुर मंदिर में नवरात्र पर पूजा–पाठ करते लोग। अमृत विचार

बड़ी काली मंदिर में गूंजा मां का जयकारा

चौक के बड़ी काली मंदिर में बुधवार सुबह से देर रात तक मां के जयकारों की गूंज रही। सुबह माता का श्रृंगार और मंगलआरती हुई। रकाबगंज चुन्नी लाल धर्मशाला स्थित माता मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पीठ से जुड़े सुनील दुबे ने बताया कि पूजन–हवन के साथ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। बीकेटी के प्राचीन मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में दूसरे दिन सुबह से ही मुंडन, छेदन व गोदभराई जैसे संस्कार चलते रहे। देर रात तक भक्तों ने दर्शन किए।

झूलेलाल पार्क में आरती करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में पंकज सिंह व सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

आलमबाग वीआईपी रोड स्थित सिंधी आश्रम से झूलेलाल पार्क तक निकाली गई शोभायात्रा में फूलों की होली खेलते गणेशगंज के व्यापारी। अमृत विचार

सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई झूलेलाल जयंती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : झूलेलाल जयंती बुधवार को लखनऊ सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी और कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी ने संयुक्त रूप से बताया कि झूलेलाल जयंती के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सिंधी समाज को बधाई संदेश दिए है।

बधाई संदेश से लखनऊ सहित पूरे देश के सिंधी समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की है। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी और अकादमी के नानक चंद लखमानी और अध्यक्ष रतन मेघानी ने बताया कि आज लखनऊ में सुबह से ही सिंधी समाज के महिला-पुरुषों में गजब का उत्साह है।

सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में झूलेलाल जयंती के खास मौके पर पूजा-अर्चना व भंडारे के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिसमें बड़ी तादात में सिंधी समाज ने शिरकत कर अपने इष्ट की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही झूलेलाल घाट पर शिशुओं के मुंडन संस्कार व जनेऊ कार्यक्रम संपन्न हुए। शिवशान्ति आश्रम व हरिओम मंदिर सहित इंद्रा नगर सिंधी पंचायत राजाजीपुरम सहित सभी सिंधी मन्दिरों में सुबह से ही झूलेलाल जयंती समारोह आयोजित कर पूजा अर्चना और भंडारे के आयोजन किये गए।

इस अवसर पर दोपहर 1 बजे शिव शान्ति आश्रम से शोभायात्रा निकली गई, जिसको शिव शान्ति आश्रम के संत सांई मोहन लाल और संत सांई हरीश लाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा में सिन्धी महिलाओं ने आलमबाग तक कलश यात्रा निकाली।

गणेशगंज में अशोक मोतियानी और जयदेव बदलानी ने शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत अभिनन्दन कर फूलों की वर्षा भी की। इसके पहले झूलेलाल वाटिका में मुंबई से रॉक स्टार ने सिंधी गानों पर धूम मचा दी।

मेले में महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सुपुत्र पंकज सिंह शामिल हुए। जिनका सिंधी समाज ने खूब जोश-खरोश के साथ स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी और सतीश आडवानी सहित मोहन दास लाधानी अकादमी के नानक चंद लखमानी अशोक चांदवानी, गुलाब जसवानी, राजू जसवानी, विक्की दरयानी, सतीश लखमानी, नितेश मध्यान, सूरज जसवानी, नीरज राज्यपाल, दिनेश राय चंदानी, सुरेश छबलानी, श्याम कृष्ण, आनंद खत्री, इन्द्र कालानी, प्रहलाद गुरनानी, मुकेश केवलानी, जीतू जसवानी, घनश्याम केवल रमानी, नितेश मध्यान पुनीत लाल चंदानी और मन्नू तेजवानी सहित पंजाबी समाज के अनिल बजाज व बड़ी तादात में सिंधी समाज के लोग शामिल हुए।

आलमबाग स्थित वीआईपी रोड से निकलती शोभायात्रा। अमृत विचार

▶▶ सिंधी समाज के लोगों ने दोपहर 1 बजे निकाली शोभायात्रा

कार्यालय नगर पंचायत फतेहपुर बाराबंकी

पत्रांक: मेमो — दिनांक :– 10.04.2024

अपील/संदेश

1. नगर के समस्त नागरिको से अपील है कि दिनांक 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करे।
2. वोट हम सबको बराबर बनाता है, यह एक ऐसी चीज है जो जाति, धर्म या वर्ग के बीच भेदभाव नहीं करती।
3. आइए हम सब देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं।
4. प्रत्येक वोट कीमती है, मतदान करने का अवसर कभी न चूकें क्योंकि यह हमारे देश के लिए हमारा योगदान है।
5. एक मजबूत देश बनाने के लिए हमेशा अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करें।
6. जो लोग मतदान करते हैं, वे सबसे अधिक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं।
7. हर चुनाव का निर्धारण उन लोगों द्वारा किया जाता है जो सामने आते हैं।
8. यदि हम वोट नहीं देते हैं, तो हम इतिहास को नजरअंदाज कर रहे हैं और भविष्य को छोड़ रहे हैं।
9. हम सभी के अंदर कहीं न कहीं दुनिया को बदलने की शक्ति है।
10. समकालीन दुनिया में लोकतंत्र अन्य बातों के अलावा, शिक्षित और सूचित लोगों की मांग करता है।
11. नगर पंचायत के सभी वार्डो मे फागिंग व मैलाथियान का छिड़काव भी कराया जा रहा है तथा सम्पूर्ण नगर की साफ–सफाई प्रतिदिन अभियान के रूप मे करायी जा रही है।
12. प्रत्येक वार्ड मे सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक घरो से डोर टू डोर कूड़ा लेने का कार्य किया जा रहा है। अपने घर का कूड़ा, कूड़ागाड़ी कूड़ादान मे ही डाले।

(इरशाद अहमद)
अध्यक्ष
नगर पंचायत फतेहपुर,
बाराबंकी

मा0सदस्यगण
नगर पंचायत फतेहपुर,
बाराबंकी

एक नजर

मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए केकेसी कॉलेज अधिग्रहित

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए श्री जयनारायण मिश्र स्नातकोत्तर विद्यालय को अधिग्रहित कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कॉलेज के प्रशासनिक भवन अधिग्रहित करने के साथ ही पार्किंग के लिए कॉलेज के खेल मैदान को भी 18 अप्रैल से 18 मई 2024 तक के लिए अधिग्रहीत करता किया है। कॉलेज को प्रशिक्षण की समाप्ति तक अधिग्रहित परिसर की साफ-सफाई, बिजली एवं पानी की आपूर्ति करानी होगी।

लखनऊ करेगा वोट, थीम पर बनाए जाएंगे सेल्फी प्वाइंट

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दौरान 20 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से नई पहल की गई है। अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाता सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। सेल्फी प्वाइंट पर लिखा होगा कि आपका वोट आपकी ताकत। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि सेल्फी प्वाइंट पर आपका मतदान लोकतंत्र की जान, चलो मतदान की ओर, 20 मई को लखनऊ करेगा वोट आदि स्लोगन लिखे होंगे।। मतदाता इन सेल्फी प्वाइंट से प्रेरित होकर यहां सेल्फी लेंगे और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर मतदान करने के लिए संकल्प लेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी गंगवार ने मतदाताओं से आह्वान किया कि स्वयं मतदान करें, अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

वातानुकूलित सिटी बसों से सुहाना होगा सफर

भीड़भाड़ वाले 12 रूटों पर बसें चलाने की तैयारी, यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चढ़ते पारे में भी सिटी बसों में यात्रियों को ठंडक का एहसास मिलेगा। सिटी बसों में सफर करने वाले यात्रियों के आसान सफर को सिटी बस प्रबंधन वातानुकूलित बसों का संचालन करने की तैयारी में जुट गया है।

इन बसों की फ्रीक्वेंसी सड़कों पर बढ़ा दी जाएगी, जिससे अधिकांश यात्रियों को इनकी सुविधा मिल सके। फिलहाल शहर के जिन 12 रूटों पर सबसे अधिक भीड़ हो रही है, उन रूटों पर इनको चलाए जाने की तैयारी है। इन बसों से रोजाना 20 हजार यात्रियों को सफर की सुविधा मिलेगी। सिटी बस प्रबंधन के एमडी आरके त्रिपाठी ने बताया कि जिन रूटों पर इन बसों का संचालन किया जा रहा है, उन पर यात्रियों को हर आधे घंटे पर बसें मिलेंगी। ईद पर यात्रियों की भीड़ अधिक होगी। ऐसे में अधिकांश बसों को ऑन रोड ही रखा जाएगा।

इन रूटों पर दौड़ेंगी सिटी बसों -बालागंज-दुबग्गा-विराजखंड तक, राजाजीपुरम-चारबाग-देवा तक, स्कूटर इंडिया-चारबाग-निशातगंज-इंजी. कॉलेज तक, बालागंज-जेहटा मॉल-अतरौली-गोड़वा तक, घंटाघर चौक-कसमंडी-मॉल तक, दुबग्गा से मोहनलागंज तक, दुबग्गा-चारबाग-गंगागंज तक, घंटाघर चौक-संडीला-नीमसार तक, चारबाग से चंद्रिका देवी तक, पीजीआई-चारबाग-इंजी. कॉलेज तक, दुबग्गा टेढ़ी पुलिया, बड्डूपुर तक और घंटाघर चौक-संडीला के बीच ई बसों का संचालन होगा।

एसी बसों का किराया

0 से तीन किमी.- 12 रुपये
3 से 6 किमी -20 रुपये
6 से 10 किमी. तक- 25 रुपये
10 से 14 किमी. तक - 30 रुपये
14 से 19 किमी. तक - 35 रुपये
19 से 24 किमी. तक - 40 रुपये
24 से 30 किमी. तक - 45 रुपये
30 से 36 किमी. तक 50 रुपये
36 से 42 किमी. तक - 55 रुपये
42 से 48 किमी. तक 60 रुपये

फुटकर के फेर में ढीली हो रही यात्रियों की जेब

कम दूरी का सफर करने पर यात्रियों की जेब ढीली हो रही है। 0 से 3 किमी तक सफर करने पर किराया 12 रुपए प्रति व्यक्ति है। लेकिन फुटकर न होने पर परिचालक 15 रुपये तक वसूल रहे हैं। सिटी बसों में सफर के दौरान ओवरचार्जिंग करने वाले परिचालकों के खिलाफ टोल फ्री नंबर 1800-180-5014 पर शिकायतें की जा सकती है। परिचालक अधिक किराया नहीं ले सकते हैं।

शाइन सिटी के सीएमडी राशिद का एक लाख का इनामी भाई गिरफ्तार, भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव पुलिस ने की कार्रवाई, कंपनी पर दर्ज हैं 550 से अधिक एफआईआर
- पुलिस ने बुधवार को आकिब नसीम को कोर्ट में किया था पेश

अमृत विचार : मड़ियांव पुलिस ने शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम के भाई आकिब नसीम को मंगलवार देर रात गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को आकिब नसीम को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया है। प्रदेश भर में शाइन सिटी कंपनी के खिलाफ तकरीबन 550 से भी ज्यादा धोखाधड़ी के अपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर के मुताबिक, करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक लाख रुपये का इनामी आकिब नसीम को मंगलवार देर रात मोहिबुल्लापुर रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह भगोड़ा घोषित सीएमडी राशिद नसीम का भाई है। वर्ष 2013 में गोमतीनगर के विपुलखंड में शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा. लि. का कार्यालय खोला गया था। कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम ने भाई आसिफ नसीम और आकिब नसीम के साथ जनता को लुभावने ऑफर देकर कम दामों में जमीन उपलब्ध कराने और निवेश के नाम 1025 करोड़ रुपये से हड़पकर भाग गया। डीसीपी ने बताया कि प्रदेश भर में 550 मुकदमे शाइन सिटी कंपनी के खिलाफ दर्ज किए गए। इस मामले में अब तक 62 से भी ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी की गई। खासकर आसिफ नसीम, अमिताभ श्रीवास्तव, मुस्ताक आलम, इजहार अंसारी, मीरा श्रीवास्तव, राजीव कुमार सिंह, चमनलाल दिवाकर, अभिषेक ठाकुर की दर्जनों लग्जरी गाड़ियां जिनमें जैगुआर, बीएमडब्लू, फारचूनर, इनोवा क्रिस्टा भी जब्त की गई।

जोन पांच में अपर सचिव को मिले 85 मानक के विपरीत निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए उपाध्यक्ष को भेजी सत्यापन रिपोर्ट
- जोन चार में मिले 58 निर्माण

अमृत विचार : शहर में मानक विपरीत हो रहे निर्माणों के सत्यापन की जांच लगभग पूरी हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर ली है। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने जोन पांच की रिपोर्ट एलडीए उपाध्यक्ष को भेज दी है। सत्यापन में जोन पांच में 85 निर्माण मानक के विपरीत होते पाए गए। इनमें से एक दर्जन सील भवनों में निर्माण होता पाया गया। इनमें रो-हाउस, अपार्टमेंट, कॉम्प्लेक्स और भवन शामिल हैं। रिपोर्ट में जोन पांच के सहायक अभियंता और अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इनकी शासन स्तर से भी शिकायत आयी है। जिसमें कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जोन चार में 58 निर्माण मानक के विपरीत होते मिले हैं। सभी अधिकारी अपनी रिपोर्ट एलडीए उपाध्यक्ष को शुक्रवार तक सौंप देंगे। इसके बाद अवैध रूप से किए गए निर्माण के लिए जिम्मेदार प्रवर्तन जोन के अभियंता एवं कर्मचारियों पर एलडीए द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

शहर में इन निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन जोन की कार्यवाही के बावजूद एलडीए उपाध्यक्ष को शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने निर्माणों का सत्यापन कराने के लिए जोन वार एलडीए के वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। इसकी रिपोर्ट 1 अप्रैल को मांगी थी। प्रवर्तन जोन एक की जिम्मेदारी सचिव विवेक श्रीवास्तव को, जोन दो और तीन की संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को, जोन चार और पांच की अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को और जोन छह व सात की जांच नगर नियोजक केके गौतम को सौंपी थी।

यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते पुष्पक सहित कई ट्रेनें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के जलगांव-मनमाड रेल खण्ड के मध्य स्थित चालीस गांव स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते प्री-नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक दिया जाएगा। जिस कारण पुष्पक एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

नियंत्रण- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 12534 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 15 मिनट,

गोरखपुर से 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस एक घंटा 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

मार्ग परिवर्तन- 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस व ट्रेन नंबर 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जलगांव-उधना-वसई रोड के रास्ते चलायी जायेगी।

पुनर्निर्धारण-लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03 घंटा पुनर्निर्धारित कर निर्धारित समय 05.23 बजे स्थान पर 08.23 बजे और लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 02 घंटा 45 मिनट पुनर्निर्धारित कर निर्धारित समय 06.35 बजे स्थान पर 09.20 बजे चलायी जायेगी।

21 को चलेगी श्री गंगानगर-गुवाहाटी स्पेशल

ट्रेन नंबर 04717 श्री गंगानगर-गुवाहाटी स्पेशल 21 अप्रैल को श्री गंगानगर से दोपहर 1:55 बजे प्रस्थान कर श्री करनपुर, रायसिंह नगर, सूरतगढ़, अरजनसर, लूनकरनसर, बीकानेर, श्री डूंगरगढ़, रतनगढ़, चूरू, दूसरे दिन सीकर, रींगस, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा कैण्ट, शमशाबाद टाउन, इटावा, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ दोपहर 1:50 बजे, अयोध्या कैण्ट, अयोध्या, मनकापुर, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, सीवान, तीसरे दिन छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, बारसोई, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, दलगांव, अलीपुर द्वार, कोकराझार, न्यू बोगाईगांव, चौथे दिन गोलपारा टाउन बजे तथा कामाख्या से छूटकर गुवाहाटी तड़के 4:50 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 और जीएसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री कौशल किशोर। अमृत विचार

एकजुटता का सन्देश देती है होली : कौशल

संवाददाता सरोजनीनगर

- समाजसेवी सुन्दर लाल रावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

अमृत विचार : केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि होली के दौरान लोग आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलते है। जबकि होली मिलन समारोह में सभी के लोग एक दूसरे से गले मिलते है। जिससे आपस सद्भाव बढ़ता है। वह आज सरोजनीनगर के नटकुर गांव में समाजसेवी सुन्दर लाल रावत द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस समारोह में मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने लोगों के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली। सांसद ने कहा कि होली मिलन के कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों के आने से उन्हें खुशी मिली है। होली मिलन समारोह सभी वर्गों के एक जुटता का संदेश देता है। सभी को बुराइयों को भुलाकर आपस में गले मिलना चाहिये।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में गोविंद, अवध सर्राफा संगठन के अध्यक्ष मनीष वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राधेलाल रावत, उन्नाव जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सिंह चौहान, राजेश सिंह चौहान, भुवनेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, पार्षद राम नरेश रावत, मुकेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश सिंह बबलू, बंथरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत रावत, भाजपा नेता संजय सिंह रेनू सिंह, अमित गौतम, रोहित कनौजिया, सुभाष पासी, रामसागर, अंकिता रावत, समेत सैकड़ों की तादाद में स्थानीय लोग मौजूद रहे। समारोह में रंगारंग के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

गैरहाजिर तकनीक सहायक का मानदेय रोका

अमृत विचार, लखनऊ : खंड विकास अधिकारी माल ने कर्मियों की उपस्थिति की समीक्षा की तो तकनीकी सहायक 6 अप्रैल को दोपहर 1:40 बजे तक अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही अग्रिम आदेश तक अप्रैल का मानदेय भुगतान करने पर रोक लगा दी। चेतावनी दी प्रतिदिन लाइव लोकेशन सुबह 10:30 बजे तक दी जाए। नोट कैम के माध्यम से प्रतिदिन फोटो अक्षांश देशांतर, समय, कार्य के नाम साथ ग्रुप पर शेयर की जाए। मनमानी पर सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

नर्सिंग के छात्र ने की आत्महत्या

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा के कुर्सी रोड स्थित निजी कालेज में बीएससी (नर्सिंग) के छात्र ने गर्लफ्रेंड को पहले वीडियो कॉल किया। बाद में फंदा लगा आत्महत्या कर ली। बताया गया कि कमरे का दरवाजा न खुलने पर रुममेट ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो छात्र का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को जांच के लिए कब्जे में लिया है। मूलरुप से हरदोई निवासी संदीप कुमार (19) कुर्सी रोड स्थित निजी कॉलेज से बीएससी(नर्सिंग)कर रहा था। वह कॉलेज के पास ही एक निजी हॉस्टल में बस्ती रमवापुर निवासी रामेश्वर पाण्डेय के साथ रहता था। मंगलवार शाम को रामेश्वर एक दोस्त से मिलने के लिए गया था। रात करीब सात बजे वह वापस लौटा। कई बार दस्तक देने के बाद संदीप ने गेट नहीं खोला। रोशनदान से झांकने पर संदीप का शव पंखे के हुक में चादर के फंदे से लटकता मिला, जिस पर रामेश्वर भागते हुए इंटीग्रल विवि के पास बनी चौकी पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर संदीप के शव को फंदे से उतारा। रामेश्वर के मुताबिक संदीप की हरदोई निवासी एक युवती से फोन पर बात होती थी। बीते कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

कर्मचारी परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

केजीएमयू

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू कर्मचारी परिषद की और से बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर केजीएमयू की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद सहित कर्मचारी परिषद के पदाधिकारी विकास सिंह, अनिल कुमार, अतुल उपाध्याय, करुणेंद्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार, उमाशंकर और छोटेलाल मौजूद रहे।

नवसंवत्सर पर हुआ ऑनलाइन काव्य पाठ और भजन संध्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर की दक्षिण इकाई द्वारा किया गया आयोजन
- कार्यक्रम में 50 रचनाकारों ने पेश कीं रचनाएं

अमृत विचार : चैत्र मास शुरू होते ही चारों ओर नवसंवत्सर, देवी भजन और गीतों की स्वर लहरियां गूंजने लगती हैं। जगह - जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समय और दूरी को कम करते हुए आभासी दुनिया में ऑनलाइन आयोजन भी बहुतायत में किये जाते हैं। ऐसे ही अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर की दक्षिण ईकाई द्वारा नवसंवत्सर के अवसर पर ऑनलाइन काव्य पाठ और भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, जोधपुर, छत्तीसगढ़, जैसी दूरियों को एक मंच पर ले आया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की दक्षिण इकाई की अध्यक्ष डॉ. नीतू शर्मा के संयोजन में कार्यक्रम की शुरुआत आईटी कालेज की स्वस्ति द्वारा मां सरस्वती की वंदना से की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नीतू शर्मा ने की। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अवध प्रान्त अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने ऑनलाइन पटल पर जुड़कर सभी को नवसंवत्सर की बधाई देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति और संस्कार का उत्सव होता रहना चाहिए। संस्कार भारती जानकीपुरम के अध्यक्ष कनक वर्मा ने खुद की लिखी राम जन्म बधाई बधाई बाजे हरि हरि बधाई बाजे से राम आगमन की प्रसन्नता दिखाई।

जोधपुर से सरिता श्रीवास्तव ने सुनाया :- मेरे राघव की खबरिया अब तलक आईं नहीं। अपर्णा सिंह अवधी में मां को बुलाते हुए कहती हैं आवा हो देवी मईया बैठा मोरे अंगना, कविता सिंह कहती हैं महक गयो आज मईया का गजरा, कानपुर से जुड़ी सुनीता पाण्डे ने देवी भजन जयति जय जय शैलपुत्री भजन से मां का जयकारा लगाया।

अनीता मिश्रा ने गांववा के गोबरा मंगायो अंगना लिपायो से भोजपुरी रस भरा। रेखा मिश्रा देवी को मनाने की बात करते हुए बोलीं :- उड़ जा सुगनवा गंगा पार मनाये लाओ देविन का। मैया के सलोने रूप पर बलिहारी होकर पल्लवी निगम गाती है, तेरी झांकी पर जाऊं बलिहारी मैया, युवा काव्य स्वर सोना कहती है यदि राम सा संघर्ष हो तो कब तक टिक पाओगे, वहीं संध्या राम तपस्या, राम साधना, राम जीवन सुनाती हैं। हेमा पाण्डे ने नवसंवत्सर पर संक्षिप्त परिचय देते हुए चैत्र नवरात्र का महत्व बताया।

चैत्र मासे चुनरी रंगाइबे हो रामा चैती गीत से मीडिया प्रभारी ज्योति किरण रतन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ऑनलाइन ही लोगों ने अपने अपने घर के माता के घट स्थापना के चित्र भी साझा किये। जिसमें अपूर्वा अवस्थी, प्रियंका, रचना पाण्डे और दीप्ती किरन आदि 50 रचनाकारों ने अपनी रचनाएं पेश कीं।

महुवाकोला पुल के नीचे बन रहे थे अवैध असलहे, दो गिरफ्तार

महोली, अमृत विचार : चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन जहां आम और खास से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने को प्रतिबद्ध है वहीं दो शातिर बदमाश कठिना नदी के किनारे झाड़ियों में अवैध असलहे उगा रहे थे। मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के महुआकोला गांव का है। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि महुआकोला पुल के नीचे दो शातिर बदमाश अवैध असलहा फैक्ट्री चला रहे हैं। यहां से असलहों की खरीद-फरोख्त की जाती है। इस पर पुलिस ने नदी के दोनों से घेराबंदी कर छापामारी की। इस दौरान मौके से 5 निर्मित असलहे (दो असलहे 315 बोर, दो 312 बोर) तथा चार अर्धनिर्मित असलहे, चार नाल 312 बोर, दो नाल 315 बोर, दो मिस कारतूस 315 बोर, दो कारतूस 312 बोर तथा शस्त्र बनाने के तमाम उपकरण सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों बदमाशों की पहचान रामकुमार (45) पुत्र जगनू पासी निवासी ग्राम नरनी थाना महोली व शरीफ गद्दी उर्फ तेरह खाना (35) पुत्र शहजादे निवासी अमीरपुर मजरा महेवा थाना महोली के रूप में हुई।

चैती महोत्सव में राम की महिमा का बखान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तुलसी शोध संस्थान और रामलीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

अमृत विचार : तुलसी शोध संस्थान और रामलीला समिति ऐशबाग के संयुक्त तत्वावधान में राम लीला परिसर तुलसी रंगमंच पर चल रहे दस दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की आज दूसरी संध्या में गीत व नृत्य में मां भगवती दुर्गा व राम की महिमा मुखरित हुई।

इसके पूर्व भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की द्वितीय संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल और सचिव पं. आदित्य द्विवेदी और ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रमोद अग्रवाल और मयंक रंजन मौजूद रहे।

आज की सांस्कृतिक सांझ का शुभारंभ बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी की छात्राओं पूर्वी मिश्रा, अनमिका सिंह, प्राची तिवारी, साक्षी यादव, गरिमा पांडेय, मोनिका, जाह्नवी वर्मा, रचित मिश्रा, प्रिंसी वर्मा और श्वेता चौरसिया ने प्रवीन यादव के निर्देशन में भजन जिस भजन में राम का नाम न हो को सुनाकर सम्पूर्ण परिवेश को राममय बना दिया।

वंशिका यादव, जाह्नवी गौतम, शुभु पांडेय, पलक सिंह और रिद्धि मिश्रा ने आई गिरि नन्दिनी पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भगवती देवी दुर्गा के दर्शन अपने नयनाभिराम अभिनय युक्त नृत्य से करवाए। अगली प्रस्तुतियों में शिवा सिंह के निर्देशन में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हर हर शंभू पर योग कला के जरिये लोगों को अध्यात्मिक और शारिरीक रूप से स्वस्थ्य रहने पर बल दिया।

विक्की राज के नृत्य निर्देशन में वर्व डांस स्टूडियो के कलाकारों ने अनेक भक्ति गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर जादूगर शशांक ने अपने जादुई करतबों से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

लोक गायिका वन्दना शुक्ला ने संस्कार गीतों की रस सरिता प्रवाहित की। वन्दना ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत देवीगीत मोहिनी भवानी भवानी महारानी री माया से की। वन्दना ने राम जनम सोहर चैतहि के तिथि और बाजत अवध बधाईयां, राम जनम बधाई गीत बधाइया बाजे अंगने मा को सुनाकर श्रोताओं को राम की भक्ति के सागर में आकन्ठ डुबोया।

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति अपनाने के लिए किया जागरूक

विश्व होम्योपैथी दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की और से विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने डॉ. सैमुअल हैनिमैन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों को होम्योपैथी विधा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। डॉ. सैमुअल एक जर्मन चिकित्सक थे और और होम्योपैथी के संस्थापक थे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) डीके सोनकर ने कहा कि हम सभी को हैनिमैन के बताए रास्ते पर चलना चाहिये। हर साल इस दिन को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल की थीम 'होम्योपरिवारः एक स्वास्थ्य, एक परिवार' है। कार्यक्रम में डॉ.एसएस पाल, डॉ. राजेश गौतम, डॉ. राजकुमार कश्यप, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. विनय शंकर तिवारी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, डॉ प्रियंका भट्ट, डॉ. अंजनी कुमार सिंह डॉ. मानसी एव कॉलेज के छात्र एव छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शामिल डॉक्टर व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

साइड इफेक्ट पैदा करने वाले चिकित्सा पद्धति के खिलाफ थे हैनीमैन- होम्योपैथी डॉक्टर विवेक सिंह चौहान ने बताया होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन उन चिकित्सा पद्धति के खिलाफ थे, जिससे शरीर में साइड इफेक्ट पैदा होते थे, इसी सोच ने उनको चिकित्सा जगत में नई खोज के लिए प्रेरित किया। जिसके चलते उन्हें आज यह पहचान मिली हुई है। डॉ. विवेक ने बताया शरीर में इतनी क्षमता खुद है कि वह बीमारियों को ठीक कर सके, इसी प्रणाली पर होम्योपैथी काम करती है। कई सालों से होम्योपैथी दावाओं के जरिए असाध्य रोगों का भी इलाज किया जा रहा है। इतना ही नहीं इस चिकित्सा प्रणाली के जरिए कई असाध्य रोगों से पीड़ित रोगी ठीक भी हुए हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के चलते इस चिकित्सा पद्धति का फायदा कम लोगों को ही मिल पा रहा है।

17 तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

डॉ विवेक सिंह ने बताया कि होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इंदिरा नगर के सेक्टर 8 स्थित अमलतास प्लाजा में 11 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल तक मरीजों को निशुल्क इलाज दिया जाएगा। यह सुविधा उन मरीजों के लिए होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर है। इसके अलावा आर्थिक रूप से सक्षम मरीजों को भी तीन दिन की दवा निशुल्क दी जाएगी। यह सुविधा करीब एक सप्ताह तक रोजाना शाम 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक जारी रहेगी।

कार्यक्रम में शामिल फिक्की फ्लो के पदाधिकारी। अमृत विचार

जीवन में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए रहें तैयार : ताहिरा कश्यप

अमृत विचार, लखनऊ : फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर का बुधवार को एक निजी होटल में इंटरनल चेंज ऑफ गार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी और लेखिका ताहिरा कश्यप बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। ताहिरा ने अपने जीवन के कई अनछुए पहलुओं पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर होने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। जीवन मे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए रहें तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर विभा अग्रवाल ने फ्लो लखनऊ चैप्टर की 10वीं चेयरपर्सन के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने वर्ष 2024-25 के लिए अपनी टीम वंदिता अग्रवाल, स्वस्ति मोहन, सिमरन साहनी, मिताली ओसवाल, स्मृति गर्ग और शमा गुप्ता के साथ कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन अंजू नारायण, माधुरी हलवासिया, आरुषि टंडन, सीमू घई, नेहा सिंह, वनिता यादव, शिल्पा गुप्ता सहित 150 से अधिक फ्लो सदस्यों ने भाग लिया।

एक नजर

पूर्व विधायक के केस में नहीं दर्ज हुआ बयान

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र धम्मौर के भांईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में बुधवार को सफाई साक्षी के न आने के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर भींइं निवासी मो. असलम का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष के वकील रामअवध ने बताया कोर्ट ने शेष सफाई साक्ष्य के लिए 16 अप्रैल की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन लेखपाल विजय कुमार ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

पेड़ से लटकता मिला होटलकर्मी का शव

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के मसौली चौराहा स्थित महराजा ढाबे के एक कर्मचारी का शव बुधवार की सुबह कुछ दूरी पर संदिग्धावस्था में एक पेड़ से प्लॉस्टिक की रस्सी से शव लटकता मिला। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मसूदामऊ निवासी स्व .बाबूलाल का 20 वर्षीय पुत्र राम संजीव मसौली चौराहा के महाराजा ढाबा पर काम करता था। बुधवार की सुबह कुछ दूरी पर राहगीरों ने दहेजिया मोड़ स्थित एक पेड़ से रस्सी से शव लटकता देखा।

कल साढ़े चार घंटे तक अस्थायी रूप से बंद रहेंगी पीआरएस सेवाएं

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे 12 और 13 अप्रैल की मध्य रात्रि 11.45 से 04.15 बजे तक दिल्ली पीआरएस सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित रहेंगी। स्थिर और गतिशील डेटाबेस कार्य के लिए दिल्ली पीआरएस की सभी सेवाएं आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा 139 तथा काउंटर सेवा, इंटरनेट बुकिंग तथा ईडीआर सेवाएं 12 अप्रैल की मध्यरात्रि 11.45 बजे से 13 अप्रैल को तड़के 04.15 बजे तक लगभग 04.30 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

कार ने बाइकों को मारी टक्कर, 3 की मौत

संवाददाता, बावन, हरदोई

अमृत विचार। जगदीशपुर-शाहाबाद रोड पर बुधवार की सुबह क्रेटा कार एक के बाद एक कर दो बाइकों में टक्कर मारते हुए उनमें फंस गई। हादसे में अलग-अलग बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कार सवार मां-बेटे ज़ख्मी हो गए। ज़ख्मी लोगों को सीएचसी से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया और हादसे की जांच-पड़ताल शुरु कर दी।

बताया गया है कि बरेली के सिद्धू नगर निवासी अमित परचानी पुत्र राजेश परचानी बुधवार को क्रेटा कार से अपनी मां सोनी परचानी को ले कर जगदीशपुर-शाहाबाद रोड से होते हुए बरेली जा रहा था। उसी बीच लोनार थाने के गदाईपुर गांव की मोड़ पर सामने से आ रही कार ने गदाईपुर निवासी 35 वर्षीय रामनरेश पुत्र रामबक्श की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे रामनरेश बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। हादसा होने से कार चला रहा अमित घबरा गया और उसी घबराहट में सामने से आ रही दूसरी बाइक मे. टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार 45 वर्षीय सर्वेश पुत्र भूंसेलाल निवासी शाहपुर बिहगावां थाना बेहटा गोकुल और 23 वर्षीय उसका चचेरा भाई अशोक पुत्र बरातीलाल के अलावा कार के बाइक में फंसने से अमित और उसकी मां सोनी भी ज़ख्मी हो गई।

मर्च्यूरी में मौजूद मृतकों के परिजन। अमृत विचार

नौकरी के लिए जाते हुए रास्ते में निगल गई मौत

हरदोई। गदाईपुर निवासी रामनरेश के पिता रामबक्श की लोनार थाने में चौकीदार रहते हुए कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। रामनरेश ने पिता की नौकरी के लिए आवेदन किया था। उसी सिलसिले में उसे बुधवार को थाने बुलाया गया था, रामनरेश नौकरी की चाहत में बाइक से लोनार जा रहा था, उसी बीच रास्ते में तेज़ रफ्तार की शक्ल में मिली मौत ने उसे निगल लिया।

गृहमंत्री के मामले में परिवाद खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है। अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

जन्मभूमि परिसर में शेषावतार मंदिर, सप्त मंडप की भरी नींव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर की तर्ज पर भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर और सप्त मंडप का भी निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण इसलिए किया जा रहा है कि परिसर की सुरक्षा एक हजार वर्ष तक बनी रहे।

इन मंदिरों का निर्माण भी तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सीमेंट, मोरंग और कंक्रीट से नींव को तैयार किया जा रहा है, जिस पर बलुआ पत्थर को लगाकर प्लिंथ को तैयार किया जाएगा। फिर राजस्थान के पत्थरों से मंदिर का स्ट्रक्चर खड़ा होगा। राम मंदिर को पूर्ण करने का कार्य तेजी से चल रहा है। परकोटा और उसमें बनने वाले 6 देवी देवताओं के मंदिर का भी निर्माण हो रहा है। अब मंदिर परिसर में राम मंदिर के दक्षिण दिशा की ओर शेषवतार, महर्षि वाल्मिकी, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि, अगस्त्य, निषाद राज, अहिल्या का भी मंदिर बन रहा है।

दो हजार वर्कर लगे

श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के प्रथम, द्वितीय तल और अन्य मंदिरों के कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए लगभग 2000 वर्कर मंदिर निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं।

अधिवक्ता हत्याकांड में प्रिन्स पर कोर्ट ने तय किए आरोप

सुलतानपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में लखनऊ जेल में बन्द आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिन्स को बुधवार को सेशन कोर्ट लाया गया। कोर्ट ने प्रिन्स पर आरोप तय कर अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तारीख नियत की है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर ने बताया कि बीती तारीख पर इकरामुद्दीन, सलमान, मोहम्मद शमीम, अख्तरुन निशा, शहजाद, सोहराब व मेराज के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं मे कोर्ट में आरोप तय किया था। आरोपी इकरामुद्दीन के खिलाफ आर्म्स एक्ट का आरोप भी तय किया गया था। एक अन्य आरोपी मोहम्मद वसीम के खिलाफ संरक्षण देने के आरोप में कोर्ट ने आरोप तय किए थे। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते साल छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था।

क्रिकेट टीम में चयन का झांसा देकर ठगे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार। यूपी की अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन कराने का झांसा देकर एक खिलाड़ी से 10.45 लाख रुपए जालसाजों ने ठग लिए। चयन नहीं हुआ तो उसके रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। सदर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

बता दें कि गोरखपुर जिला के पुरासपार उनवल निवासी सत्यप्रकाश यादव ने आठ अप्रैल-2024 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी है उसने यूपीसीए के अंडर-14, 16, 19 व 23 में कैंप किया लेकिन उसका चयन यूपी टीम में चयन नहीं हो पाया। सन-2021 में उसकी मुलाकात सदर कोतवाली के बसंत विहार कांशीराम कालोनी निवासी अनुराग मिश्रा से हुई। अनुराग क्रिकेट अकादमी चलाता था। उसने चयन न होने की चर्चा अनुराग से की। इस पर उसने अपने संबंध जिला क्रिकेट एसोसिएशन सहारनपुर के चेयरमैन अकरम सैफी से होने का दावा किया। उसने क्रिकेटर को झांसे में लेकर अकरम सैफी से मुलाकात भी कराई थी। इस पर चयन के लिए उसने 10 लाख रुपए दिए। लेकिन उसका चयन टीम में नहीं हुआ तो रुपए वापस मांगे। इस पर जान से मारने की धमकी दी गई। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि सत्यप्रकाश की तहरीर पर अनुराग मिश्र उनके भाई अनुभव मिश्र व अकरम सैफी के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

म्यांमार में फंसे युवक के परिजनों ने मोदी योगी से लगाई गुहार

जैदपुर, बाराबंकी : नौकरी करने म्यांमार गए तीन इंजीनियर दोस्तों को बंधक बना लिया गया है। इन तीन में से एक अजय कुमार जैदपुर थाना क्षेत्र के बम्भौरा लोधी गांव का निवासी है। अजय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर कहा कि वह 26 मार्च को दोस्त सागर के साथ जॉब के लिए मलेशिया निकला था। अजय ने बताया कि हम लोगों को फंसाने में डीलर का हाथ है। उसने हम लोगों को किसी दूसरी कंपनी को बेच दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बेटे की सुरक्षित वतन वापसी की की गुहार लगाई है। अजय कुमार के पिता अमरनाथ ने बताया कि मेरा बेटा अपने साथियों के साथ मलेशिया काम करने के लिए गया था। लेकिन उसे म्यांमार में बंधक बना लिया गया है।

बलरामपुर की रागिनी बनीं मिसेज यूपी

- क्वींस ऑफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। बलरामपुर की बेटी रागिनी सोनी ने मिसेज उत्तर प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया। उसने बताया कि बचपन से मेरा सपना मिस इंडिया बनने का था लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने की वजह से मैं वहां तक नहीं पहुंच सकी। एक समय ऐसा लगा शायद मेरा यह सपना एक सपना ही रह जायेगा। फिर बीते वर्ष मेरी शादी हो गई और इस कॉन्टेस्ट के बारे में मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि मिस इंडिया की तर्ज पर आप मिसेज उत्तर प्रदेश बन सकती हैं और अपने सपनों को सच कर सकती हैं। फिर मैंने डा. आकांक्षा गोगना द्वारा आयोजित मिसेज उत्तर प्रदेश क्वींस आफ एक्सीलेंस 2024 सीजन -2 कॉन्टेस्ट में हिस्सा लिया और कई महीनों की मेहनत के बाद मुझे इसमें सफलता मिली।

इस कॉन्टेस्ट को जीतने के बाद मैं रुकने वाली नहीं, अब मैं मिसेज इंडिया कॉन्टेस्ट और मिसेज वर्ल्ड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लूंगी और अपने जिले के साथ साथ पूरे प्रदेश व देश का नाम रोशन करूंगी। इसके साथ मैं सभी महिलाओं को ये संदेश देना चाहती हूं, आपको अपने जीवन में कभी रुकना नहीं चाहिए बल्कि अपने पंखों को उड़ान देना चाहिए। इस तरह के कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेके आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा बढ़ता है, और आप समाज में अपनी खुद की एक नई पहचान बना सकती हैं। कभी ये नहीं सोचना चाहिए कि आप जीतेंगे या हारेंगे, हमें बस अपना शत प्रतिशत देना है और नया कुछ सीखना है। ऐसे प्लेटफार्म को पाने के बाद आप या तो जीतते या सीखते हैं। कहा मैं डा. आकांक्षा गोगना और उनकी टीम को धन्यवाद देना चाहूंगी।

मिस उत्तर प्रदेश बनीं रागिनी सोनी (बाएं से)। अमृत विचार

अयोध्या से 30 बसें गोंडा, बहराइच व बस्ती जाएंगी

संवाददाता, सुलतानपुर

सुलतानपुर डिपो

- अयोध्या जाने को हैं 32 बसें, जरूरत पड़ी तो बढ़ाई जाएंगी
- रामनवमी को लेकर परिवहन विभाग ने तैयार की रणनीति

अमृत विचार: अयोध्या में हुए भव्य व दिव्य प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब रामनवमी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। ऐसे में रामनवमी पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की संभावना है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी के चलते भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने रामनवमी पर 17 से 20 अप्रैल तक अयोध्या से विभिन्न रूटों पर अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन करेगी। जिससे श्रद्धालुओ की भीड़ एकत्रित न हो पाए। इसके लिए सुलतानपुर डिपो की 30 बसें अयोध्या मंगाई गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या के नयाघाट पर अस्थाई बस स्टैंड बनाया जा रहा है। रामनवमी पर 17 से 20 अप्रैल तक अयोध्या में 30 बसें लगाई गई हैं। इसमें 15 बसों का संचालन अयोध्या के नया घाट से बहराइच के लिए होगा। पांच बसें नया घाट से गोंडा के लिए और 10 बसें नया घाट से बस्ती के लिए चलाई जाएंगी। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है।

दस हजार रुपये घूस लेते एक्सईएन को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बिजली विभाग के रिटायर लेखाकार से पेंशन व अन्य देयों के भुगतान की फाइल पास कराने के नाम पर 10 हजार की घूस लेते अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। श्याम नगर, कंचन विहार निवासी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वह दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड औरैया में तैनात रहे। 30 जून को वह लेखाकार पद से रिटायर्ड हुए थे। उन्हीं के कार्यालय में एक्सईएन के पद पर मूलरूप से भरथना, महावीर नगर व वर्तमान में रतनलाल नगर निवासी संदीप कुमार दुबे तैनात हैं। अनिल का आरोप है कि संदीप पेंशन के प्रकरण को मुख्यालय को प्रेषित नहीं कर रहे थे। उन्होंने 40 हजार रुपये घूस की मांग की। मान-मनौव्वल के बाद 20 हजार में बात तय हुई। एक्सईएन ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार देने की बात कही।

वर्ग पहेली-36

बाएं से दाएं

1.1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।

5.1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] -में फंसना : मुसीबत में पड़ना।

7.1. झील

8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।

9.1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

ऊपर से नीचे

2. दुर्गा।

3.1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।

4.1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।

5.1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।

6.1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।

8.1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



वर्ग पहेली -35 का हल

1 पि	टा	ना	■	2 सा	नु	3 ज
सा	■	■	4 त	न	■	ल
न	■	5 ढी	ल	ना	■	म
■	6 च	■	बा	■	■	य
■	7 म	च	ना	■	8 वे	■
■	र	■	■	■	दि	■
9 सु	ख	दा	ता	■	10 का	ज़ी

हैलो सर! वीआईपी दर्शन को आ रहे, व्यवस्था करा दें

राजेंद्र कुमार पांडेय

- दूर-दूर से वीआईपी अतिथि आने शुरू हुए
- 22 जनवरी के बाद वीआईपी दर्शन में बढ़ोतरी

अयोध्या। हैलो सर, विभाग के वीआईपी राम लला के दर्शन के लिए आ रहे हैं। व्यवस्था करा दीजिए। गाड़ी का नंबर भेजिए। फोन घनघनाते हैं। व्हाटस एप मैसेज गिरते हैं। मेला और चुनाव के दौर में वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी। संख्या इतनी बढ़ गई कि प्रशासन को इसके लिए अब अलग से कर्मचारियों की टीम लगानी पड़ी।

22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। फिर राम दर्शन यात्रा शुरू हुई। ट्रेनों से विभिन्न प्रातों के लोग दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे। बसों से श्रद्धालुओं की आमद हुई। फिर देश के विभिन्न प्रांतों की सरकारों के आने का दौर शुरू हुआ। भाजपा शासित लगभग सभी प्रदेशों की सरकारें राम लला के दरबार में मत्था टेक चुकी हैं। चुनाव आचार संहिता लागू हुई तो आस्था स्पेशल ट्रेनों और सरकारों के आने का दौर थमा। प्रशासन ने सोचा कि अब शायद कुछ राहत मिले लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

वीआईपी दर्शन की व्यवस्था का दबाव और बढ़ गया। जब तक स्पेशल ट्रेन और सरकारों के आने का दौर था। केंद्र और प्रदेश की सरकारों के वीआईपी इंतजार कर रहे थे। अधिसूचना जारी हुई तो विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल की आमद शुरू हुई। अब तक लगभग दर्जन भर प्रदेशों के राज्यपाल रामलला के सामने मत्था टेक चुके हैं। अब केंद्र और प्रदेशों के अफसरों के साथ सरकारी वीआईपी मुलाजिमों की आमद तेज हो गई।

सूत्रों की मानें तो प्रतिदिन केंद्र और प्रदेशों के विभिन्न विभागों से आने वाले वीआईपी की संख्या लगभग साढ़े चार से पांच हजार हो गई। लगातार वीआईपी दर्शन ने प्रशासन की मुश्किल बढ़ा दी है। चैत्र राम नवमी मेले के साथ चुनाव चल रहा है। ऐसे में मुश्किल और बढ़ गई।

"रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन पूजन के लिए विशिष्टजनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए 12 विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है।
-रमेश कुमार मिश्र
सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी प्रोटकाल अयोध्या

सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6					9		2
8		2		1	5			
				2		8		5
		8			3			
		1				6		
9			8			7		
		5		9				
3			5			1		7
2		6					5	

सुडोकू -114 का हल

2	6	8	7	9	5	1	4	3
5	3	4	8	6	1	9	7	2
9	1	7	2	3	4	8	6	5
7	5	6	4	1	8	2	3	9
1	2	9	5	7	3	6	8	4
8	4	3	9	2	6	7	5	1
3	9	5	1	8	7	4	2	6
6	7	2	3	4	9	5	1	8
4	8	1	6	5	2	3	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 12 अप्रैल 01.38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

वृष — आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन — आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

कर्क — आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

सिंह — आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

कन्या — आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

तुला — आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

वृश्चिक — आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।

धनु — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

मकर — आज अपने खर्चो पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

कुंभ — आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

मीन — आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नजर के सामने — सुबह : 10.53
- धड़कन — रात : 07.00
- पुलिसगिरी — सुबह : 11.19
- जनहित में जारी — रात : 08.00

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 10.53
- स्पाइडर मैन — रात : 09.00

&pictures

ZEE CINEMA
- बीवी हो तो ऐसी — सुबह : 10.45
- कंजूस मक्खी चूस — रात : 08.05

StarGold SELECT
- मोना डार्लिंग — सुबह : 10.30
- ए थर्सडे — शाम : 06.45

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्पशन और एडजॉर्पशन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है,लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांचर्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है,लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सेनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

> सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैंः आमजन को ऐसा आभास जरांभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

प्रसंगवश

जश्न-ए-ईद



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह,प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे",छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है,उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

> सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं,20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं,14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां,1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं,क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं,जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं,वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए,जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं,जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत,रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत,चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा,लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका,क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

सोशल फोरम

भारतीय संस्कृति के गुण

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता,पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण,परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है,जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता,पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है,किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो,पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है,वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र

प्रो. जगदीशवर चतुर्वेदी
कोलकाता

> संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार,आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं,कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना,उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है,लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं,लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय,छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का,तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम,मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है,लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित,छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज,विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें,पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है,वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार,अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

उत्तराखंड कला जगत को आघात

प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं। मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझे आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।

एक नजर

नहीं रहे सुप्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद सिंह मेहरा का बुधवार को हृदय गति रूकने से निधन हो गया। उन्होंने हल्द्वानी स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 53 वर्षीय मेहरा के निधन से प्रदेश के लोक गायकों, कलाकारों समेत तमाम राजनीतिक संगठनों के लोगों में शोक की लहर है। मूल रूप से जनपद पिथौरागढ़ के चामी भेसकोट गांव निवासी प्रहलाद मेहरा अपने गीतों के माध्यम से कुमाऊं की संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे। उन्होंने करीब 150 से अधिक गीत गाए थे। उनके तीन पुत्र हैं और वह अपने परिवार के साथ संजयनगर बिंदुखत्तामें रहते थे। गुरुवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में उनकी अंत्येष्टि की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के दिन हाईकोर्ट में अवकाश घोषित

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन अवकाश घोषित किया गया है। हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती की ओर से जारी सूचना के अनुसार नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए 20 मई (सोमवार) को लखनऊ खंडपीठ और 25 मई (शनिवार) को इलाहाबाद हाईकोर्ट (प्रधान पीठ) में अवकाश घोषित किया गया है।

भैंस ने पूंछ से बंधे बच्चे को घसीटा, हालत गंभीर

जलेसर (एटा), अमृत विचार : जलेसर कोतवाली क्षेत्र के जलेसर इसौली मार्ग पर स्थित गांव मोहनपुर में बच्चों ने खेल-खेल में पांच वर्षीय बच्चे का पै भैंस की पूछ से बांध दिया। भैंस विदक गई और भागने लगी। इससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम मोहनपुर निवासी मनोज कुमार का पांच वर्षीय पुत्र शिवकुमार व अन्य बच्चे दोपहर के समय खेल रहे थे। खेल खेल में बच्चों ने शिवकुमार का पेर भैंस की पूंछ में बांध दिया। इस दौरान भैंस खूंटे से खुल गई और बच्चे को चारों ओर घसीटने लगी। बच्चे की चीखने की आवाज आई तो परिवार के लोगों ने भैंस को पकड़ कर बच्चे को छुड़ाया। उसे नगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आगरा रेफर कर दिया।

युवक ने जहर खाकर जान दी

हल्द्वानी : दिनेशपुर निवासी एक युवक ने विषैला पदार्थ गटक लिया। उपचार के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। कालूवर (22 वर्ष) निवासी खानपुर दिनेशपुर एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। उसने अज्ञात कारणों के चलते विषैला पदार्थ गटक लिया। परिजनों ने मंगलवार को उसे अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों कोसौंप दिया है।

पत्नी की हत्या कर पति बच्चों को लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 8 अप्रैल की रात हुआ था विवाद बुधवार को पुताई कराने मकान मालिक पहुंचे तो हुआ खुलासा

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र की नीलांचल कालोनी में पति ने बच्चों के सामने ही पत्नी की हत्या कर दी। तड़के दोनों बेटियों को लेकर भाग निकला। घटना का खुलासा बुधवार को तब हुआ, जब मकान मालिक कमरे की पुताई करवाने पहुंचा।

रुद्रपुर निवासी सौरभ पुत्र सोनू ने आठ साल पहले आस्था उर्फ अफसाना (24) से लव मैरिज की थी। दोनों मजदूरी करते थे। 29 फरवरी सौरभ ने नीलांचल कालोनी फेज पांच के शिवाजी कालोनी में गंगाराम मौर्य के यहां कमरा किराए पर लिया था। सौरभ ऊपरी मंजिल पर पत्नी व दो बेटियों अलीशा (5) और इबरा (3) के साथ रहता था। 8 अप्रैल की रात 12 बजे सौरभ व उसकी पत्नी में झगड़ा हुआ था। अगले दिन कमरे में बाहर से कुंडी देख लोगों ने सोचा कि वह कमरा छोड़कर चले गए हैं। मकान मालिक बुधवार को पुताई के लिए वहां पहुंचे तो घटना का पता चला और पुलिस को जानकारी दी। वहीं दूसरी पुलिस छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में पुलिस कई लोगों से पूछताछ भी कर रही है।

आचमन के लायक भी नहीं कोसी और गौला नदी का पानी

चिंता की बात : वैज्ञानिकों के शोध में हुआ खुलासा, मानवीय दखलअंदाजी नदियों में प्रदूषण का प्रमुख कारक

मृगांक मौली, पंतनगर

अमृत विचारः एक ओर जहां जलवायु परिवर्तन व मानसून की अनियमितता से उत्तराखंड की नदियां सूखने लगी हैं। वहीं पहाड़ों से नीचे उतरकर नदियां मानवीय हस्तक्षेप से दूषित हो रही हैं। इसका खुलासा उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा और उनकी टीम के शोध में हुआ है।

डॉ. मणिंद्र और उनकी टीम के सदस्य अनुज कुमार, श्रुति जोशी, तन्वी उपाध्याय व कविता जोशी ने अपने अध्ययन में तीन नदियों से जल के नमूने एकत्र किए। गगास (गगास, बग्वाली पोखर रोड़, अल्मोड़ा), कोसी (सुनोली मल्ली, अल्मोड़ा) व गौला नदी (बैराज काठगोदाम) के जल का परीक्षण किया और प्रदूषण के कारणों को जानने का प्रयास किया। परीक्षण में गगास नदी के जल की गुणवत्ता तुलनात्मक रूप से अन्य दोनों नदियों से उच्च श्रेणी की मिली।

कोसी नदी (सुनोली मल्ली, अल्मोड़ा) के जल में टोटल कोलीफार्म की उपस्थिति 25 सीएफयू/100 मिली. दर्ज की गई, जबकि फीकल कोलीफार्म अनुपस्थित मिला। वहीं गोला नदी (काठगोदाम बैराज) के जल में टोटल और फीकल कोलीफार्म दोनों उपस्थिति मिले, जो 53 सीएफयू/100 मिली. और 7 सीएफयू/100 मिली. थी।

कोसी व गौला नदी से जल नमूने संग्रह करते शोधार्थी।

क्या हैं कारण और निवारण

पंतनगर। डॉ. मणिंद्र ने बताया कि टोटल और फीकल कोलीफार्म संक्रमण का मुख्य कारण घरों, दुकानों और होटलों के अपशिष्टों, मल-मूत्र, सीवर, अनुचित खनन व अन्य प्रदूषण के कारकों के नदियों में जाने से होता है। भविष्य में नदियों को संक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रदूषण के कारकों व मानवीय अपशिष्टों को नदियों में जाने से रोकना होगा। तभी नदियों को संक्रमित होने से बचाया जा सकता है। प्रदूषित जल के सेवन से पूर्व उसका उचित ट्रीटमेंट किया जाना बेहद जरूरी है। अन्यथा पेट में ऐंठन, डायरिया, टायफाइड, पेचिश, आंव आदि जैसी घातक बीमारियों के होने की संभावना बढ़ जाती है।

यह रहे परिणाम

तीनों नदियों के जल का फिजिको-केमिकल पैरामीटर (गोला नदी का पीएच मान और टर्बिडिटी को छोड़कर) जैसे टीडीएस, क्षारीयता, कैल्शियम, कठोरता, मैग्नीशियम, कॉपर, क्रोमियम, फ्लोराइड, नाईट्रेट, आयरन, सल्फेट, जिंक, निकिल, अमोनिया व लेड जांच में बीआईएस मानकों के अनुरूप पाए गए हैं। गौला नदी के जल का पीएच मान सीमा (6.5-8.5) के अधिकतम स्तर (8.4) पर पाया गया। टर्बिडिटी (मैलापन) अनुज्ञेय परिसीमा से बहुत अधिक (17 एनटीयू) रिपोर्ट की गई। जबकि पेयजल के लिए बीआईएस में इसकी मात्रा 1-5 एनटीयू के बीच है।

भारत की सभी सीमाएं और प्रत्येक देशवासी है सुरक्षित : राजनाथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित है, जिससे देश में रहने वाला प्रत्येक भारतीय स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है। आज सैनिकों को गोली चलाने के लिए पूछने की आवश्यकता नहीं होती। वह स्थिति को देखकर मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार हैं। रक्षामंत्री यहां सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में देश की सीमा पर तैनात सैनिकों को दुश्मन पर गोली चलाने के लिए इजाजत लेनी पड़ती थी। जिससे सैनिकों का मनोबल कमजोर होता था। दुश्मन इसी का फायदा उठाता था। क्योंकि उसे मालूम था कि भारतीय सैनिक की कार्रवाई में काफी समय लगेगा। मगर अब ऐसा नहीं है। अब देश की सीमाएं हमारे सैनिकों की वजह से सुरक्षित हैं। भाजपा सरकार ने सैनिकों को पूरी छूट दे रखी है। इसलिए सैनिक आतंकवादियों का तेजी से सफाया करने में जुटे हैं। हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ा है। पड़ोसी देश से आने वाले आतंकवादी घबराने लगे हैं। भाजपा सरकार बनने के बाद देश में यह महत्वपूर्ण बदलाव आया है। आज पहले की तरह हमारे सैनिक आतंकवादियों की गोली का निशाना नहीं बनते, बल्कि आतंकवादियों को अपनी गोली का निशाना बनाते हैं। अपने सम्बोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि सपा व कांग्रेस मुस्लिमों के दिलों में नफरत फैलाने का कार्य कर रही है। क्योंकि भाजपा को मुस्लिमों का समर्थन मिलते देख विपक्ष बौखला उठा है।



- रक्षा मंत्री ने चंदौसी में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को किया संबोधित

तौकीर रजा को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

विधि संवाददाता, बरेली/दिल्ली

अमृत विचार : सेशन कोर्ट से बरेली में 2010 में हुए दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को बुधवार को ईद से एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। शीर्ष अदालत ने सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

करीब 14 साल बाद दंगे के केस में मौलाना तौकीर की मुश्किल पांच मार्च को तब बढ़ गई थी, जब फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने सीआरपीसी की धारा 319 की शक्ति का प्रयोग करते हुए उन्हें मुख्य आरोपी करार देकर अदालत में पेश होने का आदेश जारी कर दिया। मौलाना के हाजिर न होने पर 13 मार्च को गैरजमानती वारंट जारी कर दिया गया, जिसके विरुद्ध तौकीर हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने 19 मार्च को मौलाना को मामूली राहत देते हुए गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी और मौलाना को 27 मार्च तक ट्रायल कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दे दिया।

तौकीर इसके बाद भी कोर्ट मे हाजिर नहीं हुए। इस बीच दंगे का केस जिला जज की अदालत में ट्रांसफर हो गया। तौकीर के वकील ने उन्हें बीमार बताते हुए हाजिरीमाफी की अर्जी दी लेकिन कोर्ट ने अर्जी लेने से इन्कार कर दिया। एक अप्रैल को जिला जज विनोद कुमार ने तीसरी बार गैरजमानती वारंट जारी कर तौकीर को फरार घोषित कर दिया। इसके साथ तौकीर के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू हो गई। तौकीर की ओर से हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मे अर्जी दी गई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने बुधवार को हाईकोर्ट और सेशन कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड ऐश्वर्य पाठक, अशद अल्वी और राजेश त्यागी ने तौकीर का पक्ष रखा।

- ईद से एक दिन पहले सेशन और हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

यादव सिंह के आय से अधिक संपत्ति के मामले में फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(डी) और 13(2) तथा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमे का सामना कर रहे नोएडा प्राधिकरण के पूर्व इंजीनियर यादव सिंह के मामले में लंबी सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित कर लिया है।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। अभियुक्त पर आरोप है कि लोक सेवक के रूप में अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर नियमों और विनियमों का घोर उल्लंघन किया है। अभियुक्त के साथ विभाग के अन्य पदाधिकारी भी अपराध में शामिल थे। मालूम हो कि अभियुक्त ने वर्ष 2005 में क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की परियोजना के लिए सलाहकार के रूप में मेसर्स एसटीयूपी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को नियुक्त किया। हालांकि उक्त परियोजना में कंपनी और नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को आरोपी नहीं बनाया गया है और ना ही उनके खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान मामला कॉन्ट्रैक्ट बांड संख्या 133 से संबंधित है, जिसके लिए आरोपी के विरुद्ध 30 जुलाई 2015 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

सहकारी समिति के कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा पोषणीय

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सुनवाई के अधिकार को लेकर जिला न्यायाधीश से मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सहकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि सहकारी समिति के कर्मचारी और अधिकारी आईपीसी की धारा 21 के अनुसार लोक सेवक नहीं है, इसलिए उन पर आईपीसी की धारा 409 के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है, लेकिन वे धारा 406 के तहत विश्वास के उल्लंघन के लिए निश्चित रूप से दंड के पात्र हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने बृजपाल सिंह की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

हालांकि याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि समिति और उसके कर्मचारी या अधिकारी के बीच किसी भी विवाद को उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1965 की धारा 70 के तहत मध्यस्थता के माध्यम से हल किया जा सकता है। इसके अलावा याची की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि एसीजेएम, आगरा को सहकारी समिति के घोटाले के संबंध में अपराधों की सुनवाई करने का कोई अधिकार नहीं है। इस पर कोर्ट ने इस संबंध में जिला न्यायाधीश, एटा से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उक्त एसीजेएम, एटा में दूसरे सबसे वरिष्ठ एसीजेएम है, इसलिए उन्हें शासनादेश के अनुसार सहकारी समितियों में घोटाले से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई करने का अधिकार है। अंत में कोर्ट ने सभी तथ्यों की जांच कर निष्कर्ष निकाला कि आरोपी के खिलाफ चलने वाली संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को खारिज नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची पर उर्वरक स्टॉक में हेरा फेरी करने के गंभीर आरोप है।

नवरात्र में बदायूं से नामांकन करेंगे आदित्य : शिवपाल

बदायूं, एजेंसी

सपा राष्ट्रीय महासचिव और बदायूं लोकसभा सीट से पार्टी के घोषित उम्मीदवार शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि जनता की मांग पर उनके बेटे आदित्य यादव उनकी जगह यहां से सपा के उम्मीदवार होंगे।

सपा महासचिव ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की मांग पर आदित्य यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे और नवरात्र में ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, "मैं मतदान की अपील करने के लिए यहां आया हूं। पहले मुझे ही उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन युवाओं की मांग पर आदित्य चुनाव लड़ेंगे और वह नवरात्र में नामांकन दाखिल करेंगे।" बदायूं में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई को मतदान होना है, जिसके लिए 12 अप्रैल से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। नौ अप्रैल से शुरू हुए नवरात्रि 17 अप्रैल को समाप्त होंगे।

पीएमटी पास कर पीजीआई में लिया प्रवेश, वहीं बना साजिशकर्ता

- 2007 में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने पहुंचा था कोटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक कराने वाला मुख्य साजिशकर्ता रवि अत्री ने वर्ष 2006 में श्रीराम इंटर कॉलेज थोरा, जनपद गौतमबुद्धनगर से इंटर की परीक्षा पास की थी। वर्ष 2007 में एलन कोचिंग सेंटर, कोटा, राजस्थान में मेडिकल की तैयारी करने के लिए गया और वहीं पर परीक्षा माफियाओं के संपर्क में आया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बनकर बैठने लगा। वर्ष 2012 में हरियाणा पीएमटी की परीक्षा पास करने के बाद रवि का पीजीआई एमएस, रोहतक में एडमिशन हो गया। वर्ष 2018 में तृतीय वर्ष पास किया तथा चौथे वर्ष की परीक्षा नहीं दी।

14 वर्ष से लीक करा रहा पर्चा कई बार जा चुका जेल

रवि अत्री 2012 में नीट पीजी की परीक्षा का पेपर लीक मामले में दरियागंज क्राईम ब्रान्च दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2012 में ही एसबीआइ की परीक्षा का पेपर आउट कराने में थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली से जेल गया था। वर्ष 2015 में एआईपीएमटी का पेपर आउट कराने में थाना पीजीआईएमएस, रोहतक से अपने साथियों के साथ जेल गया था।

पेपर लीक कराने का पूरा घटनाक्रम

- जैसे ही आरओ/एआरओ एवं उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर की तिथि नजदीक आई तो रवि अत्री माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में ही अहमदाबाद में जाकर दशमेश होटल में रूककर रेकी करने लगा। अभिषेक शुक्ला ने टीसीआई कंपनी में नौकरी करने वाले शिवम गिरी व रोहित कुमार पाण्डेय को बोल रखा था कि जैसे ही कोई पेपर आये तो बता देना।
- पहली फरवरी 2024 को शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को कॉल करके बताया था कि शायद यूपी पुलिस का माल आया है। अभिषेक शुक्ला ने यह बात रवि अत्री को बतायी तो रवि अत्री ने उससे कहा कि शिवम गिरि से कहकर बॉक्स की फोटो मंगवा लो।
- तीन फरवरी 2024 को अभिषेक शुक्ला अहमदाबाद चला गया था और रवि अत्री भी दिल्ली से अहमदाबाद आ गया था।
- चार फरवरी 2024 को शिवम गिरि ने ट्रक बॉक्स की फोटो खींचकर अभिषेक शुक्ला को भेजी तब अभिषेक ने उस फोटो को रवि अत्री को भेजा था।
- रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला के सामने राजीव नयन मिश्रा, जो वर्तमान में भोपाल में रहता है, को कॉल करके सारी बातें बताई और बॉक्स की फोटो भेजी थी।
- इसके बाद रवि अत्री ने अभिषेक शुक्ला की बात राजीव नयन मिश्रा से कराई, तब राजीव नयन मिश्रा ने उससे कहा कि किसी भी तरह यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर निकलवाओ।
- रवि अत्री व राजीव नयन मिश्र ने अभिषेक से कहा था कि यह काम हो गया तो तुम्हें इतना पैसा मिलेगा कि जीवन में और कुछ करने की जरूरत नहीं होगी साथ मे सरकारी नौकरी भी लगवाने की बात कही थी।
- पांच फरवरी 2024 को राजीव नयन मिश्रा भोपाल से अहमदाबाद पहुंचा और राजीव नयन मिश्रा ने तीन लाख रुपए शिवम गिरि के खाते में डाले।
- इसी दिन को ही रवि अत्री ने पटना के रहने वाले डा0 शुभम मण्डल, जो बाक्स खोलने में एक्सपर्ट था, को कॉल करके सारी बाते बताई और उसको अहमदाबाद आने के लिये कहा था, जो पांच फरवरी को ही रात्रि में करीब 09 :30 बजे फ्लाईट से अहमदाबाद पहुंच गया था। रवि अत्री ने डा शुभम मण्डल के खाते में दो लाख रुपये भेजे तथा कहा कि काम होने पर काफी पैसे तुमको मिलेगा।
- अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री तथा राजीव नयन मिश्रा एयरपोर्ट से डा शुभम मण्डल को लेकर रात्रि में ही करीब 11 :30 बजे टीसीआई कम्पनी में पहुंचे जहां पर शिवम गिरि और रोहित कुमार पाण्डेय मौजूद थे।
- राजीव नयन मिश्रा ने डा शुभम मण्डल को अपना फोन दिया और शिवम गिरि के साथ जाकर पेपर का फोटो खीच लेने को कहा, जिस पर शिवम गिरि के साथ डा शुभम मण्डल और रोहित कुमार पाण्डेय टीसीआई कम्पनी के अन्दर गए और डा शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स को पीछे से खोलकर यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के दो कोड के पेपर निकालकर फोटो खींच ली।
- पेपर की फोटो खींचने के बाद अभिषेक शुक्ला, रवि अत्री, डा शुभम मण्डल एंव राजीव नयन मिश्रा दशमेश होटल चले गये थे तथा शिवम गिरि व रोहित कुमार पाण्डेय जो टीसीआइ कम्पनी के मेस में ही रुक गए थे।
- सात फरवरी को भी 01 कोड का प्रश्न-पत्र और आया, जिसकी जानकारी शिवम गिरि ने अभिषेक शुक्ला को दी, जिसे अभिषेक शुक्ला ने राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री को बताया था।
- आठ फरवरी 2024 को रवि अत्री ने फिर से डा शुभम मण्डल व राजीव नयन मिश्र को दोबारा अहमदाबाद बुलाया और राजीव नयन मिश्रा ने अपना मोबाईल फोन डा शुभम मण्डल को देकर कहा था कि शिवम गिरि के साथ जाकर उक्त परीक्षा के पेपर की फोटो खींच लो।
- शिवम गिरि के साथ डा शुभम मण्डल और रोहित पाण्डेय टीसीआई कम्पनी के अन्दर गये थे तथा डा शुभम मण्डल द्वारा ट्रंक बॉक्स पीछे से खोलकर यूपी पुलिस का एक कोड का पेपर निकालकर फोटो खींची थी।
- आठ फरवरी 2024 की सुबह डा शुभम मण्डल फ्लाईट से पटना चला गया था और राजीव नयन मिश्रा उपरोक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र के चौथे कोड के इंतजार में रूके थे, किन्तु चौथे कोड का प्रश्न पत्र नहीं निकल पाया था।
- राजीव नयन मिश्रा व रवि अत्री के साथियों ने उक्त यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 के प्रश्न-पत्र को विक्रम पहल, मोनू ढाकला, विक्रम दहिया, महेन्द्र शर्मा, गौरव चौधरी, मोनू पंडित, सतीश धनकड (नेचर वेली रिसोर्ट का मालिक), नीटू नि वाजिदपुर, जनपद बागपत, धीरज उर्फ गोल्डी (वालीबुड रेस्टोरेंट, सोनीपत, हरियाणा का मालिक), अमित सिंह, पुष्कर पाण्डेय, संजय कुशवाहा, कामेश्वर मौर्य, अजय जायसवाल, अजीत चौहान निवासी जौनपुर एंव सुभाष प्रकाश आदि को दिया था। उक्त भर्ती परीक्षा का पेपर नेचर वेली रिसोर्ट, मानेसर, हरियाणा एंव शिव महाशक्ति होटल एंव रिसोर्ट, रीवा, मध्यप्रदेश में अभ्यर्थियों को पढ़वाया गया था।

यहां से हुई प्रश्नपत्र लीक की शुरुआत

अंकित मिश्रा नामक व्यक्ति ने रवि अत्री को बताया था कि वह टीसीआई, गति, ब्लू डाट ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी लगवाता है। रवि को पता था कि इसी प्रकार की ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पेपर आता है और इसे इस प्रकार के व्यक्ति की आवश्यकता थी, तो इसने उससे दोस्ती कर ली। रवि अत्री ने अंकित मिश्रा से कहा कि ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा के पेपर आते-जाते हैं। अंकित को अपने व्यक्तियों से कोई भी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर आने की सूचना से अवगत कराने व इसकी एवज में काफी धन देने की बात कही। अंकित ने ही बताया था कि प्रतियोगी परीक्षा के पेपर सम्बन्धी कागजों पर कॉन्फिडेंशियल मटेरियल लिखा रहता है तथा बॉक्स पर भी स्टील की टेप व कॉन्फिडेंशियल की मोहर लगी रहती है। अंकित ने फोन पर रवि अत्री की बात टीसीआइ कम्पनी में काम करने वाले अभिषेक शुक्ला से कराई थी और यह अभिषेक शुक्ला से बातचीत करने लगा और उसे हर माह 20-30 हजार रुपये देने लगा तथा अब तक रवि अत्री दोनों को लगभग 10-15 लाख रुपये दे चुका है।

कांग्रेस का घोषणा पत्र देख हैरान हूं : धामी

काशीपुर, अमृत विचार : कुंडेश्वरी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित कर प्रत्याशी अजय भट्ट को रिकार्ड तोड़ मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश के विकास के लिए तपस्या कर रहे हैं। गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन ठगबंधन बन गया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से मैं खुद हैरान हूं।

बुधवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कुंडेश्वरी में रोड शो कर चुनाव प्रचार किया। जनसभा को संबोधित कर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 140 करोड़ लोगों के लिए तपस्या कर रहे हैं। 2047 तक देश की तस्वीर बदल जाएगी।

सम्पत्ति के विवाद में वकील की हत्या के दोषियों को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सम्पत्ति के विवाद को लेकर वर्ष 2015 में हुई थी हत्या

अमृत विचार : सम्पत्ति के विवाद को लेकर वकील की हत्या करने के आरोपी लखनऊ निवासी लईक अब्बास एवं बशीर अहमद को अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार ने उम्रकैद की सजा के साथ-साथ प्रत्येक पर 32-32 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन की ओर से सरकारी वकील अरुण कुमार पांडे ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट मृतक मिर्जा तकी की पुत्री शीना तकी द्वारा 11 अगस्त 2015 को चौक थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के दिन वह अपने पिता के साथ कार सीखने के लिए निकली थी तथा डालीगंज पुल के पास उसके पापा स्वयं कर चलने लगे।कहा गया है कि जैसे ही कार नाजिम साहब इमामबाड़ा के पास पहुंची तभी विक्टोरिया स्ट्रीट चौक के रहने वाले लईक अब्बास व उनके एक साथी जो पहले से घात लगाए खड़े थे। लाइक अब्बास ने उसके पिता मिर्जा तकी के सिर एवं सीने पर गोली मार दी।

अदालत को बताया गया इस दौरान नौकर मुन्ने जो कि गेट खोल रहा था वह दौड़ कर आया तथा लईक अब्बास को पकड़ने लगा।जिस पर पर लईक अब्बास ने मुन्ने को भी गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान लईक अब्बास ने कई राउंड फायर किया। यह भी बताया गया कि मौके पर ही लईक अब्बास को रिवॉल्वर सहित पकड़ लिया गया तथा पुलिस के हवाले कर दिया गया जबकि दूसरा व्यक्ति भाग गया। घायल मिर्जा तकी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नशा देकर किशोरी से किया विवाह, फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अपराध

- पीड़िता की मां ने एसएसपी कार्यालय में दिया शिकायती पत्र
- ऊधम सिंह नगर के लोग किशोरी को उठाकर ले गए

अमृत विचार : भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बेटी के अपहरण का आरोप किच्छा निवासी पांच लोगों पर लगाया है। महिला के अनुसार उसकी नाबालिग बेटी से आरोपी ने जबरन विवाह कर लिया है।

पीड़िता ने बताया कि चार अप्रैल को वह बड़ी बेटी के साथ कचहरी आई थी। इसी दौरान दोपहर तीन बजे उत्तराखंड के जिला ऊधमसिंह नगर के गांव मलसी निवासी पांच लोग आए और उनकी नाबालिग बेटी को नशीला पदार्थ दे दिया। इसके बाद आरोपी उसे उठा ले गए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने एक फोटो फेसबुक पर शेयर किया है, जिसमें बेटी के साथ शादी के जोड़े में है। आरोप है कि दबंगों ने बेटी को डरा धमकाकर जबरन विवाह कर लिया है। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश भोजीपुरा पुलिस को दिए हैं।

प्रेम प्रसंग में हुई बच्ची की हत्या, प्रेमिका गिरफ्तार

संवाददाता, बिलासपुर (रामपुर)

- प्रेमिका ने स्वीकारा कि प्रेमी की पत्नी से नफरत के चलते बच्ची को गला दबाकर मारा था

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में दो दिन पहले हुई बच्ची की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बच्ची के पिता की प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती ने अपने शादीशुदा प्रेमी की पत्नी से नफरत के चलते बच्ची का गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की। बच्ची का शव घर के पीछे मिला था। वहां जंगली जानवर उसके पैर नोचकर खा गए थे।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार को बच्ची का शव मिला था। दानिश ने रविवार रात अपनी तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जो सगीर की दुकान पर गई थी। परिजनों ने दुकानदार के परिवार पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने दुकानदार की पत्नी सहित पांच लोगों से पूछताछ की तो दुकानदार की 19 वर्षीय बेटी फराह नाज ने पुलिस को बताया कि बच्ची के पिता दानिश से उसका प्रेम-प्रसंग था।

चुनावी गतिविधियां

- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ पर दिया जोर :** बूथों की संख्या बढ़ाने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गठबंधन उम्मीदवार के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया और लोगों से गठबंधन उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया। जिला कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच जाकर उनके दुख-दर्द को बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से परेशान है और सत्ता परिवर्तन चाह रहीं हैं। आटा, दाल से लेकर रोजमर्रा की वस्तुएं मंहगी होती जा रहीं है। जनता अबकी बार भाजपा को मुहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बूथों पर बढ़ाई जा रही है जिससे लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और किसी भी मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहें। उन्होंने आगे कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों को जान गई है। सरकार किसान और बेरोजगार विरोधी है। सेवानिवृत्त व्यक्ति का पेंशन एक सहारा होता है जो कई राज्यों में लागू भी है लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार पेशनरों की समस्या को अनदेखा कर रहीं है। जबकि कई बार पेंशनर प्रदेश से लेकर दिल्ली के जंतर-मतर पर धरना दे चुके है। अब जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है।

पहले चरण में कुल 80 उम्मीदवार, महिलाएं मात्र सात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उप्र. के आठ निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले सभी 80 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का यह विश्लेषण बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर से चुनाव लड रहे उम्मीदवारों पर हैं। इन सीटों पर केवल सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

उम्मीदवारों की उम्र को देखें तो 80 में से 23 (28.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 40 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 47 (58.75 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच घोषित की है। मात्र 10 (12.50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी उम्र 61 से 80 वर्ष के बीच घोषित की है। इसी प्रकार 80 में से 30 (38 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5वीं और 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 41 (51 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा घोषित की है।

एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता डिप्लोमाधारक, एक उम्मीदवार ने अपनी शैक्षिक योग्यता असाक्षर घोषित जबकि सात उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता साक्षर और घोषित की है।

लोकतंत्र के महापर्व में नाव का लेते सहारा

मतदान केंद्र पहुंचने के लिए जंगल और नदी पार करते हैं मतदाता

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार: जिले के मतदान केंद्र भरथापुर में मतदान करना किसी युद्ध के जीतने से कम नहीं हैं। इस मतदान केंद्र पर दो नदियों को पार कर मतदाता नाव से मतदान के लिए जाते हैं। कुछ तो जान का हवाला देकर मतदान करने के लिए ही नहीं जाते हैं। जिसके चलते यहां मत प्रतिशत भी नहीं बढ़ रहा है।

जनपद के मोतीपुर तहसील का मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में स्थित है। इस मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिए मतदान कर्मियों के साथ मतदाताओं को नाव का सहारा लेना पड़ता है। इसका मुख्य कारण राजस्व ग्राम भरथापुर जंगल के अंदर बसा हुआ है। इस गांव के पूरब में गेरुआ नदी और पश्चिम में नेपाल से आने वाली कौड़ियाला नदी है। गांव में ही पोलिंग केंद्र बना है। यहां मतदान कर्मियों को नाव के द्वारा ड्यूटी के लिए जाना पड़ता है। भवानीपुर, बिछिया और तेला गौढ़ी, आंबा ग्राम के मतदाताओं को ऐसे में जंगल और दो नदियों के बीच में बसे इस गांव में जाकर मतदान करना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि बिछिया के लोग पांच किलोमीटर तो दूसरे मजरे के 10 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान के लिए जाते हैं। नदी होने के चलते इस गांव में नाव के द्वारा ही जाना पड़ता है।

भरथापुर गांव को नाव से जाते लोग। अमृत विचार

खतरे के चलते नहीं जाते मतदाता

मतदान केंद्र भरथापुर को जंगल और नदी के बीच से जाना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने जीवन का भी भय सताने लगता है। इसको देखते हुए लोग यहां कम ही मतदान के लिए जाते हैं। जिसके चलते 20 से 25 प्रतिशत मतदान ही इस केंद्र पर हो पाता है। यह प्रतिशत जिले में सबसे कम है।

जंगल के बाहर केंद्र बनाने की उठ रही मांग

भरथापुर गांव मतदान जाने के लिए नाव का ही एकमात्र सहारा है। ऐसे में हादसे और वन्य जीवों के हमले को देखते हुए यहां के मतदान केंद्र को गिरिजापुरी और बिछिया में स्थापित करने की मांग की गई है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन जंगल के बाहर मतदान केंद्र बनवाना चाहिए। यह हम सभी की मांग की है।

जंग हिंदुस्तानी सामाजिक कार्यकर्ता

मशक्कत

- मतदान करने के लिए10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है
- मतदान केंद्र भारथापुर जंगल के बीच में है स्थित

एक मंच पर दिखेंगे राजा भैया और अखिलेश

राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की सुगबुगाहट

आरपी सिंह प्रतापगढ़

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। लेकिन सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद जारी है। कौशाम्बी सीट से भाजपा प्रत्याशी के घोषणा के बाद सुगबुगाहट है कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सपा समर्थन दे सकती है। जल्द ही इसकी घोषणा भी हो जाएगी।

कौशाम्बी सीट से भाजपा और राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के समझौते की चर्चा थी। बुधवार को कौशाम्बी सीट से भाजपा ने सांसद विनोद सोनकर को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की। इसके बाद एक नई सुगबुगाहट शुरू हो गई कि राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक और समाजवादी पार्टी एक हो सकती हैं।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक गठबंधन से ही कौशाम्बी सीट से चुनाव में ताल ठोंक सकती है। इसकी पूरी कार्य योजना भी बन गई है।

सूत्रों की माने तो प्रत्याशी उतारने के बारे में मंथन चल रहा है, जल्द ही ऐलान हो जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर ऐसा हुआ तो कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फूलपुर समेत प्रदेश की कई सीटों पर इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिलेगा।

2018 में गठित जनसत्ता दल के हैं एक एमएलसी व दो विधायक

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का गठन 30 नवंबर 2018 को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार पार्टी ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था। प्रतापगढ़ लोकसभा से पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी और कौशांबी लोकसभा सीट से पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार को प्रत्याशी बनाया। जिसमें अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी चौथे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे। हालांकि अक्षय प्रताप भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देकर एमएलसी निर्वाचित हुए। इसके बाद जब 2022 के विधानसभा चुनाव हुए तो पार्टी ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी समेत अन्य जनपद की सीटों से अपने दावेदारी ठोंकी। कुंडा और बाबागंज में पुन: रिकॉर्ड बना। रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया यहां से सातवीं और विनोद सरोज चौथी बार विधायक बने।

राज्यसभा के चुनाव से बदली हवा

- बीते दिनों राज्यसभा सदस्य के लिए हुए चुनाव में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। इसके बाद से सियासी गलियारों में गठबंधन की चर्चा बढ़ गई थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटें प्रतापगढ़ और कौशाम्बी पर पिछली बार जीते उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है।

तीन बार सांसद निर्वाचित हुए शैलेंद्र

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार राजा भैया के साथ लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। वह कौशांबी संसदीय सीट से तीन बार सांसद चुने गए हैं, जबकि दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर हैं। शैलेंद्र कुमार पहली बार 1998 में 12 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए।वर्ष 2004 में दूसरी बार 14 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए। 2009 में 15 वीं लोकसभा के लिए तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद 2014 में भाजपा से विनोद सोनकर सांसद बने। वर्ष 2019 में वह दोबारा लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बने।

- सियासत का ऊंट किस करवट बैठेगा अभी इसकी जद्दोजहद
- भाजपा और राजा भैया की पार्टी की समझौते की थी चर्चा

> हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को उतारेगी। पार्टी कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका निर्णय संगठन करेगा। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार हैं। कार्ययोजना बनाई जा रही है,जल्द ही घोषणा की जाएगी।
>
> **-विनोद सरोज,** विधायक, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक

आईना : बहराइच लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	सवित्री बाई फुले	4,32,392
सपा	शब्बीर अहमद	3,36,747
बसपा	डॉ.विजय कुमार	96,904
कांग्रेस	कमल किशोर	24,421

बहराइच के क्षेत्र

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	रफी अहमद किदवई	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	जोगेंद्र सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	कुँवर राम सिंह	स्वतंत्र पार्टी
1967	केके नायर	भारतीय जनसंघ
1971	बदलू राम शुक्ला	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	ओम प्रकाश त्यागी	जनता पार्टी
1980	सैयद मुजफ्फर हुसैन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	आरिफ मोहम्मद खान	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	आरिफ मोहम्मद खान	जनता दल
1991	रूद्रसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
1996	पदमसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
1998	आरिफ मोहम्मद खान	बहुजन समाज पार्टी
1999	पदमसेन चौधरी	भारतीय जनता पार्टी
2004	बाब सईदा	समाजवादी पार्टी
2009	कमल किशोर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	सवित्री बाई फुले	भारतीय जनता पार्टी
2019	अक्षयबर लाल	भारतीय जनता पार्टी

2019 नोटा 13,189

2014 नोटा 13,498

2009 चुनाव के आंकड़े



पहले रैली बाद में चुनाव पाठशाला से देंगे संदेश

अमृत विचार : जिले में ग्रामीण इलाकों में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए हर शनिवार को चुनाव पाठशाला लगेगी। इसकी शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। पंचायती राज विभाग ने तैयारी कर ली है।जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्हें मतदान करने के अधिकार बताएंगे। जिनके सूची में नाम नहीं इसकी जानकारी इस आयोजन से होगी और नाम दर्ज कराएंगे। पाठशाला मतदेय स्थलों पर लगेगी। जो 909 प्राथमिक विद्यालय, 151 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 52 पंचायत भवन, पांच सामुदायिक केंद्र व सात आंगनबाड़ी केंद्र बनाए गए हैं। मतदेय स्थल से सबसे पहले सुबह 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैली निकलेगी। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 12 :50 तक पाठशाला लगेगी।

निवासी बाराबंकी के, चुनते हैं अयोध्या का सांसद

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र

चार लाख से अधिक मतदाता निभाते हैं अहम रोल

काशीनाथ दीक्षित दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार: जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता अपना सांसद रामनगरी अयोध्या का चुनते हैं।

अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में आने वाला दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र सांसद चुनने में एक अहम भूमिका अदा करता है। सभी दलों की निगाहें इस क्षेत्र के वोटरों पर रहती हैं, क्योंकि इस विधानसभा क्षेत्र में 4,17,751 मतदाता अयोध्या का सांसद चुनने में अहम भूमिका निभाता हैं। यही वजह है कि भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा प्रत्याशियों की रैलियों के साथ इस विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेजी से चलता है। इस बार भी चार लाख से अधिक वोटर अयोध्या के सांसद का चुनाव करेंगे।

यह सीट एक मामले में और भी सुर्खियों में है, क्योंकि इस सीट से जहां लगातार दूसरी बार भाजपा के सतीश चंद्र शर्मा विधायक हैं वहीं योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री भी हैं। पिछले दो बार से अयोध्या लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद लल्लू सिंह की तरफ यहां के आधे से ज्यादा वोटरों का रुझान रहा है।

आंकड़ों पर एक नजर

लोकसभा क्षेत्र 54, अयोध्या
वि.स. क्षेत्र दरियाबाद, बाराबंकी

मतदान केंद्र	295
मतदेय स्थल	458
जोन	03
सेक्टर	31
मतदान तिथि	20 मई



कांग्रेस के घोषणा पत्र को घर- घर ले जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता शहरों व गावों में लोगों के घर-घर जाएंगे और उन्हें पार्टी का घोषणा पत्र देकर उन्हें पार्टी पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से इस सिलसिले में जिला व शहर अध्यक्षों को निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश के पांच करोड़ से ज्यादा लोगों तक पार्टी का घोषणा पत्र पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को चुनाव अभियान का आधार स्तंभ बनाने में जुटी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी नेता प्रियंका गांधी के पत्र को घर-घर पहुंचाने का अभियान चलाया था। इसी तर्ज पर इस बार भी चुनाव अभियान को चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा गया है। विधानसभा चुनाव में भले ही पार्टी लोगों को अपने पक्ष में न कर पाई हो, पर इस बार घोषणा पत्र में दी गई बातों को ज्यादा प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने में की तैयारी है, ताकि मतदाता पार्टी के पक्ष में आ सकें। कांग्रेस का अभियान इंडिया गठबंधन में मिली 17 सीटों के साथ ही बाकी सीटों पर भी चलेगा। इसके लिए गठबंधन में शामिल सपा नेताओं-कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर अभियान को चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

गोंडा : सियासत में विरासत की दखल

शिव अंकम ओझा, गोंडा

अमृत विचार : इस बार का गोंडा संसदीय सीट का सियासी सफर विरासत संभालने के दांव से शुरू हो रहा है। आजादी के बाद से मनकापुर राजघराने की आम चुनाव में दखल रहा। संसदीय चुनावों में राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक कायम रही। 1977 में कांग्रेसी विरोधी लहर को छोड़ दें तो वह 1971 से 1989 तक सांसद रहे। उनकी विरासत 1996 में बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने संभाली, उस साल तो हार गए लेकिन 1998 के चुनाव में जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने तीन चुनावों में बाजी मारी और वर्तमान में भी भाजपा से मैदान में हैं। वह राजघराने की विरासत को आगे बढ़ा रहें हैं, जिससे सियासत में विरासत की दखल कायम रख सकें।

यह तो बात राजघराने की हुई, जो कई दलों का साथ लेते हुए साल 2014 से भाजपा की झोली में आ चुका है। इसी कड़ी में गोंडा के सियासी समर में साल 2009 में संसदीय सीट की नुमाइंदगी कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी बाबा की सियासी विरासत को संभालने को आगे आईं हैं। सपा के कद्दावर नेताओं में शुमार रहे बेनी प्रसाद वर्मा ने 2009 में पार्टी से रूठ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था और गोंडा से संसद पहुंचे थे। कांग्रेस ने भी बेनी बाबू के कद को देखते हुए केंद्रीय इस्पात मंत्री बनाया था। यही नहीं 2014 में उन्हें फिर गोंडा से टिकट दिया, यह अलग बात रही कि बेनी प्रसाद वर्मा मोदी लहर में पार्टी की नैय्या को पार नहीं लगा सके। उसके बाद उन्होंने फिर सपा में वापसी कर ली थी। अब सपा ने अपने पार्टी के संस्थापक सदस्यों में शामिल बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार पर एक बार फिर भरोसा जताया है।

गोंडा से बाबा की विरासत को कायम करने की जिम्मेदारी पौत्री को सौंपी है। उनके पिता राकेश वर्मा भी अपने पिता के संसदीय सीट पर परिवार की वापसी के लिए बेटी के साथ खड़े हैं। संयोग ही है कि सपा के साथ ही कांग्रेस का साथ भी पौत्री को मिल रहा है।

इस तरह दोनों दलों के नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा के परिवार को टिकट मिलने से दोनों दलों में उत्साह है। फिलहाल अभी बसपा ने टिकट तय नहीं किया, उस पर दोनों दलों की निगाहें टिकी हैं।

राजा आनंद सिंह की बादशाहत 18 सालों तक रही कायम

कुंवर आनंद सिंह | कीर्तिवर्धन सिंह | श्रेया वर्मा | बेनी प्रसाद वर्मा

- राजघराने की विरासत का कारवां आगे बढ़ा रहे कीर्तिवर्धन
- तो बाबा की विरासत संभालने की सपा ने पौत्री को सौंपी कमान



बसपा के दांव से तय होगी सियासी दिशा

सपा व भाजपा के टिकट तय होने के बाद बसपा की चुप्पी पर सियासतदान निगाहें टिकाए हैं। माना जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने में बसपा का दांव काफी अहमियत रखेगा। प्रत्याशी तय होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि वह किस दल को चोट देगा और किस दल के लिए संजीवनी बनेगा या फिर वह दोनों दलों के बीच अपना रास्ता निकाल सकेगा। अभी बसपा जिले की स्थितियों और समीकरणों की समीक्षा कर रही है। प्रत्याशी का इंतजार दोनों दलों के साथ ही आम लोग भी बेसब्री से कर रहे हैं।

दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

मेरठ

भाजपा	अरुण गोविल
सपा	सुनीता वर्मा
बसपा	देववृत त्यागी

बागपत

सपा	मनोज चौधरी
रालोद	राजकुमार सांगवान
बसपा	प्रवीण बैसला

गाजियाबाद

भाजपा	अतुल गर्ग
कांग्रेस	डॉली शर्मा

गौतमबुद्ध नगर

भाजपा	डॉ. महेश शर्मा
सपा	डॉ. महेंद्र सिंह नागर
बसपा	राजेंद्र सिंह सोलंकी

मथुरा

भाजपा	हेमा मालिनी
कांग्रेस	मुकेश धनगर
बसपा	सुरेश सिंह

अलीगढ़

भाजपा	सतीश कुमार गौतम
सपा	चौधरी बिजेंद्र सिंह
बसपा	हितेंद्र कुमार बंटी

बुलंदशहर

भाजपा	डॉ. भोला सिंह
कांग्रेस	शिवराम वाल्मीकि
बसपा	गिरीश चंद

अमरोहा

कांग्रेस	कुंवर दानिश अली
भाजपा	कंवर सिंह तंवर
बसपा	मुजाहिद हुसैन

अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष

अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत

- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।



पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

खजुराहो संसदीय क्षेत्र

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

जीत को भरी हुंकार बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

भोपाल। बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

सियासत | मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुईं सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

बसपा प्रमुख मायावती।

नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	75,038.15	22,753.80
चढ़ा	354.45	111.05
प्रतिशत में	0.47	0.49

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (प्रति 15)	1475-1900
तेल अलसी	2600-2700
तेल तिल्ली	2600-2700
मूँगफली रिफाइन्ड	3400-3500
तेल नारियल	2700-2800
तेल सोयाबीन	1650-1700
बावर्ची	1900
रथ	1950
चीनी (एम 30)	4250

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	82300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,650
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,300
चांदी (999)	81,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	800 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,900
चांदी आभूषण	80,800

बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर बढ़ती रूचि से हो रहा लाभ

संरा की रिपोर्ट में वित्तपोषण 4,200 अरब डॉलर तक जाने की बात

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ रही है और इससे देश को फायदा हो रहा है। ये कंपनियां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र की सतत विकास वित्तपोषण रिपोर्ट 2024 विकास के लिए वित्तपोषण एक चौराहे पर (एफएसडीआर 2024)' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए जरूरी

वित्तपोषण अंतर को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि जुटाने को लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तपोषण का यह अंतर अब सालाना 4,200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कोविड-19 महामारी से पहले यह 2,500 अरब डॉलर था। इस बीच, वैश्विक स्तर पर बढ़ते राजनीतिक तनाव, जलवायु आपदाओं और जीवनयापन के स्तर पर वैश्विक संकट ने अरबों लोगों को प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विकास लक्ष्यों के मामले में प्रगति प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर निवेश नरम रहने की संभावना है। इसमें कहा गया है, इसके उलट, दक्षिण एशिया, विशेष रूप से भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। भारत को लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती रुचि से देश को लाभ हो रहा है। ये कंपनियां इसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति व्यवस्था को विविध रूप देने की रणनीतियों के संदर्भ में एक वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देख रही हैं।

एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

मुंबई। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

नई दिल्ली। हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

नई दिल्ली/लंदन। भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अंग्रेजी भाषा के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में ईडी और कर अधिकारियों द्वारा तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया है।



एक नजर

धनखड़ ने 10 नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को दिलाई शपथ

नई दिल्ली। भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद के उच्च सदन के 10 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। जिन लोगों को शपथ दिलाई गई उनमें मयंकभाई जयदेवभाई नायक, नारायणसा के. भंडागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपछड़े, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजी लाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल हैं। इन सदस्यों को नये संसद भवन में शपथ दिलाई गई।

मेवात दोहरा हत्याकांड और सामूहिक दुष्कर्म मामले में चार दोषी करार

नई दिल्ली। हरियाणा के पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने राज्य के मेवात क्षेत्र के नूंह जिले में 2016 में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बुधवार को गिरोह के चार सदस्यों को दोषी करार दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अदालत ने हेमंत चौहान, अयान चौहान, विनय और जय भगवान को दोषी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी कुख्यात अपराधी हैं और उनके खिलाफ जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं। अदालत ने कहा कि मामले में सजा 15 अप्रैल को सुनाई जाएगी। सीबीआई के मुताबिक आरोपी 24-25 अगस्त 2016 की दरमियानी रात पीड़ित के घर में लाठी, डंडों और पिस्तौल जैसे हथियारों के साथ दाखिल हुए। अपराधियों ने घर में मौजूद महिला और नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और गहने तथा नकदी लूटकर फरार हो गए।

नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भ्री 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

मलाप्पुरम (केरल)। केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी। एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्धार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार पर अब तक करीब 50 लाख खर्च किए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन होगा।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया।

उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का

तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करें शरणार्थी : शाह

बालुरघाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) पर गुमराह करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों की मदद करने का आरोप लगाया और इस बात पर जोर दिया कि शरणार्थियों को बिना किसी शंका के बेधड़क नागरिकता के लिए आवेदन करना चाहिए।

बालुरघाट में एक चुनावी रैली में शाह ने भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश और एनआईए अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा ममता दीदी सीएए के बारे में लोगों को गुमराह कर रही हैं। मैं शरणार्थियों से अनुरोध करता हूं कि वे डरें नहीं, कृपया नागरिकता के लिए आवेदन करें, कोई समस्या नहीं होगी।

माकपा के पास 80 अघोषित बैंक खाते और 100 अचल संपत्तियां

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी।

शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

ईटानगर, एजेंसी

- अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव

अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

केजरीवाल के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन, सचदेवा घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- पानी की तेज धार लगने से गिरे भाजपा के दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र, कंधे में लगी चोट सांस लेने में दिक्कत

आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के निकट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा की गई पानी की बौछार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए। दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भाजपा उनके इस्तीफे की मांग कर रही है।

पार्टी नेताओं ने बताया कि सचदेवा को कंधे पर चोट लगने और सांस लेने में दिक्कत

दिल्ली में भाजपा कार्यकताओं को रोकने के लिए की गई पानी की बौछार। ● एजेंसी

की शिकायत के बाद राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आप ने कहा कि अगर भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष के साथ किसी प्रकार की कोई क्रूरता हुई है तो यह बेहद निंदनीय है लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि न केवल दिल्ली के नागरिकों का बल्कि पुलिस का भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर से पूरा भरोसा उठ गया है। इससे पहले, आप मुख्यालय की ओर मार्च से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

खेल डायरी

सिंधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

निंगबो। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

मुंबई। भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

गुकेश को नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाशिच 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाशिच के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

नयी दिल्ली। सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

चांगशा (चीन)। भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

लंदन। फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग शृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

मोनाको। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

मोंटे कार्लो। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

मुंबई, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09
अर्शदीप सिंह (पंजाब)	05	08

रोमांचक मुकाबले में गुजरात की जीत

राजस्थान को तीन विकेट से हराया, संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई

शुभमन गिल

जयपुर, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक के बाद राशिद खान और राहुल तेवतिया की ताबड़तोड़ पारियों से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को बेहद रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर राजस्थान रॉयल्स को तीन विकेट से हराकर उसके लगातार चार जीत के क्रम को तोड़ दिया।

राजस्थान रॉयल्स के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम ने राशिद नाबाद 24 और तेवतिया 21 रन के बीच 36 रन की साझेदारी से 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान शुभमन गिल (72) और साई सुदर्शन (35) ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राजस्थान रॉयल्स के लिए कुलदीप सेन तीन विकेट और युजवेंद्र चहल दो विकेट चटकाए। रियान पराग 76 रन और कप्तान संजू सैमसन नाबाद 68 रन ने इससे पहले अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 78 गेंद में 130 रन की साझेदारी की, जिससे राजस्थान रॉयल्स ने तीन विकेट पर 196 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस को गिल और सुदर्शन की जोड़ी ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 44 रन जोड़े। तेज गेंदबाज सेन ने सुदर्शन को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बारिश के कारण कुछ मिनटों के लिए खेल रुका और ब्रेक के बाद सेन की पहली ही गेंद को मैथ्यू वेड (04) विकेटों पर खेल गए। सेन ने दो गेंद बाद अभिनव मनोहर (01) को भी बोल्ड किया। विजय शंकर (16) चहल की गेंद पर बोल्ड हो गए। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 73 रन की दरकार थी। आवेश ने 18वें ओवर में शाहरूख (14) को पगबाधा किया। टाइटंस को अंतिम दो ओवर 35 रन की जरूरत थी। राशिद ने अंतिम ओवर में तेवतिया के रन आउट होने के बावजूद आवेश पर तीन चौके जड़कर टाइटंस को जीत दिला दी। इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर रॉयल्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने विरोधी बल्लेबाजों को शुरुआत में खुलकर नहीं खेलने दिया।

राशिद खान — राहुल तेवतिया

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
लखनऊ	4	3	1	6	+0.775
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
मुंबई	4	1	3	2	-0.704
बेंगलुरु	5	1	4	2	-0.843
दिल्ली	5	1	4	2	-1.370

राजस्थान 196/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का वेड बो उमेश	24	19	5/0
जोस बटलर का तेवतिया बो राशिद	08	10	0/0
संजू सैमसन नाबाद	68	38	7/2
रियान पराग का शंकर बो मोहित	76	48	3/5
शिमरोन हेटमायर नाबाद	13	05	1/1

गेंदबाजी : उमेश यादव 4-0-47-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-37-0, राशिद खान 4-0-18-1, नूर अहमद 4-0-43-0, मोहित शर्मा 4-0-51-1

गुजरात 199/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन पगबधा बो सेन	35	29	3/1
शुभमन गिल स्टं सैमसन बो चहल	72	44	6/2
मैथ्यू वेड बो सेन	04	06	0/0
अभिनव मनोहर बो सेन	01	02	0/0
विजय शंकर बो चहल	16	10	3/0
राहुल तेवतिया रन आउट	22	11	3/0
शाहरूख खान पगबाधा बो आवेश	14	08	1/1
राशिद खान नाबाद	24	11	4/0
नूर अहमद नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 2-0-8-0, आवेश 4-0-48-1, महाराज 2-0-16-0, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-43-2, सेन 4-0-41-3

आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय : रीस टॉप्ली

मुंबई। तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है।

डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों का अस्थाई निलंबन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं। इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

बिश्केक। भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को सिनेमाघरों में



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।

28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं।

मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी'' ''कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।

यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।

● भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

पीएम मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को दी ईद की बधाई

माले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सरकार और देशवासियों को ईद-उल-फितर की बधाई दी। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच पुराने समय से चले आ रहे सांस्कृतिक व सभ्यतागत संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा-हम पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मना रहे हैं, ऐसे में दुनिया भर के लोग करुणा, भाईचारे और एकजुटता के उन मूल्यों को याद कर रहे हैं, जो एक शांतिपूर्ण व समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, सरकार और मालदीव गणराज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

● चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व

कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं।

एक नजर

रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल (4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

गाजा युद्ध गलत तरीके से लड़ रहे नेतन्याहूः राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा युद्ध गलत तरीके से लड़ रहे हैं। इससे कई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार गाजा में राहत सामग्री भेजेगी और युद्धविराम के लिए इजराइल पर दबाव बनाएगी। बाइडन के इस रुख से दशकों के निकट सहयोगी दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा होने की स्थिति बन गई है। इजराइल को ताकत देने के लिए दो विमानवाहक युद्धपोत भी भूमध्य सागर में भेजे थे लेकिन गाजा में इजरायली हमलों में आमजनों के मरने के सिलसिले और खाद्य सामग्री की आपूर्ति रोके जाने से अमेरिका को बेचैनी होने लगी।

नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

नई दिल्ली। नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंचीः जैक सुलिवन

अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में और मजबूत हुए दोनों देशों के संबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया

सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

अल अक्सा मस्जिद

जेरूसलम : नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। ऐसा इसलिए हुआ है कि, बीते 6 माह से इजराइल गाजा में बमबारी कर रहा है। गाजा में अब तक लगभग 32 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। ● एजेंसी

ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उतरे चार लाख भिखारी

इस्लामाबाद। रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर डाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है। इमरान याकूब के अनुसार पारंपरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी। अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

● डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही। चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्णतरीकों से भिन्न होते हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि, विश्व में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ रही है।

विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत

दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

नई दिल्ली। भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

धर्मांतरण कराकर की नाबालिग से शादी, फिर जा पहुंचा कोर्ट

इस्लामाबाद, एजेंसी

● 11 वर्षीया लड़की से लालच देकर कराए शादी के प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर, तीन पर मामला दर्ज

पाकिस्तान के शेखुपूरा जिले में तीन लोगों पर 11 वर्षीय लड़की को जबरन इस्लाम में परिवर्तित करके शादी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के मंत्री रमेश सिंह अरोरा ने इस घटना की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

फेरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि 27 मार्च को पुलिस थाने से उनके घर कुछ पुलिसवाले आए और उसे अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए। अगले दिन वह अपनी बेटी और रिश्तेदारों के साथ अदालत पहुंचा तो पता चला कि उसके पड़ोसी इमरान सरफराज ने उसके खिलाफ शिकायत की है। मसीह ने बताया कि सरफराज ने 10 अक्टूबर 2023 का शादी का प्रमाणपत्र भी था। जिसका उसको पता ही नहीं था। सरफराज ने बेटी की शादी सार्वजनिक तौर पर कराने के लिए मसीह पर दबाव बनाया। इसके बाद मसीह ने अपनी बेटी का जन्म प्रमाणपत्र दिखाया जिसमें उसकी उम्र सिर्फ 11 साल थी।

अदालत ने सच सामने आने के बाद सरफराज की याचिका खारिज करते हुए पुलिस से उस पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मसीह की बेटी ने बताया कि अरोपी उसका पड़ोसी था, पड़ोसी ने लालच देकर शादी के दस्तावेज पर साइन करवाए थे। उसने बताया कि उसे नहीं पता था कि वह कागज शादी के प्रमाणपत्र हैं। कोर्ट ने सरफराज की याचिका खारिज कर दी और आरोपी उसकी मां और शादी के सभी गवाह पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

श्रीलंका को रक्षा उपकरण देने पर समझौता करेगा भारत

कोलंबो। भारत-श्रीलंका रक्षा सेमिनार को संबोधित करते हुए श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तरह, भारत और श्रीलंका सुरक्षा और रक्षा मामलों पर निकट सहयोग कर रहे हैं। भारत ने बुधवार को कहा कि वह श्रीलंका का सबसे पक्का दोस्त और भरोसेमंद भागीदार है और हमेशा रहेगा। भारत ने श्रीलंका जैसे करीबी दोस्त देशों को आधुनिक रक्षा उपकरण देने की इच्छा जाहिर की है।

संतोष झा ने कहा कि हमारे भौगोलिक स्थिति के कारण हमारी सुरक्षा आपस में जुड़ी हुई हैं। जब हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो हमें यह याद रखना चाहिए कि पारंपरिक रूप से इससे जुड़े अर्थों की तुलना में इसने व्यापक अर्थ ले लिया है। रूस-यूक्रेन युद्ध में ऊर्जा, स्वास्थ्य, भोजन और आर्थिक सुरक्षा भी शामिल हो गई है।

विज्ञान स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।



खोजा गया नया ग्रह।

सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विस्वास करना जल्दबाजी होगी।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।